

आप के वरिष्ठ नेता एवं राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

वर्षः 13 अंकः 103 पृष्ठः 12

RNI : HPHIN/2012/48072

actionindiauna@gmail.com | हिमाचल संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group

## आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता है। -भागवद गीता"

## मन की बात



"जो कुछ भी तुम्हें कमजोर बनाता है- शारीरिक, बौद्धिक या मानसिक, उसे जहर की तरह त्याग दो। -स्वामी विवेकानंद"

## तीसरी आंख




# 2024 का विजयपथ...बीजेपी का घोषणापत्र

## एकसाथ चुनाव और समान नागरिक संहिता का वादा, 5 साल में नारी शक्ति की भागीदारी बढ़ेगीः पीएम नरेंद्र मोदी

### वादों का पिटारा

8 आज आवास योजना के तहत 4 करोड़ पक्के घर बन गए हैं : जेपी नड्डा

8 अपने अगले कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की गारंटी दी

**दीपचंद्र काण्डपाल**
**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को संकल्प पत्र नाम से पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संकल्प पत्र का लोकार्पण किया। प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने संकल्प पत्र को 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का मिशन बताया। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र युवा, नारी, गरीब और किसान को सशक्त करने की हमारी सोच से प्रेरित है। भाजपा लोगों को सम्मान के साथ गुणवत्तापूर्ण जीवन और नए अवसर देना चाहती है। उन्होंने एकसाथ राज्यों एवं केन्द्र में चुनाव और समान नागरिक संहिता पर जोर देते हुए अपने अगले कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की गारंटी दी। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्रियों, पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराया। संकल्प पत्र में उल्लेखित गारंटियों को जिक्र करते हुए उन्होंने देश के समाजिक, डिजिटल और भौतिक ढांचागत सुविधाओं को विस्तार देने की अपनी सरकार की नीति को जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आने पर राष्ट्रीय सहकारिता नीति लाई जाएगी, श्री अन्न पर बल दिया जाएगा, पश्चिमी भारत के बाद पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी भारत में बुलेट ट्रेन लाई जाएगी, वंदे भारत का मेट्रो, स्लीपर और चेयरकार तीन रूपों में विस्तार किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने वर्तमान में जारी सरकार की योजनाओं को आगे भी जारी रखने और विस्तार देने की गारंटी दी। उन्होंने कहा कि



## देश में चलेंगी तीन तरह की वंदे भारत

**नई दिल्ली:** पार्टी के संकल्प पत्र में लिखा गया,"मौजूदा समय में मोदी सरकार 1300 से अधिक रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय मानकों का पुनर्विकास कर रही है। हमने विश्वस्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है। वहीं, वंदे स्लीपर ट्रेन के जरिए देश की जनता आरामदायक लंबी दूरी की यात्रा कर सकेगी। वहीं, देश के प्रमुख शहरों में मेट्रो का विस्तार किया जाएगा। पिछले 10 वर्षों में 20 से अधिक शहरों में मेट्रो शुरू की है।

**बुलेट ट्रेन के लिए अलग-अलग कॉरिडोर बनाने की तैयारी:** संकल्प पत्र में कहा गया कि हम (मोदी सरकार) पहला बुलेट ट्रेन कॉरिडोर विकसित कर रहे हैं। हम इस बुलेट ट्रेन नेटवर्क के विस्तार के लिए उत्तर, दक्षिण औप पूर्व में नए कॉरिडोर के लिए फिजिबिलिटी स्टडी करेंगे।

## जेपी नड्डा ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**संकल्प** पत्र जारी करने से पहले भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने पार्टी कार्यालय में नेताओं को संबोधित करते हुए कहा, आज, जब हम संकल्प पत्र लॉन्च कर रहे हैं, तो हम सीखेंगे और चर्चा करेंगे कि हम पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अगले पांच वर्षों तक देश की सेवा कैसे करेंगे। मोदी पार्टी के सभी आयोजनों और गतिविधियों में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। भाजपा का समुचित संचालन हमेशा उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। मैं इस कार्यक्रम में उनका हार्दिक स्वागत करता हूं।" जेपी नड्डा ने आगे कहा,"हम जानते हैं कि आज संकल्प पत्र का चित्रांकन होगा। लेकिन हम लोगों को ये भी ध्यान रखना चाहिए कि बीजेपी और जनसंघ काल से शुरू हुई एक असंबद्ध आधारित पार्टी के गुण, उन विचारों को लगातार छोड़े गए वाद्ययंत्र अधिष्ठान की यात्रा में हम सब लोग शामिल हैं।

## देशहित के लिए यूसीसी जरूरीः पीएम मोदी



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** संकल्प पत्र जारी करने के बाद पीएम मोदी ने कहा कि हम परिणाम लाने के लिए काम करते हैं। हमारा फोकस निवेश से लेकर नौकरी तक है। फ्री राशन की योजना रहेगी जारी। गरीबों को पोषणयुक्त भोजन मिले, यह सरकार की योजना है। सरकार की कोशिश है कि गरीबों की थाली संतोषयुक्त हो।

**पार्टी ने किए ये महत्वपूर्ण वादे**

संकल्प पत्र का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा,"मुद्रा लोन की योजना 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख किया गया। वहीं, 5 लाख तक मुफ्त इलाज जारी रहेगा। आयुष्मान के दायरे में ट्रांसडजेंडर आएंगे। छोटे कस्बों में स्वनिधि योजना का विस्तार होगा। 5 साल में नारी शक्ति की भागीदारी बढ़ेगी।" वहीं, पीएम मोदी ने कहा कि सरकार का टारगेट का है कि बिजली से कमाई हो सके। 3 करोड़ लखपति दीदी बनाना सरकार का टारगेट है। प्रधानमंत्री ने फिर दोहराया कि जिन्हें कोई नहीं पूछता है उसे मोदी पूजता है। पीएम मोदी ने आगे कहा कि गांव में महिलाएं ड्रोन पायलट बनेंगी। पाइप के रास्ते घर-घर गैस पहुंचाए जाएंगे। हमारे लिए दल से बड़ा देश है। वंदे भारत ट्रेन के तीन मॉडल चलेंगे। अब गरीबों को उनका अधिकार मिल रहा है और गरीबों को लूटने वाले जेल जा रहे हैं. भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ऐसी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी, यह मोदी की गारंटी है। पीएम मोदी ने यूसीसी का किया जिक्र वहीं, पीएम मोदी ने यूनिफॉर्म सिविल कोड का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यूसीसी देशहित के लिए आवश्यक है। पीएम मोदी ने कहा, भाजपा सरकार ने गरीबों को 4 करोड़ पक्के घर बनाकर दिए हैं। अब जो अतिरिक्त जानकारियां राज्य सरकारों से मिल रही हैं, उन परिवारों की भी चिंता करते हुए हम 3 करोड़ घर और बनाने का संकल्प लेते हुए आगे बढ़ेंगे। अभी तक हमने सस्ते सिलेंडर घर-घर पहुंचाए हैं, अब हम पाइप से सस्ती रसोई गैस घर-घर पहुंचाने के लिए तेजी से काम करेंगे।

### बढ़ाए जा सकते हैं पीएम किसान सम्मान निधि के पैसे

**पीएम** किसान सम्मान निधि के पैसे बढ़ाने की घोषणा भी हो सकती है। अभी किसानों को प्रतिवर्ष छह हजार रुपये दिए जाते हैं। इसी तरह परोक्ष तौर पर किसानों के लिए कुछ अन्य योजनाओं की भी घोषणा की जा सकती है। सत्ता में आने पर एक ऐसे कानून बनाने का भी वादा किया जा सकता है कि जिसमें ईडी द्वारा जब्त संपत्ति के मामले में निवेशकों को जल्द पैसे वापस करने जैसी बात हो सकती है।

आयुष्मान भारत योजना का लाभ 70 वर्ष के अधिक आयु के बुजुर्गों को दिया जाएगा। योजना के तहत 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराया जा सकता है। तीन करोड़ नए घर बनाए जाएंगे। लोगों के घरों तक सस्ती पाइप के माध्यम से गैस पहुंचाई जाएगी। मुद्रा ऋण को दोगुना यानी 20 लाख किया जाएगा। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाई जाएंगी। महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, गौरव दिवस, स्कूल, तमिल भाषा को बढ़ावा दिया जाएगा।

लोगों को 80 प्रतिशत कम कीमतों पर जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी और गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त राशन दिया जाना जारी रहेगा। लोकसभा चुनाव-2024 के संकल्प पत्र के विमोचन के दौरान प्रधानमंत्री ने युवा, महिला, किसान और गरीब चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को ये संकल्प पत्र सौंपा।

### रेलवे के लिए

- नई रेलवे पटरियों का निर्माण।
- यात्री और मालवाहक (कार्गो) परिवहन की क्षमता बढ़ाने के लिए रेलवे नेटवर्क का विस्तार।
- अगले कुछ वर्षों तक हर साल 5,000 किमी नई पटरियां जोड़ी जाएंगी।
- टिकट की उपलब्धता बढ़ाई जाएगी।
- टिकटों की वेटिंग लिस्ट को न्यूनतम करने की प्रतिबद्धता।
- कवच ट्रेन सुरक्षा प्रणाली का विस्तार।
- विश्व स्तरीय स्टेशन का निर्माण।
- आधुनिक ट्रेनों के नेटवर्क का विस्तार।
- विश्व स्तरीय वंदे भारत, अमृत भारत और नमो भारत ट्रेनों का विकास और निर्माण किया है। इन ट्रेनों के नेटवर्क का और विस्तार।

## भाजपा का संकल्प पत्र देशवासियों की एंबीशन पूरा करने का मिशन- प्रधानमंत्री



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** प्रधानमंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता नरेन्द्र मोदी ने रविवार को पार्टी के संकल्प पत्र को 140 करोड़ देशवासियों की एंबीशन (आकांक्षाओं) पूरा करने का मिशन बताया। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र युवा, नारी, गरीब और किसान को सशक्त करने की हमारी सोच से प्रेरित है। भाजपा लोगों को सम्मान के साथ गुणवत्तापूर्ण जीवन और नए अवसर देना चाहती है। उन्होंने एकसाथ राज्यों और केन्द्र में चुनाव और समान नागरिक संहिता पर जोर देते हुए अपने अगले कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की गारंटी दी। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को पार्टी मुख्यालय में संकल्प पत्र नाम से अपना घोषणापत्र जारी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह एवं वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने पार्टी मुख्यालय में संकल्प पत्र जारी किया। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्रियों, पार्टी नेताओं, कार्यकताओं और मीडिया को संबोधित करते हुए भाजपा नेता मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराया। संकल्प पत्र में उल्लेखित गारंटियों को जिक्र करते हुए उन्होंने देश के समाजिक, डिजिटल और भौतिक ढांचागत सुविधाओं को विस्तार देने की अपनी सरकार की नीति को जारी रखने की बात कही।

भाजपा नेता ने कहा कि उनकी सरकार आने पर राष्ट्रीय सहकारिता नीति लाई जाएगी, श्री अन्न पर बल दिया जाएगा, पश्चिमी भारत के बाद पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी भारत में बुलेट ट्रेन लाई जाएगी, वंदे भारत का मेट्रो, स्लीपर और चेयरकार तीन रुपों में विस्तार किया जाएगा।

प्रधानमंत्री ने वर्तमान में जारी सरकार की योजनाओं को आगे भी जारी रखने और विस्तार देने की गारंटी दी ।

### किसानों के लिए

- **पीएम किसान योजना से किसानों को मजबूती:** किसानों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत 6,000 रुपये की वार्षिक वित्तीय सहायता प्रदान की है। पीएम फसल बीमा योजना में मजबूती लाई जाएगी।
- प्रमुख फसलों के लिए एमएसपी में अभूतपूर्व वृद्धि की गई है। समयबद्ध तरीके से 22 फसलों में एमएसपी में वृद्धि की जाएगी।
- दाल और खाद्य तेल में आत्मनिर्भरता।
- सब्जी उत्पादन और स्टोरेज के लिए नए क्लस्टर।
- श्री अन्न को विश्व सुपरफूड के रूप में स्थापित किया जाएगा।
- अनुसंधान और जागरुकता की भी बढ़ावा।
- प्राकृतिक खेती का विस्तार।
- सिंचाई सुविधाओं का विस्तार।
- सहकारिता के क्षेत्र में दुनिया की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना के अंतर्गत पीएचएस में पर्यात भंडारण क्षमता विकास।
- कीटनाशक के प्रयोग, सिंचाई, सॉइल हेल्थ, मौसम पूवार्नुमान जैसी कृषि संबंधी गतिविधियों के लिए एक स्वदेशी भारत कृषि डीटेलाइट की लॉन्चिंग

### महिलाओं के लिए

- एक करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर सशक्त किया गया है। अब तीन करोड़ ग्रामीण महिलाओं को लखपति दीदी बनाया जाएगा।
- महिला एसएचजी को सर्विस क्षेत्र से जोड़ा जाएगा, महिला एसएचजी उत्पादों को ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा।
- औद्योगिक और व्यावसायिक क्षेत्रों में कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल का निर्माण, जिसमें शिशुगृह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी।
- महिलाओं की खेलों में भागीदारी बढ़ाने के लिए काम किया जाएगा। महिलाओं के लिए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण एवं रख-रखाव।
- एनीमिया, स्तन कैंसर, ऑस्टियोपोरोसिस, सर्वाइकल कैंसर जैसी समस्याओं पर विशेष ध्यान देकर, महिलाओं के स्वस्थ जीवन के लिए और अधिक प्रयास। एक विशेष अभियान चलाकर महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर को पूर्णता से दूर किया जाएगा।
- नारी शक्ति वंदन अधिनियम का क्रियान्वयन।
- पुलिस स्टेशन में शक्ति डेस्क (महिला हेल्प डेस्क) स्थापित की गई है अब शिकायतों की समयबद्ध जांच और समाधान के लिए इनका विस्तार।

## सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर हुई फायरिंग

**मुंबई: बॉलीवुड** दबंग सलमान खान के घर के बाहर रविवार सुबह दो संदिग्ध व्यक्तियों ने फायरिंग की है। इस घटना ने हर किसी को हैरान परेशान कर दिया है। दरअसल, दो शख्स सलमान खान के गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर हवा में तीन राउंड फायरिंग करने के बाद फरार हो गए। बहरहाल, इस घटना के बाद सलमान खान के घर की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। वहीं अब इस घटना पर बॉलीवुड निर्देशक और अभिनेत्री पूजा भट्ट का रिएक्शन आया है।

**पूजा भट्ट का रिएक्शन:** आज सुबह सलमान खान के घर के बाहर हुए इस हादसे ने सभी को चौंका दिया है। सलमान के घर के बाहर दो व्यक्तियों ने गोलियां चलाई। सलमान के घर के बाहर का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें संदिग्ध शूटर दिखाई दे रहे हैं। मुंबई पुलिस इस मामले की पूरी जांच कर रही है। सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग को पूजा भट्ट ने डरावना बताया है। पूजा भट्ट ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर इस घटना की निंदा करते हुए एक पोस्ट साझा की है।

## तीनों सेनाओं को नए अध्यक्ष मिलेंगे

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः यह** चुनावी वर्ष न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि तीनों सेनाओं को नए चेहरे मिलने के लिहाज से भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए भी अहम है। आने वाले दिनों में भारत को थल सेना, वायु सेना और नौसेना के नए प्रमुखों के साथ-साथ देश की प्रमुख रक्षा एजेंसी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के लिए भी नया अध्यक्ष मिलेगा। फिलहाल नौसेना, थल सेना और



डीआरडीओ के लिए नए प्रमुखों को लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगले वायु सेना प्रमुख का चयन बाद में किया जाएगा। खास बात यह है कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और एडमिरल आर. हरि कुमार 61वें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पाठ्यक्रम में बैचमेट हैं। यह देश के लिए लगातार दूसरा मौका है जब एक ही एनडीए बैच के तीन दोस्तों के हाथों में देश की तीनों सेनाओं की कमान है।

### तलाश

8 एनडीए बैच के दोस्तों की तिकड़ी के पास है तीनों भारतीय सेनाओं की कमान, नए डीआरडीओ प्रमुख की भी तलाश

## इस्राइल पर ईरान के हमले के बाद भारत का अलर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**तेल अवीवः इस्राइल पर ईरान के हमले के** बाद इस्राइल स्थित भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों के लिए नई एडवाइजरी जारी की है। एडवाइजरी में भारतीय नागरिकों को शांत रहने और सभी सेफ्टी प्रोटोकॉल का पालन करने का निर्देश दिया गया है। अभूतपूर्व हमले में ईरान और उसके सहयोगियों ने इस्राइल पर शनिवार को 330 मिसाइलों और ड्रोन्स से हमला किया।

## मैन पोर्टेबल मिसाइल का सफल परीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने राजस्थान के पोखरण फील्ड फायरिंग रेंज में मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सेना की मौजूदगी में परीक्षण किया है। इस दौरान मिसाइल और वारहेड के प्रदर्शन मानक के अनुरूप पाए गए। परीक्षण का लक्ष्य एक डमी टैंक था, जिसे मिसाइल ने सफलतापूर्वक नष्ट कर दिया था। इस परीक्षण ने सेना के लिए तीसरी पीढ़ी की स्वदेशी मैन पोर्टबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल हासिल



करने का रास्ता बना दिया है। डीआरडीओ ने रविवार को एक बयान में बताया कि आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देने और भारतीय सेना को मजबूत करने के लिए 13 अप्रैल को थर्मल साइट के साथ मैन पोर्टेबल ट्राइपॉड से मिसाइल दागी गई और इसके निशाने पर एक नकली सक्रिय टैंक था। मिसाइल ने टॉप अटैक मोड में लक्ष्य को निशाना बनाकर इसे पूरी तरह से नष्ट कर दिया। इस दौरान मिशन के सभी उद्देश्य हासिल किए गए।

### खरी उतरी

8 फायरिंग रेंज में मैन पोर्टेबल एंटी टैंक गाइडेड मिसाइल का सेना की मौजूदगी में परीक्षण किया है

### चुनावी सरगर्मी

## शाही परिवार के शहजादे को बताया जादूगर, आज देश के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है- फिर एक बार मोदी सरकार

# 'संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर को कांग्रेस ने कभी सम्मान नहीं दिया'

**टीम एक्शन इंडिया**

**भोपालः प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश के दौरे पर रहे। उन्होंने होशंगाबाद जिले की नर्मदापुरम लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी दर्शन सिंह के समर्थन में पिपरिया में सभा की। मां नर्मदा के जयघोष से भाषण की शुरूआत करने के बाद मोदी ने इंडी गठबंधन, कांग्रेस, राहुल गांधी समेत अन्य नेताओं पर जमकर हमला बोला। पीएम ने कांग्रेस पर बाबा साहब अंबेडकर का अपमान करने का आरोप लगाया। एक झटके में गरीबी दूर करने वाले बयान को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी को शहजादा




और जादूगर भी कहा। साथ ही इंडी गठबंधन के घोषणा पत्र को खतरनाक बता दिया। पढ़िए, मोदी के भाषण की बड़ी बातें..

**देश के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रहीः** पीएम मोदी ने कहा- अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, जब मध्य प्रदेश ने पूरे देश को चौंका दिया था और होशंगाबाद ने तो कमाल कर दिया था। यहां से जो लहर उठी थी, वो लहर पूरे देश में फैल चुकी है। आज देश के कोने-कोने से एक ही आवाज आ रही है- फिर एक बार मोदी सरकार। आज संविधान निमार्ता बाबा साहेब अंबेडकर की जन्मजयंती है। उनकी जन्मस्थली मह‍ू यहां से ज्यादा दूर नहीं है। मह‍ू में उनका घर हो या देश-विदेश में वे जहां भी रहे, उन स्थानों को पंचतीर्थ के रूप में विकसित करने का सौभाग्य भाजपा सरकार को मिला है।

**गरीब मां का बेटा सेवा का आशीर्वाद मांग रहा :** संविधान निर्माता बाबा साहेब अंबेडकर को जो सम्मान कांग्रेस ने कभी नहीं दिया, वो सम्मान करने का सौभाग्य हमें मिला है। कांग्रेस जैसी पार्टियों ने हमेशा बाबा साहेब को अपमानित करने का ही काम किया है। बाबा साहेब ने जो संविधान बनाया है, उसके कारण ही आज गरीब मां का ये बेटा (मोदी) आपसे तीसरी बार सेवा करने का आशीर्वाद मांग रहा है। ये बाबा साहेब का संविधान है, जिसके कारण आज देश की राष्ट्रपति एक आदिवासी परिवार की बेटी है। जिस समाज को सबसे अंत में पूछा गया, जिसको वंचित रखा गया, उस समाज की बेटी आज देश की राष्ट्रपति के रूप में पहली नागरिक है।

**बाबा साहेब के योगदान को नई पहचान दीः** हमने बाबा साहेब को सिर्फ विचारों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि आधुनिक भारत में उनके योगदान को नई पहचान दी है। आप मोबाइल फोन से जो डिजिटल पेमेंट करते हैं, उस डिजिटल पेमेंट योजना का नाम भीम यूपीआई है, ये नाम हमने बाबा साहेब के नाम पर ही रखा है। कांग्रेस ने आदिवासी समाज के योगदान को कभी भी स्वीकार नहीं किया।

### वोट की अपील

8 बाबा साहेब ने जो संविधान बनाया है, उसके कारण ये बेटा आपसे तीसरी बार सेवा करने का आशीर्वाद मांग रहा

## 'संकल्प पत्र से 'महंगाई' और 'बेरोजगारी' दो शब्द गायब'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** कांग्रेस नेता और वायनाड से सांसद राहुल गांधी ने भारतीय जनता पार्टी के संकल्प पत्र पर तंज कसा है। उन्होंने एक्स पर लिखा, 'भाजपा के मेनिफेस्टो और नरेंद्र मोदी के भाषण से दो शब्द गायब हैं- महंगाई और बेरोजगारी। लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। 'इंडिया' का प्लान बिलकुल स्पष्ट है- 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को 1 लाख की पक्की नौकरी। युवा इस बार मोदी के झांसे में नहीं आने वाला, अब वो कांग्रेस का हाथ मजबूत कर देश में रोजगार क्रांति लाएगा। इससे पहले आगामी लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा ने रविवार को अपना घोषणा-पत्र जारी किया। इस दौरान घोषणा-पत्र समिति के अध्यक्ष राजनाथ सिंह, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा भी मौजूद रहे। इस संकल्प पत्र के केंद्र में गरीब, किसान, महिला और युवा वर्ग को रखा गया है, जिसे पीएम मोदी ने विकसित भारत के चार स्तंभ बताया है।

# उपायुक्त ने जिला स्तरीय श्री शिरगुल देवता बैशाखी मेले का किया शुभारंभ

**बैशाखी मेला**

**8 उपायुक्त ने कहा कि मेले और उत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं।**



**एसपी जैरथ**

**नाहनः** सिरमौर जिला के राजगढ़ का सुप्रसिद्ध एवं पारंपरिक तीन दिवसीय जिला स्तरीय बैशाखी मेले का शुभारंभ आज उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा ने श्री शिरगुल देवता महाराज का विधिवत पूजा अर्चना से किया। उसके उपरांत उपायुक्त ने शिरगुल महाराज की पालकी के साथ शोभा यात्रा में भाग लिया। शोभायात्रा पारंपरिक वाद्य यन्त्रों के साथ शिरगुल देवता मन्दिर से बस अड्डा, खंड विकास अधिकारी कार्यालय व नागरिक अस्पताल राजगढ़ के साथ होते हुए मेला ग्राउंड तक निकाली गई। जिसमें स्कूली बच्चों, एनसीसीए श्रद्धालु और भारी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए। उपायुक्त सुमित खिमटा ने तीन दिवसीय बैशाखी मेले की प्रथम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंम्भ दीप प्रज्जवलित कर किया।

इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी आभा खिमटा व बेटा शमिन खिमटा भी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने लोगों को मेले की बधाई देते हुए कहा कि मेले और उत्सव हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के प्रतीक हैं। राजगढ़ का यह पारंपरिक मेला प्रदेश के प्राचीन मेलों में से एक है जिसे हर वर्ष बैशाख की संक्रांति को इस क्षेत्र के आराध्य देव शिरगुल के नाम पर मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि तीन दिनों तक चलने वाले इस मेले के दौरान सांस्कृतिक संध्याओं के साथ.साथ दिन में भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है जिससे जिला सिरमौर की समृद्ध संस्कृति के साथ.साथ प्रदेश व स्थानीय लोक कलाकारों को मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रर्दशन करने का अवसर मिलेगा। उपायुक्त ने अपने संबोधन में आगामी लोकसभा चुनावों में लोकतंत्र को मजबूत एवं सुदृढ़ बनाने के लिए अधिक से अधिक मतदान मतदान करने का आहवान करते हुए कहा कि एक अप्रैल, 2024 तक जिन लोगों की आयु 18 वर्ष हो गई है वह 4 मई तक मतदाता सूची में अपना नाम पंजीकृत अवश्य करवाएं।

# बैशाखी मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या पर कलाकारों ने बांधा समां

**सांस्कृतिक संध्या**

**8 इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक योगेश रोल्टा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।**



**एसपी जैरथ**

**नाहनः** शिरगुल देवता बैशाखी मेले की प्रथम सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों ने मनमोहक प्रस्तुतियों से समा बांधा और लोगों का खूब मनोरंजन किया। कार्यक्रम के दौरान लोक कलाकार सुजाता मजूमदार, गगन, डॉ. मदन झाल्टा तथा हनी नेगी ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुतियां दी। इसके अलावा स्थानीय कलाकारों ने भी श्रोताओं का भरपूर मनोरंजन किया।

गत सांय राजगढ़ के नैहरू मैदान में आयोजित प्रथम सांस्कृतिक संध्या में अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सिरमौर एल.आर. वर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिरमौर योगेश रोल्टा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। एल.आर. वर्मा ने बताया कि राजगढ़ का पारंपरिक एवं ऐतिहासिक श्री शिरगुल देवता बैशाखी मेले की अपनी अलग पहचान है। उन्होंने कहा कि यह प्रदेश के लिए गर्व की बात है कि यहां के लोगों ने आज भी अपनी परंपराओं और संस्कृति को संजोकर रखा है। हमें अपनी प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को जीवन्त रखने के यथा संभव प्रयास करते रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि मेलों एवं त्योहारों के आयाजनों से जहां प्रदेश के रीति-रिवाजों, परंपराओं एवं सांस्कृतिक मूल्यों को भावी पीढ़ी तक पहंचाने में भी सहायता मिलती है वहीं एक-दूसरे की संस्कृति को देखने व समझने का अवसर भी मिलता है।

## न्यूज फ्लैश

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की बधाई दी

**टीम एक्शन इंडिया/शिमला**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने हिमाचलवासियों को 77वें हिमाचल दिवस की बधाई दी है। राज्यपाल ने कहा कि देवभूमि के नाम से मशहूर हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक सुंदरता व समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के लिए विख्यात है। उन्होंने कहा कि सरल व मेहनतकश प्रदेशवासियों का राज्य के विकास में उल्लेखनीय योगदान है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि प्रदेशवासियों के रचनात्मक सहयोग के फलस्ववरूप भविष्य में भी यह राज्य प्रगति के पथ पर अग्रसर होगा। उन्होंने इस अवसर पर प्रदेशवासियों की संपन्नता और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अपने संदेश में प्रदेशवासियों को हिमाचल दिवस की बधाई देते हुए राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित करते हुए भाईचारा और एकता बनाए रखने पर बल दिया।

### नाहन में 07 जुलाई को निकलेगी श्री जगन्नाथ रथयात्रा

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** एतिहासिक शहर नाहन में भगवान श्री जगन्नाथ की 16वीं भव्य रथ यात्रा 7 जुलाई में निकाली जाएगी। इससे पूर्व के आयोजन को लेकर भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा मंडल ने कार्यक्रम का शेड्यूल जारी कर दिया है। 15 अप्रैल से प्रभात फेरी शुरू हो जाएगी। साथ ही लड्डू गोपाल जी का श्रद्धालुओं के घरों में भव्य अनुष्ठान भी किया जाएगा। ये कार्यक्रम 30 जून तक चलेंगे। 28 जून से 4 जुलाई तक भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर के बड़े हॉल में श्रीमद् भागवत पुराण कथा का आयोजन होगा। ये कथा रोजाना शाम 3:00 से 7:00 बजे तक चलेगी। इसके बाद 5 और 6 जुलाई को विग्रहों की पूजा अर्चना होगी। 7 जुलाई को सुबह 8:00 बजे पूणार्हूति के बाद रथयात्रा का शुभारंभ पालकी यात्रा के साथ होगा। भगवान श्री जगन्नाथ रथ यात्रा मंडल नाहन के अध्यक्ष प्रकाश बंसल ने बताया कि पालकी यात्रा मंदिर परिसर से शुरू होकर हिंदू आश्रम, दिल्ली गेट, नया बाजार, कालीस्थान मंदिर से होते हुए एतिहासिक चौगान मैदान पहुंचेगी। जहां भगवान श्री जगन्नाथ के रथ पर पालकियों को आरूढ़ कर आरती होगी। यहां 56 भोग लगने के बाद ठीक 11:00 बजे भगवान श्री जगन्नाथ, सुभद्रा और बलराम बलभद्र के साथ शहर के भ्रमण पर निकलेंगे। ये यात्रा देर शाम शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए कच्चा टैंक स्थित रघुनाथ मंदिर पहुंचेगी, जहां भगवान श्री जगन्नाथ जी अपनी मौसी के निवास स्थान पर विश्राम करने के बाद दोबारा पालकी में सवार होकर बड़ा चौक स्थित अपने मंदिर पहुंचेंगे। ये यात्रा शाम 8:00 बजे खत्म होगी।

### विक्रमादित्य सिंह पार्टी का उम्मीदवार बनाने के लिए खुशी जाहिर की

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** जिला लाहौल स्पीति कांग्रेस कमेटी ने मंडी और शिमला संसदीय क्षेत्र से लोकसभा के लिए विक्रमादित्य सिंह और विनोद सुल्तानपुरी को पार्टी का उम्मीदवार बनाने के लिए खुशी जाहिर की है।जिला प्रवक्ता अनिल ने कहा कि अध्यक्ष ज्ञाल्सन ठाकुर ने जिला कांग्रेस कमेटी ओर पार्टी के सभी कार्यकताओं में इस बात की खुशी है कि दोनों नोजवान होने के साथ साथ जिताऊ उम्मीदवार है। उन्होंने ने लाहौल स्पीति के सभी कार्यकताओं की और से दोनों को शुभकामनाएं दी है।जिला प्रवक्ता अनिल सहगल ने कहा कि मंडी संसदीय क्षेत्र से मंत्री विक्रमादित्य सिंह युवाओं में काफी लोकप्रिय है और उन के परिवार ने स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह जी के नेतृत्व में मंडी संसदीय क्षेत्र के साथ साथ हिमाचल प्रदेश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है ओर सांसद प्रतिभा सिंह भी 3 बार सांसद रही है।अनिल सहगल ने कहा कि हमे उम्मीद है कि विक्रमादित्य सिंह भी उन्ही के पद चिन्हों में चल कर हिमाचल प्रदेश ओर कांग्रेस का नाम रोशन कर केन्दे में कांग्रेस की सरकार बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे ओर बीजेपी के के उम्मीदवार कंगना रनौत को भारी मतों से हराने में कामयाब होंगे।उन्होंने कहा कि विधायक विनोद सुल्तानपुरी भी नोजवान व ईमानदार नेता है और उन के पिता भी लम्बे समय तक सांसद रहे हैं वह भी जीत के क्रम को जारी रखेंगे।

# बिजली बोर्ड के पेंशनर्स सरकार की अनदेखी से नाराज

**एसपी जैरथ**

**नाहनः** बिजली बोर्ड से सेवानिवृत हुए कर्मचारियों ने बिजली बोर्ड व प्रदेश सरकार पर अनदेखी के आरोप लगाए हैं जिला मुख्यालय नाहन में आज बिजली बोर्ड पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित हुई जिसमें पेंशनरों की समस्याओं पर मंथन किया गया। मीडिया से बात करते हुए एसोसिएशन के महासचिव कमलेश पुंडीर ने बताया कि बिजली बोर्ड के पेंशनरों को पीछे लंबे समय से एरियर का भुगतान नहीं किया जा रहा है

जबकि अन्य विभागों से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को यह लाभ मिल चुका है। उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड के पेंशनरों की समस्याओं को लेकर ना तो सरकार और ना ही बिजली बोर्ड के अधिकारी गंभीर है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के आदेशों के बावजूद बिजली बोर्ड एरियर का भुगतान नहीं कर रहा है जो बेहद गंभीर विषय है। पेंशनरों का यह भी कहना है कि उनके मेडिकल बिलों का कभी भी समय पर भुगतान नहीं होता है अंदाजन ऐसे पेंशनरों को बड़ी समस्याओं का सामना करना पड़ता है जो गंभीर बीमारियों से जूझ रहे हैं और उन्हें समय पर इलाज के लिए पैसा खर्च करना पड़ता है।

# स्मृति युवा मंडल शिरड ने मनाया भीमराव अंबेडकर का जन्मदिन



**श्याम कुल्वी**

**कुल्लूः** बाबा साहब अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में गांव शिरड में 13 और 14 अप्रैल दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गई। जिसमें लडके और लड़कियों के अलग-अलग वर्ग में कुर्सी रेस, घड़ा फ ोड ?ा, रस्सा कशी एलंगडी दौड़ और बोरी रेस का आयोजन किया गया। समृति युवा मंडल के प्रधान तुले राम ने बताया कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सभी आसपास के बच्चों ने भाग लिया और कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस अवसर पर स्मृति युवा मंडल के प्रधान तुले राम ने बाबा साहब अंबेडकर के जीवनी के ऊपर प्रकाश डाला और बच्चों को बाबा साहब अंबेडकर के बारे में बताया और उनके किए गए कार्यों को भी बताया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में देवगढ़ पंचायत के बागवान पेनु राम उपस्थित रहे। उन्होंने अपनी तरफ से सभी प्रतिभागियों को पुरस्कार भी बांटे। मुख्य अतिथि पेनू राम ने अपने तरफ से बच्चों को कुछ मोमेंटो और मेडल भी प्रदान किए। इसके लिए स्मृति युवा मंडल शिरढ़ इनका बहुत-बहुत धन्यवाद करता है। प्रतियोगिता में लडकों की कुर्सी रेस में प्रथम स्थान प्राप्त किया काव्यांश ने और दूसरे स्थान पर दिव्यांश। लड़कियों में प्रथम स्थान गंगा ने और दूसरा स्थान किटू ने हासिल किया ।लंगडी रेस में किट्टू और अनुष्का की जोड़ी प्रथम रही। बोरी रेस में लडका वर्ग में प्रथम स्थान काव्यांश और दूसरे स्थान पर आभी रहा। लड़कियों में वोरी रेस में प्रथम स्थान अनुष्का ने प्राप्त किया और किटू ब भानू क्रमशः दूसरे स्थान पर रही। लंगड़ी रेस में लडका बर्ग में प्रथम स्थान यमन और आदित्य की जोड़ी ने प्राप्त किया।रस्सा काशी लड़कियों में अनुष्का और उसके साथियों में पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं लडकों के वर्ग में आयुष और उसके साथियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। लडकी वर्ग में गड़ा फ ोड ?ा में किट्टू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वह लडका वर्ग में यमन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वरिष्ठ वर्ग में अमरचंद ने घड़ा फोड ?ा खेल में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# अमन ठाकुर सरध्वार युवक मंडल के प्रधान



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडीः** रविवार को बल्ह विधानसभा के सरध्वार युवक मंडल की बैठक सामुदायिक भवन सरध्वार में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी सचिन सकलानी द्वारा की गई। इस दौरान सरध्वार युवक मंडल की नव कार्यकारिणी का गठन किया गयाए जिसमें अमन को प्रधान चुना गया।

उपप्रधान मोहित चंदेल, सचिव साहिल ठाकुर, सहसचिव निखिल और कोषाध्यक्ष दीपक, लेखा परीक्षक भावना, सलाहकार तनुज, कार्यकारिणी सदस्य देवेंद्रए अमितए जतिन, मीडिया प्रभारी रोहित को चुना गया। बैठक में 20 युवाओं ने भाग लिया।

बैठक में राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवी सचिन सकलानी, पूर्व प्रधान परम देवए महिला मण्डल प्रधान चंपा देवी भी उपस्थित रहें।

### बाला जी हनुमान मन्दिर धामला कुंड में होगा विशाल भंडारा

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** बाला जी हनुमान मन्दिर धामला कुंड लम्बलू, जिला हमीरपुर में मंगलवार 23 अप्रैल को विशाल भंडारी का आयोजन किया जा रहा है अतः आप सभी भक्तजनों से विनम्र निवेदन है कि आप सपरिवार भण्डारे में सम्मिलित होकर बजरंग बली का आशीर्वाद स्वरूप प्रसाद ग्रहण कर हमें अनुगृहीत करें। इसी के साथ मंदिर में रामायण पाठ का भी आयोजन किया गया है जो सोमवार से लेकर मंगलवार तक चलेगा।यह सब जानकारी हमें मंदिर मंदिर कमेटी के प्रबंधक जयपाल शर्मा ने दी।

# झूठी गारंटी देने वाले कांग्रेस नेताओं को जनता वोट की चोट से देगी जवाब : प्रताप रावत



**एसपी जैरथ**

**नाहनः** भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि प्रदेश की जनता झूठी गारंटी देने वाले नेताओं को लोकसभा चुनाव में वोट की चोट से करारा जवाब देगी। रावत ने बताया कि विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने प्रदेश की जनता से कहा था कि यदि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है तो हम प्रदेश के सभी बेरोजगार युवाओं को प्रति वर्ष एक लाख सरकारी नौकरियां देंगे और पाच वर्ष में पाच लाख सरकारी नौकरियां देंगे और 18 वर्ष से ऊपर की सभी महिलाओं को प्रति महा 15 सो रुपए भी देंगे और हर घर को तीन सो यूनिट बिजली भी मुफ्त देंगे इसके साथ ही सो रुपए किलो भैंस का दूध और 80 रुपए किलो गाय का दूध भी लेंगे और दो रुपए किलो गोबर भी लेंगे लेकिन सरकार को बनते हुए डेड वर्ष से भी अधिक समय हो गया है लेकिन आज तक इनमें से एक भी गारंटी पूरी नहीं हुई है जिससे प्रदेश की जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है रावत ने मीडिया को जारी बयान करते हुए बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेता झूठ पर झूठ बोल रहे हैं उन्होंने बताया कि प्रदेश की जनता लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कांग्रेस पार्टी के नेताओं से इन झूठी गारंटीयों का हिसाब मांगेगी रावत ने बताया कि देश व प्रदेश की जनता सिर्फ और सिर्फ पीएम नरेंद्र मोदी की गारंटी पर भरोसा करती है

कांग्रेस पार्टी की झूठी गारंटी पर नहीं उन्होंने बताया कि भाजपा प्रदेश की चारों लोकसभा एवं सभी विधानसभा उपचुनाव में प्रचंड बहुमत के साथ जीत दर्ज करेगी और प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार सत्ता में काबिज होगी क्योंकि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार प्रदेश की जनता का विश्वास खो चुकी है ।

इसलिए उनको पद में बने रहने का कोई भी अधिकार नहीं है क्योंकि सरकार अल्पमत में आ चुकी है

# अम्बेडकर महिला और मजदूर वर्ग संक्षिप्त पुस्तिका का विमोचन

**विमोचन**

**8 मजदूर किसान वर्ग के लिए किये गये उनके कार्यों का वर्णन इस पुस्तिका में किया गया है।**



**एसपी जैरथ**

**नाहनः** अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर आज नाहन में बाबा साहब अम्बेडकर के देश की महिलाओं और मजदूर वर्ग के लिए किये गये योगदान पर आशीष कुमार द्वारा लिखित इअम्बेडकर महिला और मजदूर वर्गइ नामक संक्षिप्त पुस्तिका का विमोचन नाहन शहर के पूर्व शिक्षाविद और पूर्व प्रधानाचार्य प्रोफेसर अमर सिंह के दवारा किया गया। पुस्तिका के लेखक आशीष कुमार ने बताया की ये पुस्तक कोई भारी भरकम किताब नहीं है। ये किताब अलग अलग पुस्तकों के अध्ययन के बाद बाबा साहब के देश की शोषित वर्ग जिसमे महिला भी महत्वपूर्ण है पर कुछ भाग महिलाओं पर लिखा गया है। जिसमे मे ये बताया गया है की बाबा साहब ने ऐसे क्या प्रावधान किये थे जिससे देश की महिलाओं की स्थिति मे क्रांतिकारी परिवर्तन आया है। इसके अतिरिक्त बाबा साहब एक मजदूर नेता के रूप में भी काम किया। मजदूर किसान वर्ग के लिए किये गये उनके कार्यों का वर्णन इस पुस्तिका में किया गया है। मुख्यता ये पुस्तक बाबा साहब दावरा समाज के हर वर्ग के लिए किये गये कार्यों को पारदर्शित करती है। इस मौके पर लेखक सुरेंदर खालसा, दीपक चौहान,राजेश कश्यप। परवीन सोढा और हिमाचल किसान सभा के अध्यक्ष सतपाल मान भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

# सुविधा पोर्टल एवं ऐप के माध्यम से करें आवेदनः अमरजीत सिंह



**सुविधा ऐप**

**8 भारत निर्वाचन आयोग ने ऑनलाइन पोर्टल सुविधा-ईसीआई-जीओवी-इन और सुविधा ऐप आरंभ किया है**

**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों की सुविधा के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने ऑनलाइन पोर्टल सुविधा-ईसीआई-जीओवी-इन और सुविधा ऐप आरंभ किया है। चुनाव प्रचार के दौरान किसी भी तरह के आयोजन जैसे-रैली, बैठक, प्रचार, पोस्टर-बैनर और वाहन परमिट इत्यादि की अनुमति प्राप्त करने के लिए राजनीतिक दल और उम्मीदवार इस पोर्टल या ऐप के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्हें ये अनुमति प्राप्त करने के लिए संबंधित सरकारी कार्यालय में आने की आवश्यकता नहीं है। सुविधा पोर्टल या ऐप के माध्यम से उम्मीदवार अपना नामांकन पत्र भी भर सकते हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से की अपील

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि सुविधा पोर्टल पर आवेदन प्राप्त होने के बाद संबंधित अधिकारी इसके माध्यम से तुरंत अनुमति प्रदान करते हैं। उन्होंने बताया कि सुविधा पोर्टल स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों के लोकतांत्रिक सिद्धांतों को कायम रखने तथा सभी उम्मीदवारों को समान अवसर सुनिश्चित करने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विकसित एक तकनीकी समाधान है। सुविधा पोर्टल ने चुनाव अवधि के दौरान राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से अनुमति और सुविधाओं के अनुरोध प्राप्त करने और उन पर त्वरित कार्रवाई करने तथा मंजूरी प्रदान करने की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित किया है।

भारत निर्वाचन आयोग ने विकसित किया है सुविधा पोर्टल और ऐप

अमरजीत सिंह ने बताया कि सुविधा पोर्टल फ र्स्ट इन, फ र्स्ट आउट् सिद्धांत पर पारदर्शी रूप से विभिन्न प्रकार के आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए स्वीकृतियां प्रदान करता है। यह रैलियों के आयोजन, अस्थायी पार्टी कार्यालय खोलने, घर-घर जाकर प्रचार करने, वीडियो वैनए हेलीकॉप्टर, वाहन परमिट प्राप्त करने, पर्चे बांटने और अन्य कार्यों की अनुमति प्रदान करता है। इसके माध्यम से राजनीतिक दल और उम्मीदवार किसी भी समय, कहीं से भी अपने आवेदन ऑनलाइन जमा कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त उनके लिए ऑफ लाइन आवेदन के विकल्प भी उपलब्ध हैं।

उन्होंने बताया कि सुविधा ऐप आवेदकों को अपने आवदेनों की ताजा स्थिति को ट्रैक करने में भी सक्षम बनाता है, जिससे इस प्रक्रिया में और अधिक सुविधा और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों से सुविधा पोर्टल एवं ऐप का लाभ उठाने की अपील की है।

# भाजपा का चुनावी मेनिफेस्टो किसान एवं गरीब युवाओं को कर रहा प्रोत्साहितः उषा



**विवेकानंद वशिष्ठ**

**हमीरपुरः** जिला भाजपा उपाध्यक्ष उषा बिरला ने रविवार को यहां जारी प्रेस विज्ञप्ति में भाजपा द्वारा जारी संकल्प पत्र को महिलाओं, युवाओं एवं गरीब वर्ग के हित में महत्वपूर्ण करार दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा का यह चुनावी मेनिफेस्टो सभी वर्गों को प्रोत्साहित करने वाला है।

भाजपा संकल्प पत्र : महिला, युवा एवं गरीब वर्ग के प्रति मोदी सरकार का घोषणा पत्र

उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के मध्यनजर भाजपा ने जो अपना संकल्प पत्र जारी किया है, वह युवाओं महिलाओं, किसानों एवं गरीबों पर केंद्रित है। भाजपा द्वारा घोषणा पत्र को संकल्प पत्र का नाम दिया गया है, जिसकी थीम 2047 तक विकसित भारत बनाने की मोदी की गारंटी पर आधारित होगी। संकल्प पत्र के अनुसार निवेश से लेकर नौकरी तक ध्यान केंद्रित रहेगा एवं गरीबों को पोषणयुक्त भोजन मिले इसके लिए निःशुल्क राशन की योजना जारी रहेगी। साथ ही प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना जिसे 10 लाख से बढकर 20 लाख किया गया है वहीं 5 लाख रुपए तक मुफ्त इलाज जारी रहेगा। इसके अतिरिक्त आयुष्मान के अंतर्गत ट्रांसजेंडर भी आएंगे। छोटे कस्बों में स्वनिधि योजना का विस्तार होगा। 5 साल में नारी शक्ति की भागीदारी बढ़ेगी। सरकार का उद्देश्य 3 करोड़ लखपति दीदी बनाना है। गांव की महिलाएं ड्रोन पायलट बनेंगी। पाइप के रास्ते घर-घर गैस पहुंचाई जाएगी। वंदे भारत ट्रेन के तीन मॉडल चलेंगे।

# लोकसभा चुनाव के लिए सीटू ने जारी किया मजदूरों का घोषणापत्र

**अधिवेशन**

8 सीटू का अधिवेशन अंबेडकर को उनकी जयन्ती पर याद करते हुए चम्बा में संपन्न हुआ।



**हामिद**

**चंबा:** सीटू का अधिवेशन संविधान निमार्ता डा. भीमराव अंबेडकर को उनकी जयन्ती पर याद करते हुए चम्बा में संपन्न हुआ। लोकसभा चुनावों को लेकर सीटू की समझदारी को मजदूरों तक पहुंचाने व मोदी हटाओ देश बचाओ अभियान को मजबूत करने के लिए इस अधिवेशन का आयोजन किया गया। अधिवेशन का उद्घाटन सीटू राज्य महासचिव प्रेम गौतम किया।इस मौके पर सीटू का घोषणा पत्र भी जारी किया। सीटू जिलाध्यक्ष नरेंद्र कुमार ने अधिवेशन का समापन किया। उन्होंने वर्तमान समय के राजनीतिक हालात पर विस्तार से बात रखते हुए मजदूरों से मोदी सरकार को सत्ता से उखाड़ फेंकने व भाजपा को हराने के आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जब से पिछले दस साल से मोदी सरकार सत्ता में आई है तब से वह लगातार मजदूरों के अधिकारों पर हमले कर रही है। मोदी सरकार ने मजदूरों के लंबे संघर्षों और कुर्बानियों के बाद हासिल किए गए चबालिस श्रम कानूनों को समाप्त करके इन्हें मजदूर विरोधी व पूंजीपति परस्त चार लेबर कोडों में बदल दिया है। ये लेबर कोड कॉरपोरेट जगत व उद्योगपतियों को ही फायदा पहुंचाते हैं। इन्हें मजदूरों की जिंदगी को बंधुआ मजदूरी की तरफ ले जाने के लिए तैयार किया गया है। मोदी सरकार की कारगुजारियों के चलते देश में बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है और मंहगाई आसमान छू रही है। यहां तक कि गरीब लोगों के बच्चों को सेना के जरिए सरकारी नौकरी हासिल करने के रास्ते को बंद करने के लिए अग्निवीर योजना को लाकर देश की सुरक्षा से खिलवाड़ किया जा रहा है। देश के प्राकृतिक व सार्वजनिक संसाधनों को मोदी सरकार द्वारा अपने चंद कॉरपोरेट मित्रों के हवाले किया जा रहा है। लोगों के रोजमर्रा के मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए मोदी सरकार द्वारा धार्मिक मसलों को ढाल बनाया जा रहा है। जहां एक तरफ लगातार जनता पर जीएसटी जैसे टैक्स थोपे गए हैं वहीं पर कॉरपोरेट घरानों को लाखों करोड़ रुपयों की टैक्स व कर्जा माफी दी गई है।

# भाजपा ने मनाई अंबेडकर की जयंती

**सम्मेलन**

8 अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य पर एक सम्मेलन का आयोजन श्री विश्व कर्मा मंदिर सराय में किया गया



**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मण्डी मंडल द्वारा बाबा साहिब भीम राव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष्य पर एक सम्मेलन का आयोजन अनुसूचित जाति मोर्चा के अध्यक्ष राजेंद्र भारद्वाज की अध्यक्षता में श्री विश्व कर्मा मंदिर सराय में किया गया।जिस में सदर विधायक अनिल शर्मा, मंडलाध्यक्ष मनीष कपूर और प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा के महा मंत्री चेत राम ने विशेष रूप से शिरकत की। सम्मेलन में बाबा साहेब डॉ. भीम राव अम्बेडकर जी के चित्र पर वहां उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने पुष्प अर्पित किए। इस सम्मेलन में सदर विधायक अनिल शर्मा और प्रदेश महामंत्री चेत राम ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला गया और उनके द्वारा भारत के संविधान में उनके योगदान के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। इस सम्मेलन में पार्षद वीरेंद्र आर्य, नेहा कुमारी, सुदेश सेन, जिला उपाध्यक्ष बालक राम, मंडल उपाध्यक्ष शिव कुमार, काहन सिंह, मंडल महा मंत्री दीवान चंद ठाकुर, गिरीश चंदेल, मीडिया प्रभारी हिमांशु शर्मा, किसान मोर्चा अध्यक्ष लेख राज राणा, युवा मोर्चा अध्यक्ष हनी मेहता, महामंत्री राहुल सेन, ग्राम पंचायत जागर के प्रधान भूषण कुमार, स्योग के उप प्रधान फतेह राम, अनुसूचित जाति मोर्चा के उपाध्यक्ष देवी राम कौंडल, मनोज कुमार, महामंत्री होशियार सिंह, गोविंद राम सहित मोर्चा के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### मंडी जिले सुरक्षा जवान व सुरक्षा सुपरवाइजर की भर्ती का आयोजन

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** एसआईएस इंडिया लिमिटेड रीजनल ट्रेनिंग अकादमी बिलासपुर के तत्वाधान में बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने हेतु शिविर का आयोजन किया जायेगा। यह जानकारी भर्ती अधिकारी अर्पित रावत ने दी । उन्होंने कहा कि इस दौरान 50 सुरक्षा कर्मियों की भर्ती की जाएगी। एमआईएस इंडिया लिमिटेड भारत की बहुराष्ट्रीय कम्पनी है। सुरक्षा प्रदान करने का कार्य पूरे भारत व विदेशों में कर रही है। इस शिविर में सुरक्षा जवान एवं सुरक्षा सुपरवाइजर की नियुक्ति की जायेगी। भर्ती अधिकारी ने जानकारी दी कि में 16 अप्रैल को एंब्लम एजुकेशन सेंटर चेलचौक और 17 अप्रैल पंचायत पांगणा मैं साक्षात्कार 10 बजे से 2 बजे तक भर्ती की प्रक्रिया सम्पन्न होगी। उन्होंने कहा कि सुरक्षा जवान पद के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास रखी गई है, जबकि शारीरिक माप दण्ड में लम्बाई 168 सेमीए सीना 80.85 सेंमी तथा उम्र 19 से 37 के बीचए वजन 56 से ज्यादा 90 से कम निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि इच्छुक बेरोजगार युवकों को उक्त निर्धारित तिथियां अपनी सुविधानुसार संबंधित स्थान में निर्धारित शिविर में भर्ती हेतु प्रतिभाग कर सकते है। चयनियत अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अथवा ट्रेनिंग के लिए रीजनल ट्रेनिंग सेंटर झबोला बिलासपुर हि.प्र. भेजा जायेगा। इसके उपरान्त उन्हें निर्धारित स्थलो पर सुरक्षा के कार्य में स्थाई तैनाती प्रदान की जाएगी। सुरक्षा जवानों को 17500 से 19500 प्रतिमाह सेलरी प्रदान की जाएगी। जबकि सुपरवाइजरों को 21000 से 23500 सैलरी प्रदान की जाएगी। इसके अलावा ईपीएफ ए ईएसआईए ग्रेच्युटी पेंशन और इंक्रीमेंट भी लागू रहेगा

### अग्नि दुर्घटना से निपटने के मामले में हमेशा तैयार रहे :आरके जोशी

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** सीआईएसएफ कोल डैम यूनिट के फ ायर स्टेशन में एनटीपीसी कोल डैम स्टेशन के महाप्रबंधक आरके जोशी ने सीआईएसएफ फ ायर विंग द्वारा मनाए जा रहे राष्ट्रीय अग्निशमन सप्ताह का बतौर मुख्यातिथि शुभारम्भ किया जबकि महाप्रबंधक हाइड्रो इंजीनियरिंग मधुकर अग्रवाल, उमेश कुमार एजीएम एचआर रमेशचंद्रा डीजीएम आईटी, योगेश कुमार डीजीएम प्रचालन, आशुतोष गौतम वरिष्ठ प्रबंधक इलेक्ट्रीकल, डॉ. अविनाश पाठक प्रबंधक मा.सं. राजभाषा/कर्मचारी सेवा/नैगम सूचना विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि ने सभी को व खासकर जवानों को उनकी सेवाओं को लेकर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस वर्ष के थीम के तहत अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान देते हुए सभी नियमों का पालन करे। उन्होंने कहा कि कब आग लगने की दुर्घटना हो जाए, इसलिए स्थिति से हमेशा तैयार रहें। वहीं सीआईएसएफ कोल डैम यूनिट डिप्टी कमांडेंट राजकुमार ठाकुर ने कहा कि हर जगह सीआईएसएफ का अहम योगदान है। उन्होंने कहा कि सैनिक वो सेवक है जो अपने अरमानों को कुचल कर देश की रक्षा कर रहे है। इस सप्ताह को महत्वपूर्ण बनाए और कहा कि अच्छा लगता है, अगर इस तरह के आयोजनों में सभी कुछ न कुछ सीख कर जाएं। उन्होंने कहा कि पूरे राष्ट्र भर में शहीदों की याद में यह दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यातिथि ने सीआईएसएफ कोल डैम यूनिट के फायरिंग के सभी जवानो व उपस्थित अधिकारियों को सुरक्षा शपथ भी दिलाई। इस मौके पर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए व दो मिनट का मौन रखा गया व अधिकारियों व सभी जवानों ने शहीदों की याद में श्रद्धांजलि भी अर्पित की। इस दौरान कोल डैम यूनिट के फायर इंस्पेक्टर रामपाल यादव ने राष्ट्रीय अग्निशमन सप्ताह को लेकर विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल, 1944 को मुंबई की विक्टोरिया गोदी में खड़े एक मालवाहक जहाज में विस्फोटक पदार्थों के कारण होने वाले 66 अग्निशमन शहीद कर्मियों की बहादुरी के बलिदान के रूप में हर वर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दें और इस तर्ज पर सप्ताह के दौरान विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों के द्वारा विभिन्न प्रकार के शैक्षणिक संस्थानों, इकाइयों, सार्वजनिक स्थलों व पंचायत स्तर पर भी अग्नि सुरक्षा के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर इंस्पेक्टर जसवंत सिंह गुर्जर, सब इंस्पेक्टर संजीव कुमार, जय भगवान, महावीर, एएसआई नीतू रानी, प्रियंका शुक्ला, असूचना अनुभाग से संजीव कुमार, ललित कुमार के अलावा अन्य अधिकारी व बल सदस्यों ने भी भाग लिया।

# चिंतपूर्णी में सडक किनारे मिला अज्ञात शव

**राजन पुरी**

**ऊना:** तलवाड़ा रोड़ चिंतपूर्णी में एक अज्ञात व्यक्ति का शव सडक किनारे मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेज दिया है। वहीं पहचान के लिए स्थानीय लोगों से पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात्रि तलवाड़ा रोड़ चिंतपूर्णी पर स्थित शराब के ठेके के समीप एक व्यक्ति मृत अवस्था देख स्थानीय लोग ने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। स्थानीय लोगों से पूछताछ के बाद भी शव की कोई पहचान नहीं हो गई।

# बही में क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू, मतदान को लेकर किया जागरूक

**खेलकूद**

8 मुख्यातिथि अजय ठाकुर ने कहा कि खेलकूद से हमेशा शारीरिक और मानसिक लाभ मिलता है।



**राजन पुरी**

**ऊना:** उप तहसील जोल के अंतर्गत ग्राम पंचायत खरयालता के गांव बही मैदान में रविवार को डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर के सौजन्य से क्रिकेट प्रतियोगिता के माध्यम से मतदान के संदेश प्रसार एवं युवाओं को नशे से दूर रहने की पहल की है। क्रिकेट कप प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि ह्यूमन राइट्स विंग के राज्य अध्यक्ष एवं जिला भाजयुमो सचिव अजय ठाकुर ने किया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला पंजाल क्लब एवं नैहरियां क्लब के बीच खेला गया।

मुख्यातिथि अजय ठाकुर ने कहा कि खेलकूद से हमेशा शारीरिक और मानसिक लाभ मिलता है। स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मानसिक विकास होता है। यह खेल से ही संभव है। उन्होंने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हार व जीत खेलों का अभिन्न हिस्सा है। जीत के लिए खिलाडि?ों को अति उत्साहित तथा हार से निराश नहीं होना चाहिए। उन्होंने अपनी ओर से 5100 रुपए की सहयोग राशि प्रदान की। वहीं इस दौरान डोगरा चैरिटेबल ट्रस्ट रौणखर के प्रबंधक अभिषेक डोगरा ने सभी मतदाताओं से मजबूत लोकतंत्र के लिए अपने मताधिकार का प्रयोग करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि मतदान एक बहुत महत्वपूर्ण अधिकार के साथ ही अहम जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए सभी मतदाता लोकसभा चुनावों में 1 जून को अपने मताधिकार का जरूर इस्तेमाल करें। इस अवसर पर खरयालता प्रधान राकेश धीमान, चैरिटेबल ट्रस्ट के उप प्रधान चंद्र भूषण राणा, साजन ठाकुर, राजन ठाकुर, एडवोकेट अमित साहनी, संदीप डोगरा, नीरज साहनी, विक्की शर्मा, सूरज, दीपक पराशर, लकी शर्मा व बंटी शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# राजपूत बिरादरी का अपमान नहीं किया जाएगा सहन: रूमित

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** केंद्रीय मंत्री एवं लोकसभा चुनाव में राजकोट से भाजपा प्रत्याशी पुरुषोत्तम रुपाला का रविवार को जिला मुख्यालय मंडी में देवभूमि क्षत्रिय संगठन एवं सवर्ण मोर्चा के कार्यकत्राओं ने पुतला जला कर विरोध प्रदर्शन किया। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष रूमित सिंह ठाकुर के नेतृत्व में कार्यकत्राओं ने पुरुषोत्तम रुपाला के खिलाफ नारेबाजी भी की। भाजपा नेता द्वारा राजपूत समाज की महिलाओं पर दिए गए बयान के विरोध में यह प्रदर्शन किया गया।



प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि पुरुषोत्तम रुपाला का लोकसभा टिकट वापस नहीं लिया तो भाजपा व कांग्रेस से ताल्लुक रखने वाले राजपूत समाज के सभी नेताओं को विरोध का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने इस बात पर हैरानी जताई कि कांग्रेस व भाजपा के नेता भी इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने कहा कि अब राजपूत समाज अपना विरोध किसी भी हाल में सहन नहीं सहेगा उन्होंने कहा कि पुरुषोत्तम रूपला ने यह शब्द जानबूझकर कहे है तथा उन्होंने राजपूत बिरादरी का अपमान किया है।

# भड़ोलियां खुर्द में व्यक्ति से अवैध शराब बरामद

**राजन पुरी**

**ऊना:** सदर थाना के तहत भड़ोलियां खुर्द में पुलिस ने एक व्यक्ति से अवैध शराब बरामद की है। पुलिस ने व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक शनिवार रात्रि को ऊना पुलिस भड़ोलियां खुर्द में गश्त कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर अतुल राणा निवासी भडोलियां खुर्द से आठ बोतल अवैध देसी शराब बरामद हुई है। एसपी ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने अतुल राणा के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# फिल्मी भाषणों पर नहीं मुद्दों पर चुनाव लड़ाने की बात करें कंगना रनौट: भुवनेश्वर गौड़

**पलटवार**

8 मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कंगना पर पलटवार किया है।



**राज अग्रवाल**

**मनाली:** मंडी संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी की मनाली रैली के दौरान फिल्मी बातें करने व मंडी से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह पर व्यक्तिगत टिप्पणी करने को लेकर मनाली विधानसभा क्षेत्र के विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने कंगना पर पलटवार किया है। भुवनेश्वर गौड़ ने मनाली में मीडिया से बातचीत में कहा कि उन्हें खुशी है कि कंगना ने बालीवुड में बहुत नाम कमाया है। उन्होंने कहा कि मनाली को अपना दूसरा घर बताने वाली कंगना ने इतनी बड़ी स्टार बनने के बाद भी मनाली के लिए कुछ नहीं किया।

वह मुंबई में बैठकर हिमाचल व मनाली के सौंदर्य का मात्र गुणगान ही कर देती तो मनाली को पर्यटन की दृष्टि से लाभ पहुंचता। उन्होंने कहा कि इतने लंबे समय से मनाली में रहने वाली कंगना को बाढ़ के समय यहां के लोगों का दुख दर्द नजर नहीं आया। रैली में बड़ी बड़ी बातें करने वाली कंगना सबसे पहले यह बताए कि उन्होंने आज तक मनाली के लिए क्या किया? गौड़ ने कहा कि मनाली विधानसभा की जनता जानती है कि सही क्या है और झूठ क्या है। उन्होंने कहा कि जनता कंगना के झूठे झांसे में आने वाली नहीं है। गौड़ ने कहा कि मनाली के लोग जानते हैं कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने आपदा के समय कैसे हजारों पर्यटकों को सुरक्षित उनके घर भेजा। उन्होंने कहा कि उस समय कंगना को मनाली वासियों की याद आई होती और कुछ मदद को होती तो आज मनाली वासी कंगना के ऋ णी होते। उन्होंने कहा कि बीजेपी जितना मर्जी प्रचार कर ले जनता कांग्रेस को ही अपना वोट देगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने भाजपा के मुकाबले सशक्त उम्मीदवार विक्रमादित्य सिंह के रूप में चुनाव में उतारा है । उन्होंने कहा कि सिर्फ चुनाव के समय ही वोट मांगने के लिए जनता के पास जाना एक अच्छे जनसेवक की पहचान नहीं है।

# उपायुक्त ने किया अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारम्भ

**सेवा सप्ताह**

8 अग्निशमन सेवा सप्ताह देश भर में प्रति वर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है।



**चमन शर्मा**

**शिमला:** अग्निशमन सेवा सप्ताह देश भर में प्रति वर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक मनाया जाता है। इस वर्ष का विषय प्रसंग है। अग्नि सुरक्षा सुनिश्चित करें, राष्ट्रीय निर्माण में योगदान दें इस अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ उपायुक्त जिला शिमला अनुपम कश्यप के कर कमलों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि देकर च द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। मौके पर मुख्य अग्निशमन अधिकारी, संजीव कुमार, स्थानीय अग्निशमन अधिकारी, मनसा राम, उप अग्निशमन अधिकारी भी भगत राम, उप अग्निशमन अधिकारी गोपाल दास, उप-अग्निशमन अधिकारी मनसा राम, उप अग्निशमन अधिकारी सत्य प्रकाश तथा उप अग्निशमन अधिकारी जगदीश राज के अलावा शिमला शहर से स्थित अग्निशमन केन्द्रो के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। अग्निशमन सेवा सप्ताह के दौरान प्राथमिक अग्निशमन उपकरणों का चलाने तथा अग्नि से सुरक्षा व बचाव इत्यादि से सम्बन्धित जानकारी वारे सार्वजनिक स्थलों, औद्योगिक क्षेत्रों, शैक्षिक संस्थानों, सरकारी/गैर सरकारी कार्यालयों तथा स्थानीय निकायों इत्यादि में जागरूकता पैदा करने के लिए प्रदर्शन एवं प्रशिक्षण इत्यादि आयोजित किये जाएगे। अग्निशमन सेवा सप्ताह प्रतिवर्ष 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक देश भर में, 14 अप्रैल 1944 को मुंबई में लोगों की जान व माल की रक्षा करते हुए 66 अग्निशमन कर्मी गौरवमयी गौत को प्राप्त हुप शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के उपलक्ष में मनाया जाता है। 14 अप्रैल 1944 को मुंबई की विक्टोरिया डॉक पर मालवाहक समुद्री जहाज खड़ा था।

# समाज भीमराव अंबेडकर के कार्यों को नहीं भूल सकता: भुट्टो

**जयंती**

8 कुटलैहड़ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने अंबेडकर जयंती रविवार को बड़ी धूमधाम से मनाया।



**राजन पुरी**

**ऊना:** कुटलैहड़ भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा ने भारत रत्न डा. भीम राव अंबेडकर जयंती रविवार को बल्ह खालसा में बड़ी धूमधाम से मनाया। कार्यक्रम में प्रबंधन बाबा कमल दास के साथ कुटलैहड़ भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो ने शिरकत करके डा भीम राव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। वही अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश सचिव सूरम सिंह ने डा भीम राव अंबेडकर की जीवनी पर प्रकाश डाला। भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि आज देश में जो भारत रत्न डा भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाए संविधान है, उन पर पूरा देश चल रहा है। भुट्टो ने कहा कि आजादी के बाद डा भीमराव अंबेडकर देश के पहले कानून मंत्री बनकर ऐसे संविधान बनाए थे। जो आज पूरे देश में लागू होकर जनता को लाभ दे रहे है। भुट्टो ने कहा कि समाज उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुला नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए सबसे पहले संविधान को बचाना आवश्यक हैं। संविधान से लगातार हो रही छेड़छाड़ भविष्य के लिए घातक है। इसके लिए अभी से एकजुट होना जरूरी है। इस मौके पर कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा, जिला भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मनोहर लाल शर्मा, सुदर्शन शर्मा, राजीव कुमार, जगदीश सहोता, हर्षवर्धन, प्रीतम कलसी, गुरदास गुरदयाल, भूषण शर्मा, अरुण मनकोटिया सहित अन्य उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर ने केलांग से शुरू किया जनसंपर्क अभियान

**श्याम कुल्वी**

**कुल्लू:** भाजपा प्रत्याशी रवि ठाकुर ने आज अपने विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत केलांग में महिला मंडलों से जनसंपर्क कर उन्हें कांग्रेस सरकार के जनविरोधी गतिविधियों से अवगत कराते हुए आगामी चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को वोट करने का आग्रह किया।

इस दौरान लोगों ने उत्साह के साथ रवि ठाकुर का स्वागत सत्कार कर, भाजपा को वोट करने का आश्वासन दिया। हालांकि अभी कांग्रेस पार्टी ने अपना प्रत्याशी घोषित नहीं किया है ऐसे में रवि ठाकुर के इस जनसंपर्क अभियान में लोगों का जुड ?ा धीरे धीरे शुरू हो गया है। वहीं रवि ठाकुर ने कहा है कि इस जनसंपर्क अभियान को घाटी में और तेजी से चलाया जाएगा।



# भाजपा का संकल्प पत्र विकसित भारत के संकल्प का ब्लूप्रिंट : जयराम ठाकुर

संकल्प पत्र

8 भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र विकसित भारत के संकल्प का ब्लूप्रिंट है: जय राम ठाकुर

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र विकसित भारत के संकल्प का ब्लूप्रिंट है। यह शब्द पूर्व मुख्यमंत्री एवं प्रतिपक्ष नेता जय राम ठाकुर ने कहे। उन्होंने कहा कि देश के युवाओं से लेकर महिलाओं, ग?ीबों से लेकर किसानों के विकास के लिए हर



जरूरी कदम उठाने का संकल्प भी है। जो सभी देशवासियों को गरिमापूर्ण और गुणवत्ता युक्त जीवन देने की हमारी प्रतिबद्धता को पूरा करता है। संकल्प पत्र निवेश से नौकरी का मार्ग प्रशस्त करता है। भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र देश की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। संकल्प पत्र यह सुनिश्चित कर रहा है कि हर गरीब की थाली सस्ती भी हो और पोषण युक्त भी हो। 70 साल के ऊपर के हर बुजुर्ग और ट्रांसजेंडर समाज को आयुष्मान से जोड?ा हो या दिव्यांगजनों को प्रधानमंत्री आवास और अन्य जनहितकारी योजनाओं में प्राथमिकता देने का वचन नरेन्द्र मोदी की सर्व समावेशी नीति का क्रियान्वयन है। हमारा संकल्प पत्र किसी भी तरह के तुष्टिकरण की बजाय देशवासियों के सन्तुष्टीकरण के लक्ष्य को पूरा करता है। देश का एम्बिशन ही मोदी का मिशन है। भाजपा का संकल्प पत्र पर्यावरणीय हितों की रक्षा करते हुए भारत को विकसित करने का पथ प्रशस्त करेगा। यह संकल्प पत्र भारत को आने वाले समय में ग्रीन एनर्जीए इलेक्ट्रिक, इलेक्ट्रॉनिक, फ र्मा, फू ड और इंफ?ास्ट्रक्चर के हब के रूप में स्थापित करेगा। जो भारत को विकसित बनाने के लिए आवश्यक है। यह संकल्प पत्र विकसित भारत की गारंटी हैं। यह संकल्प पत्र मोदी की गारंटी हैं। जिसके पूरा होने की 24 कैरेट गारंटी है।

# राज्यपाल ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को श्रद्धांजलि दी

अम्बेडकर जंयती

8 उन्होंने अंबेडकर के भाईचारे की भावना और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को अपनाने पर बल दिया।

**टीम एक्शन इंडिया**

**शिमला:** राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने आज भारत के संविधान निमार्ता, डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जंयती पर चौड़ा मैदान स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि डा. भीमराव अम्बेडकर ने न केवल भारतीय संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई अपितु देशवासियों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित करने के उद्देश्य से निरंतर कार्य किया और



गरीबों और वंचितों के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए अपना जीवन समर्पित किया। उन्होंने भीमराव अंबेडकर के भाईचारे की भावना और सामाजिक न्याय के सिद्धांतों को अपनाने पर बल दिया।

## जिला मुख्यालय सोलन में भाजपा ने मनाई अंबेडकर की जयंती

**मनीष**

**सोलन:** रविवार को जिला मुख्यालय सोलन में भाजपा सोलन मंडल द्वारा संविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती मनाई गई। इस दौरान भाजपा कार्यकताओं ने इस कार्यक्रम में बढकर भाग लिया। कार्यक्रम में विशेष रूप से नाचन विधानसभा क्षेत्र से विधायक विनोद कुमार मौजूद रहे।

उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान को न केवल डॉक्टर भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाया गया था बल्कि लोगों को संविधान के अनुसार जीने और कार्य करने के लिए संदेश भी दिया गया था।

# निरंतर संविधान से हो रही छेड़छाड़ चिंता का विषय: जेएस राव

अम्बेडकर जयंती

8 घुमारवीं में हर्षोल्लास से मनाई बाबा साहेब डा. बीआर अंबेडकर की जिलास्तरीय जयंती

**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** घुमारवीं के अम्बेडकर भवन में रविवार को हिमाचल प्रदेश अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक संयुक्त संघर्ष मोर्चा के बैनर तले भारत रतन बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर जी की जिलास्तरीय जयंती जिला प्रधान सीता राम कौंडल की अध्यक्षता में बड़ी धूमधाम से मनाई गई। इस



कार्यक्रम में सेवानिवृत शिक्षा उपनिदेशक उच्च शिक्षा जोगेंदर सिंह राव ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इससे पूर्व मोर्चा के जिलाभर से आए छह खण्डों के सदस्यों द्वारा भगेड़ चैक से विशाल जागरूकता रैली निकाली। बाबा साहेब के जोशीले गीतों के साथ यह जागरूकता यात्रा बल्लू खरियाल, दकड़ी चैक, गांधी चैक से होते हुए अम्बेडकर भवन पहुंची। रास्ते में कबीर पंथी समाज द्वारा संत शिरोमणी कबीर दास जी महाराज के मंदिर में जलपान और प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भीम वंदना से हुआ तथा जिलाध्यक्ष सीता राम कौंडल ने उपस्थित सभी लोगों को संविधान की शपथ दिलाई। मुख्यातिथि जोगेंद्र सिंह राव ने कहा कि बाबा साहब ने दबे कुचले समाज के लिए संघर्ष नही करते तो आज हालात वैसे ही होते जैसे दशकों पूर्व थे।

उन्होंने इस समाज को ऊपर उठाने के लिए सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया है। समाज उनके द्वारा किए गए कार्यों को कभी भुला नही सकता है। उन्होंने कहा कि अपने अधिकारों की रक्षा एवं सुरक्षा के लिए सबसे पहले संविधान को बचाना आवश्यक हैं। संविधान से लगातार हो रही छेड़छाड़ भविष्य के लिए घातक है। इसके लिए अभी से एकजुट होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि जब बिखरा समाज एकजुट हो जाएगा तो शक्ति का संचार स्वत ही हो जाएगा। राव ने कहा कि बाबा साहेब डा. अंबेडकर ने दबे कुचले समाज को उपर उठाने के लिए अपना सर्वस्व होम किया है। आज यदि इस समाज के पास अच्छे वस्त्र, मकान, गाडि?ां और उच्च सोच है तो वह सब डा. अबेंडकर जी के बलिदान के कारण है। उन्होंने कहा कि भारत रतन बाबा साहेब का सपना भी यही था कि शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो। उन्होंने बिलासपुर में इस सफल आयोजन को लेकर बिलासपुर कार्यकारिणी को बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री ने चुनाव संकल्प पत्र में हर वर्ग का रखा ख्याल: सत्ती




**राजन पुरी**

**ऊना:** ऊना सदर विधानसभा क्षेत्र के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने रविवार को पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी शीर्ष नेतृत्व द्वारा जारी किए गए संकल्प पत्र को जमकर सराहा। विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का संकल्प पत्र न केवल देश को एक सूत्र में पिरोने वाला है अपितु देश को विकास के पथ पर तेज गति से आगे ले जाने में भी सहायक होगा। विधायक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व में देश के गरीब और वंचित वर्ग का ख्याल रखते हुए इस संकल्प पत्र का निर्माण किया है। देश के आम चुनाव के बाद वर्ष 2024 में ही यही संकल्प पत्र सरकारी दस्तावेज के रूप में देशवासियों के विकास का आधार बनेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने श्रमिक वर्ग को विशेष रूप से केंद्रित करते हुए संकल्प पत्र बनाया है। जिसमें कई वर्गों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के साथ-साथ देश के विकास को भी सुनिश्चित किया जाएगा। विधायक ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी सोच के चलते भारत लगातार विकास के पथ पर आगे बढ़ा है। जबकि देश की जनता ने भी केंद्र की मोदी सरकार का कदम-कदम पर खुलकर साथ दिया है। इस अवसर पर जिला भाजपा महामंत्री राज कुमार पठानिया, मंडल अध्यक्ष हरपाल गोगी, बलवीर बग्गा सहित अन्य उपस्थित रहे।

### मोदी केवल नाम नहीं खुद में एक गैरन्टी है : श्रीकांत

**खेमचंद शास्त्री**

**मंडी:** बल्ह विधानसभा में भाजपा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी श्रीकांत शर्मा ने भाजपा कार्यकताओं की बैठक ली। बल्ह मंडल की



बैठक नेरचौक में हुई। बल्ह बैठक में विधायक इंद्र सिंह गाँधी व प्रदेश महामंत्री बिहारी लाल शर्मा और भाजपा जिला अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र राणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में प्रदेश के लोक सभा प्रभारी श्रीकांत शर्मा के साथ सभी पदाधिकारियों और कार्यकताओं का परिचय करवाया गया। श्रीकांत शर्मा ने लोक सभा चुनाव को लेकर कार्यकताओं को जरूरी दिशा निर्देश दिए और कहा कि मोदी सरकार के जन कल्याणकारी योजनाओ के बारे में सभी वर्गो को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि मोदी केवल नाम नहीं खुद में एक गैरन्टी है उन्होंने जो वादे अपने कार्यकाल में जनता से किए उनको दिन रात एक कर के पूरा किया।

उन्होंने कहा की भाजपा 400 पार के नारे को निश्चित रूप से पूरा करेगी और देश में भाजपा की तीसरी बार सरकार बनेगी और मोदी फि र देश की कमान संभालेंगे। बल्ह की बैठक के बाद श्रीकांत शर्मा ने सरकाघाट भाजपा मंडल की वैठक ली।

इस बैठक मे विधायक दलिप कुमार भी रहे। इन विशेष बैठकों में भाजपा मंडल पदाधिकारी, मंडल के सभी मोर्चों के जिला व प्रदेश पधाधिकारी एवं कार्यसमिति सदस्य, आईटी एवं सोशल मीडिया विभाग मंडल सयोंजक, सह-सयोंजक, मंडल से समस्त प्रकोष्ठों पदाधिकारी, त्रिदेव बूथ अध्यक्ष, बूथ पालक व बी.एल.ए, बूथ समिति, नगर निगम मंडी महापौर व उप-महापौर मेयर एवं भाजपा समर्थित निगम पार्षद, भाजपा समर्थित पंचायत प्रतिनिधि एवं भाजपा के सभी प्रमुख, कर्मठ, ज्येष्ठ एवं श्रेष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मिनर्वा शिक्षण संस्थान द्वारा शुरू किए गए माइंड गार्डन स्मार्ट स्टार्ट प्री-स्कूल में बच्चे खेल खेल में ग्रहण करेंगे शिक्षा: परवेश



**कश्मीर ठाकुर**

**बिलासपुर:** माइंड गार्डन स्मार्ट स्टार्ट प्री-स्कूल में 3 से 4 वर्ष के बच्चों पर अब किताबों का बोझ नहीं होगा। 16 अप्रैल से माइंड गार्डन स्मार्ट स्टार्ट प्रीस्कूल में कक्षाएं शुरू होंगी जिसमें बच्चे सिर्फ अपना लंच बॉक्स लेकर स्कूल पहुंचेंगे और खेल खेल में पढ़ेंगे और सीखेंगे। इसी को लेकर संस्थान में पैरेंट्स ओरिएनटेशन का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों व उनके अभिभावकों ने विशेष तौर पर शिरकत की। मिनर्वा संस्थान द्वारा माइंड गार्डन स्मार्ट स्टार्ट प्री-स्कूल शुरू किया गया है। जिसमें अब नन्हे बच्चों पर किताबों का बोझ नहीं होगा। 16 अप्रैल से इसमें नियमित रूप से बच्चे आएंगे। जिसमें बच्चे अपनी क्षमता अनुसार खेल.खेल में पढ़ाई करेंगे। स्कूल प्रधानाचार्य परवेश चंदेल ने जानकारी देते हुए बताया कि एक बच्चे के जीवन के पहले सात वर्ष वह स्वर्णिम अवधि होती है जब बच्चे का मस्तिष्क सबसे अधिक विकसित होता है और बच्चे में सबसे अधिक सीखने की क्षमता होती है। इन प्रारंभिक वर्षों में सीखना बच्चे के पूरे जीवन को प्रभावित करता है। उन्होंने बताया कि पैरेंट्स ओरिएनटेशन प्रोग्राम का उद्देश्य यह है कि अभिभावकों को यह जानकारी प्रदान करना है कि बच्चों के भविष्य को कैसे काबिल बनाया जाए और उनके अंदर छिपी प्रतिभा को कैसे बाहर लाया जाए। उन्होंने बताया कि संस्थान प्रबंधन का उद्देश्य है कि स्कूली छात्रों को विश्व स्तरीय शिक्षा पद्धति उपलब्ध करवाई जाएए जिसके शुरूआत इस सत्र से तीन से 4 साल के छात्रों से की गई है और आने वाले समय में छह वर्ष तक बच्चों को इससे जोड? का काम किया जाएगा। इस प्रशिक्षण के लिए बैंगलोर की एक फर्म उनका पूरा सहयोग कर रही और प्रशिक्षकों के माध्यम से 1 अप्रैल से 4 अप्रैल तक प्रशिक्षण शिविर का भी आयोजन किया गया था। अभिभावकों को बताया गया कि किस प्रकार विद्यालय प्रांगण में बच्चों के मनोविज्ञान को ठीक से समझ कर उन्हें आगे बढ? का सदैव सुअवसर प्रदान किया जाता है। उन्होंने कहा कि स्कूल का मुख्य उद्देश्य बच्चों के सर्वपक्षीय विकास पर ध्यान देना है।

## स्वीप टीम ने हाटेश्वरी मंदिर में लोगों को मतदान के लिए किया जागरूक

**सुभाग सचदेवा**

**गोहर:** स्वीप टीम ने आज लीक से हटकर नवरात्रों के शुभ अवसर हाटेश्वरी मंदिर में लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया।स्वीप टीम के नोडल अधिकारी पवनजीत कश्यप ने बताया नवरात्रों के दौरान हाटेश्वरी मंदिर में लोगों की अच्छी खासी भीड़ होती है। इस अवसर पर स्वीप टीम ने मंदिर में और आस पास मौजूद लोगों को मतदान का महत्व समझाया। लोगों यह भी जानकारी दी कि जो युवा 18 साल के हो गए है या जिनका नाम मतदाता सूची में अभी तक दर्ज नहीं है वो भी 4 मई 2024 तक अपना नाम मतदाता सूची में से दर्ज करवा लें।

# पूरा गगरेट होगा राममय, मुबारिकपुर में भगवान राम की मूर्ति होगी स्थापित

स्थापना

8 मुबारिकपुर में स्थित हनुमान मंदिर में श्रीराम की 20 फीट ऊंची विशालकाय मूर्ति की स्थापना की जाएगी

**राजन पुरी**

**ऊना:** आयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के दिन जिस प्रकार पूरा देश और विश्व भगवान राम की भक्ति में लीन हो गया था। उसी प्रकार आने वाली रामनवमी के दिन यानी 17 अप्रैल को सुबह साढ़े 10:30 बजे गगरेट के मुबारिकपुर



में स्थित हनुमान मंदिर में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम की 20 फीट ऊंची विशालकाय मूर्ति की स्थापना की जाएगी। इस भव्य कार्यक्रम का आयोजन प्रधान एवं प्रबंधक कमेटी, श्रीराम लला कमेटी हनुमान मंदिर, मुबारिकपुर द्वारा किया जा रहा है। संस्था ने इस कार्यक्रम को बड़े स्तर पर मनाने का फैसला किया है और पूरे गगरेट को राममय बनाने का प्रयास होगा। साथ ही कमेटी ने पूरे गगरेट को इस राममय बनाने के लिए लोगों को आमंत्रित किया है। जिसमें सभी रामभक्तों से अक्षत (चावल) लाने का आग्रह किया है, जिससे महाप्रसाद बनाया जाएगा। इसके अलावा गगरेट के सभी गांव की मिट्टी भी मंगाई जाएगी, जिससे मंदिर परिसर में हर गगरेटवासी को अपनापन और श्रद्धा भाव की भावना महसूस हो।

# मां चिंतपूर्णी मंदिर में नवरात्र के छठे दिन झुके 12 हजार शीश

**राजन पुरी**

**ऊना:** उत्तर भारत का प्रसिद्व धार्मिक स्थल चिंतपूर्णी में रविवार को नवरात्र मेले के छठे दिन श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि दर्ज की गई। पंजाब, हरियाणा व उत्तर प्रदेश से पीले वस्त्रधारी श्रद्धालुओं की संख्या काफी अधिक पाई गई। सुबल से लेकर देर शाम तक मंदिर में 12 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने मां के दर्शन करते हुए आशीर्वाद प्राप्त किया। रविवार को दर्शन करने के लिए डबल लाइन पुराना बस अड्डा पार करते हुए माधो टिला तक पहुंच गई। श्रद्धालुओं को दर्शन करने के लिए 2 से 3 घंटे का इंतजार करना पड़ रहा है। मंदिर प्रशासन की ओर से कतारों में श्रद्धालुओं को धूप से बचाने के



लिए कुछ टेंट लगाए गए थे, लेकिन मौसम ठंडा रहा। मां के दर्शन के लिए लिफ्ट से सुगम दर्शन करने वालों की संख्या भी काफी रही। दोपहर बाद मौसम ने भी श्रद्धालुओं का साथ दिया और आसमान पर बादल छाए रहे। भक्त माता रानी के भजन गाते जयकारे लगाते हुए मंदिर की ओर बढ़ते जा रहे थे। भीड़ होने के चलते सुरक्षा कर्मियों को दिनभर कड़ी मेहनत करनी पड़ी। दूसरी ओर यातायात व्यवस्था बनाने के लिए ट्रैफिक पुलिस बल और होमगार्ड जवानों ने भी मोर्चा बनाए रखा। ह

आज भी हजारों श्रद्धालु पहुंचेंगे मां के दरबारनवरात्र सप्तमी के दिन सोमवार को मां चिंतपूर्णी के दरबार में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शीश नवाने पहुंचने की आस है। चिंतपूर्णी मंदिर अधिकारी अजय मंडियाल ने कहा कि मां चिंतपूर्णी दरबार में श्रद्धालुओं की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में भीड़ बढ? पर उसी अनुसार व्यवस्था में फेरबदल किया जाएगा।

# कुरियाला में अंबेडकर जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित

**राजन पुरी**

**ऊना:** श्री गुरु रविदास महासभा जिला ऊना व समस्त ब्लॉक इकाइयों द्वारा रविवार को कुरियाला गांव में भारत रतन डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरु रविदास महासभा की जिला प्रधान शकुंतला संधू ने की।

जबकि सेवानिवृत्त आईजी प्रदीप कुमार ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। वही विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त एसडीएम बीआर कमल व सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर एमआर दड़ोच ने शिरकत की। कार्यक्रम की शुरूआत में मुख्य अतिथि व अन्यों ने डॉ



भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित किए।अंबेडकर जयंती समारोह में शिक्षा के क्षेत्र में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया। बच्चों द्वारा बाबा साहिब के जीवन पर अलग-अलग प्रस्तुति देकर लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने बाबा साहिब के जीवन पर अपने विचार रखे।

इस अवसर पर महासभा के मुख्य संरक्षक त्रलोक चंद संधू, महासचिव बलदेव चंद, हरि चंद संधू, बख्शी राम भट्टी, उपप्रधान डॉ नरेश कतनोरिया, ब्लॉक ऊना की प्रधान कुलविंदर कौर, बलविंदर भाटिया, दुर्गा दास, रमेश बंगा, जगदीश दड़ोच, परस राम, चमन लाल भाटिया, नरेश कुमार, डॉ कृष्ण कतनोरिया, सतीश मल्ली, रविकांत बस्सी, वीरेंद्र हीर, सुरिंदर बस्सी, सुलिंदर चोपड़ा, रुडका राम, बलवीर चौधरी, संजय भाटिया, जरनैल सिंह, बलराम महे, सुरेंदर दड़ोच, मुकेश कुमार, सुनील कतनोरिया व देवराज हीरा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# दमकल विभाग ने वर्ष 2023 में 8 करोड़ 35 लाख 65 हजार की संपत्ति बचाई

**राजन पुरी**

**ऊना:** अग्रिशमन केंद्र ऊना में राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह के अंतर्गत आमजन को जागरुक करने का अभियान शुरू हो गया है। इस दौरान केंद्र में दो मिनट का मोन रख आग बुझाते समय शहीद हुए फायर फाइटरो को श्रद्धांजली दी गई। अग्रिशमन केंद्र अधिकारी नितिन धीमान ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में अग्निशमन विभाग का गौरवमय इतिहास रहा है। वर्ष 2009 में नालागढ़ में आग बुझाते समय दो फायर फाइटर शहीद हो गए थे। ऊना जिला में अग्निशमन कर्मचारियों ने वर्ष 2023 में बेहतर



प्रदर्शन किया है। जिला ऊना में 95 अग्निकांड हुए है व 17 बचाव कार्य किए गए है। इस दौरान आग से 36 लाख 14 हजार का नुकसान हुआ, जबकि फायर फाइटरों की तत्परता से 8 करोड़ 35 लाख 65 हजार की संपत्ति को आग से बचाया गया। इतना ही नहीं फायर कर्मचारियों ने 13 लोगों की जान भी बचाई है व 16 पशुओं को सुरक्षित किया है। रविवार से शुरू हुए अभियान के अंतर्गत केंद्र क्षेत्र के सार्वजनिक स्थानों, बस अड्डा, अस्पताल, शैक्षणिक संस्थानों में आमजन को आग के प्रति जागरूक किया। इस दौरान केंद्र में अग्रिशमन उपकरणों की प्रदर्शनी भी लगाई गई है।

## न्यूज फ्लैश

### लाखों रुपये के तार के साथ 30 हजार की नकदी ले उड़े चोर

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना**

**महेंद्रगढ़। नारनौल-दादरी** स्टेट हाईवे के नजदीक प्रताप अस्पताल व शीला अस्पताल के सामने एक मोटर वाइंडिंग की दुकान से अज्ञात चोर शटर तोड़कर लाखों रुपए के तार चुरा ले गए हैं। इसके अलावा चोर दुकान की अलमारी में रखे करीब 30 हजार रुपये की नकदी भी चोरी करके ले गए हैं। दुकान मालिक ने एक पिकअप गाड़ी के चालक पर दुकान में चोरी करने का अनुमान लगाया है। इसके अलावा मालिक द्वारा दुकान के पास लगे सीसीटीवी कैमरे को चेक किया गया तो दुकान के पास एक पिकअप गाड़ी घूमती हुई दिखाई दे रहीं हैं। दुकान मालिक ने सिटी पुलिस थाने में शिकायत देकर चोरों के खिलाफ कार्रवाई तथा तार बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर छानबीन में लगी हुई है तथा आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुट गई हैं। गांव बेरी निवासी भोलाराम मिस्त्री ने सिटी पुलिस में दी शिकायत में बताया कि उसने नारनौल-दादरी स्टेट हाईवे के नजदीक प्रताप अस्पताल व शीला अस्पताल के सामने पुरानी मोटर समसिपरेबल रिपेयर करने की दुकान की हुई हैं। जिसकी रिपेयरिंग के लिए उसकी दुकान में तांबे के नए व पुराने तार रहते हैं। शनिवार की शाम को करीब 6:30 बजे वह अपनी दुकान को ताला लगाकर घर पर चला गया था, सुबह जब वह दुकान खोलने के लिए आया तो दुकान का शटर साइड से टूटा हुआ था और सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था, यह देखकर वह डर गया। इसके बाद उसने दुकान को खोलकर देखा तो अंदर रखे तांबे के नए तार जिनकी कीमत लगभग डेढ़ लाख रुपये तथा पुराने तार लगभग 10 से 11 क्विंटल, जिसकी कीमत लगभग आठ से नौ लाख रुपये तथा अलमारी में रखे करीब 30 हजार रुपये की नगदी गायब थी।

### सेवा पंजाब द्वारा सर्टिफिकेट डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी आयोजित



**मोहाली:** गुरु नानक कालोनी की लगभग 550 डोमेस्टिक वर्कर्स के लिये सेवा पंजाब द्वारा आयोजित दो दिवसीय अप स्किलिंग ट्रेनिंग प्रोग्राम के समापन्न पर सर्टिफिकेट डिस्ट्रीब्यूशन सेरेमनी आयोजित की गई।

ट्रेनिंग का लक्ष्य उनके क्वालिटी आफ वर्क में सुधार लाना था जिससे की वे सम्मानपूर्वक जीवन व्यतीत कर सके। इसी प्रकार मोहाली से ही लगभग 300 महिला लाभार्थियों को सर्टिफिकेट इन डिजिटल फाइनेंशियल लिटरेसी, 55 होम बेस्ड वर्कर्स को प्रोडक्ट डेवलपमेंट ट्रेनिंग जबकि 30 को संभावित महिला लघु उद्यमियों को एंटरप्राइज डेवलपमेंट प्रोग्राम के सर्टिफिकेट से नवाजा गया। यह स्किल ट्रेनिंग सितंबर 2023 से मार्च 2024 की अवधि के दौरान की गई थी जिससे फैदा, जगतपुरा, अंब साहिब कालोनी और गुरु नानक कालोनी की इनफार्मल सेक्टर की वूमैन्स वर्कर्स को लाभ मिला । यह अभियान सेवा भारती और आईटीसी आशीर्वाद रहो चार कदम आगे के सहयोग से महिलाओं के सशक्तिकरण की दृष्टि से चलाया गया था।सेवा पंजाब वर्ष 2016 से पंजाब के कई जिलों में इन वर्कर्स को सम्मानजनक जीवन जीने की राह दिखाने में प्रयासरत है।

# अंबेडकर भारत के इतिहास में सदैव अमर रहेंगे: सूरज

## विश्व विकास डॉ भीमराव अंबेडकर युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्रोत है: संगीता देवेंद्र सैनी

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: संत कबीरदास समाज** उत्थान सेवा समिति कबीरपुर, वार्ड 13, सोनीपत के द्वारा गांव कबीरपुर की धानक चौपाल में सविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जी की 134 वी जयंती समारोह का आयोजन धूमधाम से किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में वार्ड - 13 के नगर पार्षद संगीतादेवेंद्र सैनी रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कबीरपुर के नंबरदार बालमुकुंद मेहरा ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में दलितों पिछड़ा वर्ग के अध्यक्ष राजीव वर्मा जिला सैनी सभा के पूर्व प्रधान डॉ बालकृष्ण सैनी, समाजसेवी राधा कृष्ण शर्मा, पूर्व पुलिस अधिकारी रमेश दिलावर, बीकानेर राजस्थान से ब्लॉक समिति के चेयरमैन एवम पूर्व सरपंच महावीर सिंह इंदौरा, मुकेश नागर,



देवेंद्र वर्मा, इरफान खान, वकील आदि रहे। सर्वप्रथम संत कबीर दास समाज उत्थान सेवा समिति कबीरपुर के पदाधिकारी एवं कार्यकताओं एवं आए हुए अतिथिगण ने भारत रत्न, सविधान निमार्ता, गरीबों के मसीहा, ज्ञान के प्रतीक, डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित करके और मोमबत्ती जलाकर उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। सर्वप्रथम संत कबीरदास समाज उत्थान सेवा समिति के महासचिव सूरज कुमार ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया और समिति के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जो सविधान हम आज देखते हैं वो बाबासाहेब आंबेडकर की देन है। उनकी कानून की पकड़ और सूझ-बूझ को देखते हुए। भारत देश के प्रथम कानून मंत्री रहे। परंतु और भारत का सविधान बनाया जिस पर भारत देश और पूरी दुनिया उस पर अमल कर रही है। मुख्य अतिथि नगर पार्षद संगीतादेवेंद सैनी ने कहा कि बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर गरीबों पिछड़े और दलितों के मसीहा के रूप में भारत देश में जन्म लेकर इस दबे कुचले समाज का उत्थान किया। आज उन्हें उनकी जयंती पर नमन करते हुए सभी समाज के गरीब लोगों से उनके विचारों पर चलने के लिए अनुरोध करते हैं। ताकि इस जयंती पर हम उनके विचारों पर चलकर सही मायने में उन्हें अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करें। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधिकारी रमेश दिलावर ने कहा कि बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर हमेशा यही कहते थे कि शिक्षित बनो, संगठित रहो, और हमेशा संघर्ष करते रहो। एक रोटी कम खाओ परंतु अपने बच्चों को जरूर से जरुर पढ़ाओ तभी यह बच्चे समाज में अपने अधिकारों को पा सकते हैं। जिला सैनी सभा के पूर्व प्रधान डॉ बालकृष्ण सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले और बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर ने समाज को उठाने में जो अपना योगदान किया है। वह समाज के लिए अतुलनीय योगदान है जिनका हमेशा गरीब दलित समाज ऋणी रहेगा। बीकानेर राजस्थान से आए महावीर सिंह इंदौरा ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले सावित्रीबाई फुले, डॉ भीमराव अंबेडकर और संत कबीरदास जैसे संतो ने समाज की अनेक कुरीतियों को खत्म करने में बहुत बड़ा योगदान किया है।आज हमें उनके दिखाए हुए रास्ते पर चलकर भारत देश को आगे बढ़ाना चाहिए। विशिष्ट अतिथि राजीव वर्मा ने भी कहा कि बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर ने सविधान की रचना करके हमें हमारे अधिकार दिलाने में बहुत बड़ा योगदान किया है। संत कबीर दास समाज उत्थान सेवा समिति के प्रधान श्यामलाल दीवान ने कहा कि संत कबीर दास समाज उत्थान सेवा समिति का गठन दलित एवं पीछडे वर्ग के समाज के लोगों को उपर उठाने के लिए किया गया है। ताकि वह इस समाज में जागरुक होकर अपने अधिकारों को प्राप्त कर सके। कार्यक्रम में वार्ड 13 के नगर पार्षद संगीतादेवेंद्र सैनी ने समिति के पदाधिकारियों और कार्यकारणी सदस्यों को फूलमाला पहनाकर स्वागत करते हुए समाज की सेवा का उत्कृष्ट कार्य करने की शपथ भी दिलवाई।

## अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में उनकी प्रतिमा पर माला अर्पण किया

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** महिपाल सूबेदार ने लघु सचिवालय पानीपत में पहुंच कर संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी की जयंती के उपलक्ष में उनकी प्रतिमा पर माला अर्पण किया। अपने संबोधन में महिपाल ने कहा कि



हमें बाबासाहेब के बताए रास्ते पर चलकर के उनके जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। जिन्होंने हमें जीने का तरीका सिखाया हमें संविधान में हक दिलवाया और हर आदमी को संविधान में बराबरी का दर्जा देने का काम किया ऐसे महान शख्सियत कभी-कभी जन्म लेती हैं उन्होंने हमेशा अपने जीवन को उच्च विचारों से जिया। दबे कुचले समाज को जगाने उस समाज के जीवन को ऊपर उठाने का काम किया। इस मौके पर बलजीत वाल्मीकि, शमशेर वाल्मीकि ,अमित वाल्मीकि, बलवान बाल्मीकि नूर वाला ,सूबेदार जीत सिंह, राजू राजेंद्र ,सुधीर शर्मा, रामकुमार कोरी ,सुभाष वाल्मीकि, विकास रंगा, चंद्र श्याम शर्मा, बलवान शर्मा, रोहित पांचाल आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

## जरूरतमंद परिवार की बेटी का किया कन्यादान

**टीम एक्शन इंडिया**
**संजय शर्मा**

**नारनौल: आज एक बार फिर** से नेकी की दीवार संस्था के सभी सदस्यों ने अपना फर्ज निभाते हुए एक बहन की शादी अच्छे से हो इसके लिय उसको कन्यादान स्वरूप में बर्तन सेट,कुकर,मिक्सी,ट्रे सेट,कप सेट,अटेची,सीनरी,प्रेस,पंखा, मिल्टन बॉटल,11,सूट साड़िया,फ्रॉक सूट, थर्मस,लेडीज पर्स, पैंट शर्ट, वाटर कैम्पर, हॉट केस 501 नकद कन्यादान एवम् इत्यादि घरेलू समान दिया गया। आज के इस कन्यादान की अध्यक्षता संस्था के संस्थापक मनीष गोगिया ने की ।गोगिया जी ने बताया की अभी तक संस्था की तरफ से लगभग 200 कन्याओं का कन्यादान किया जा चुका है ।इसके अलावा संस्था के द्वारा



अनेकों नेक कार्य किया जाते रहे है जैसे की आपातकालीन में रक्त का उपलब्ध करवाना , सम्मान समारोह आयोजित करना,छोटे बड़े त्योहार झुग्गी झोपड़ियों में रहें वालो के साथ मनाना ऐसे नेक कार्य किए जाते है। वही संस्था के सबसे मजबूत पिलर और हनुमान भाई संदीप जैन और संस्था के मार्गदर्शक डॉक्टर शिव कुमार के मार्गदर्शन में बताया की आने वाली 28 अप्रैल 2024 को जैन मांगलिक भवन तालाब बहादुर सिंह नारनौल में अपना 11 वा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन करने जा रही है इसमें युवा साथी अपनी इच्छानुसार रक्तदान करना चाहत है वो रक्तदान स्थान पर पहुंच कर रक्तदान करे। आज के कन्यादान में मनीष गोगिया,विजय सैनी,संदीप जैन,हिमांशु संघी,अनिल शर्मा,विकास जैन अन्य गणमान्य लोगों की उपस्थिति रही।

## आप ने संविधान चौक पर मनाया संविधान बचाओ व तानाशाही हटाओं कार्यक्रम

### बाबा साहेब द्वारा बनाये गये देश के संविधान व लोकतंत्र बचाने की आज है सख्त जरूरत: राकेश चुघ

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत: भारत** रत्न बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर रविवार को आम आदमी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने आप के जिला अध्यक्ष राकेश चुघ के नेतृत्व में पानीपत शहर में लाल बत्ती स्थित संविधान चौक पर संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ नामक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आप के सभी पदाधिकारियों व कार्यकताओं को जिला अध्यक्ष राकेश चुघ ने संविधान को बचाने और देश से भाजपा की तानाशाही को हटाने का संकल्प दिलवाया गया। वहीं राकेश चुघ ने कहा कि आप के शीर्ष नेतृत्व के निदेर्शानुसार बाबा साहेब डा.भीमराव अंबेडकर की जयंती पर आम



के पदाधिकारियों व कार्यकताओं द्वारा देशभर के प्रत्येक जिला व शहर में संविधान बचाओ, तानाशाही हटाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने देश का संविधान बनाया और बाबा साहेब ने संविधान में सभी लोगों को बिना किसी जाति एवं धर्म के समानता के अधिकार दिये गये। लेकिन भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र की मोदी सरकार देश के संविधान पर ही हमला कर रही है। उन्होंने कहा कि आज बाबा साहेब द्वारा बनाये गये देश के

**विरोध**

**8 बाबा साहेब ने संविधान में सभी लोगों को बिना किसी जाति एवं धर्म के समानता के अधिकार दिये गये**

संविधान व लोकतंत्र बचाने की जरूरत है और भाजपा की तानाशाही को समाप्त करने की आवश्यकता है। आरोप लगाया कि जिस तरह से भाजपा सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का विपक्ष के नेताओं के खिलाफ दुरूपयोग कर रही है, उससे देश का संविधान ही खतरे में है। इसलिये हमें संकल्प लेना है कि इस बार होने वाले लोकसभा चुनाव में देश के संविधान से खिलवाड करने वाली भाजपा को सत्ता से बाहर करना है ताकि देश का संविधान बचाया जा सके और इस तानाशाही का समाप्त किया जा सके।

इस अवसर पर आप के प्रदेश सह सचिव सुखबीर मलिक व राकेश मुंजाल, योगेश कौशिक, राजकुमार मुंडे, वींरेंद्र आर्य, जोनी सगु, दलविंद्र चीमा, रेणु राणा, प्रतीक कंसल, प्रीतपाल खेडा,रोशन नाथ महाराज, अजय शर्मा, अनिल पांडे, अर्जुन सिंह, पवन कोहली, कोमल कौर, नीलम परनामी, राजीव कंसल, दविंदर बंसल, बाबूराम गोयल, अमित नोहरा, मीनू, लक्ष्मी अरोडा, हेमा शर्मा, मास्टर सतबीर व राजकुमार चमराडा आदि मौजूद रहे।

## सभी उपायुक्तों से मंडियों में खरीद की जानकारी

**पानीपत: प्रदेश के मुख्य सचिव** टी वी एसएन प्रसाद ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रदेश के सभी डीसी से मंडियों में किसानों की फसल की वर्तमान स्थिति व खरीद केंद्रों के इंतजाम के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। मुख्य सचिव ने कहा कि किसानों की एक व्यवस्था के साथ फसल की खरीद करनी है। उन्होंने कहा की इस बार फसल की पैदावार अच्छी है ।ट्रांसपोर्टेशन, लिफ्टिंग की समस्या नही होनी चाहिए। बार दाने से संबंधित समस्या का निदान समय पर करना होगा। यह सिस्टम के तहत करने का प्रयास करना होगा। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। हमें जिमेंदारी पूर्वक कार्य करने की जरूरत है। मुख्य सचिव ने किसानों की फसल से जुड़ी अन्य समस्या के बारे मे अधिकारियो से जानकारी ली व समस्या के समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने एक एक करके प्रदेश के सभी उपायूक्तो से खरीद के संदर्भ में जानकारी ली। मुख्य सचिव ने प्रदेश के उपायुक्त को अब तक गेहूं व सरसो की फसल खरीद की जानकारी ली। इस मौके अतिरिक्त प्रधान सचिव अमित अग्रवाल ने भी मंडी में फसल को लेकर आ रहे किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो, इस का ध्यान रखने के निर्देश दिए। उपायुक्त डॉक्टर वीरेंद्र कुमार ने मुख्य सचिव को आश्वासन दिया की किसानों की फसल की खरीद संबंधी कोई भी समस्या नही आने दी जाएगी। वे 12 मंडियों व खरीद केंद्रों पर निगरानी बरत रहे है। किसानों को 17 करोड की पेमेंट की जा चुकी है। उन्होंने सरसो व गेहूं की खरीद की वर्तमान स्थिति पर प्रकाश डाला। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मंडियों का दौरा लगातार किया जा रहा है। हर समस्या से निपटने को लेकर प्रशासन तैयार है।

## थानेसर व शाहबाद उपमंडल के प्राइवेट स्कूलों की 550 बसों का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : उपायुक्त शांतनु** शर्मा के मार्गदर्शन में रविवार को पुलिस, आरटीए व शिक्षा विभाग की संयुक्त टीमों ने थानेसर व शाहबाद उपमंडल के प्राइवेट स्कूलों की 550 बसों का निरीक्षण किया। इस दौरान टीम द्वारा सभी बसों में उपलब्ध जरुरी सुविधाओं को जांचा और बसों के जरुरी कागजात का भी निरीक्षण किया। इस दौरान बसों का चालान करके उन पर




जुमार्ना भी लगाया गया। रविवार को डीएसपी सिटी ओम प्रकाश व नायब तहसीलदार परमजीत की देखरेख में बसों की जांच की गई। इस जांच के दौरान 550 बसों के रिकॉर्ड को जांचा गया।

## आहूजा क्लीनिक ने लगाया निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: अम्बाला शहर** के सैक्टर 10 स्थित श्री वैष्णो माता मंदिर में आहूजा डेंटल क्लिनिक सेक्टर-10 की ओर से निशुल्क दंत चिकित्सा शिविर लगाया गया जिसमें डॉक्टर गौरव आहूजा व डॉक्टर ज्योति आहूजा ने लगभग 70 मरीजों के दांतों की जांच की व निशुल्क दवाइयां देते हुए उन्हें बताया कि अपने दांत की सुरक्षा कैसे करनी है । डॉ गौरव आहूजा ने बताया कि हमेशा खाना खाने के बाद टूथब्रश करें और फास्ट फूड खाने से परहेज करें । जब



भी दांत की समस्या आए उसका इलाज तुरंत अनुभवी डॉक्टर से करवाए क्योंकि बुखार का इलाज सभी जगह हो सकता है परंतु दांतों का इलाज दंत चिकित्सक के पास ही किया जा सकता है । इसलिए दातों की बीमारियों को अनदेखा न करें इसे तुरंत इलाज हेतु दिखाया जाए ताकी रात के समय किसी भी तरह की कोई परेशानी ना हो । इसके अतिरिक्त डॉक्टर डॉ अरुण शर्मा नारायण हॉस्पिटल ने भी ने भी आए व्यक्तियों के बीपी शुगर इत्यादि चेक करके उनको फ्री में दवाइयां दी और उनको अपने शरीर को ठीक रखने के सुझाव दिए 1 डेंटल कैंप कैंप के डॉक्टर गौरव आहूजा ने वैष्णो मंदिर प्रधान व समत कार्यकारिणी का धन्यवाद किया। वैष्णों मंदिर प्रधान प्रभु दयाल गोयल ने आए डॉक्टरों का धन्यवाद किया और उन्हें वैष्णो माता का प्रसाद दिया और उन्हें शुभकामनाएं दी कि वह भविष्य में ऐसे फ्री कैंप लगाते रहे ताकि आम जनता को इसका फायदा हो सके ।

## अंबेडकर जयंती पर विभिन्न कार्यक्रमों में पहुँचे मेयर निखिल मदान

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत : रविवार को मेयर निखिल** मदान ने देश के संविधान निमार्ता बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेकर शहरवासियों को अम्बेडकर जयंती की शुभकामनाएं दी। इस दौरान मेयर निखिल मदान वार्ड 17 में वेस्ट राम नगर की तीन नलकों वाली गली में स्तिथ संत शिरोमणि रविदास धर्मशाला में पहुँचे जहाँ उन्होंने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया। मेयर निखिल मदान ने कहा कि बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं अपितु एक संस्था थे, एक विचार थे



जिन्होंने अपना पूरा जीवन वंचित और शोषित वर्ग को उनके अधिकार दिलाने के लिए समर्पित कर दिया। बाबा साहेब सामाजिक समरसता के अग्रदूत के तौर पर सदैव याद रखे जाएंगे।

बाबा साहब ने बेहद सीमित संसाधनों के साथ गरीब मजदूर वर्ग के हितों की लड़ाई लड़ी। अपनी विद्वता और योग्यता के चलते बाबा साहब देश के प्रथम कानून मंत्री और भारतीय संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष बने और उन्होंने देशवासियों को एक बेहतरीन संविधान दिया। आज के दौर में हम सब को भारतीय संविधान के मूल्यों और उसमें वर्णित नीतियों पर चलना चाहिए

यही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इसके उपरांत मेयर निखिल मदान ने पुरखास अड्डे पर संत शिरोमणि गुरु रविदास कल्याण सभा, गौतम नगर पुरखास अड्डा द्वारा बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित भंडारे में भाग लिया। मेयर निखिल मदान ने मौके पर मौजूद सभी लोगों को बाबा साहब की जयंती की शुभकामनायें दी और प्रसाद वितरित किया। मेयर निखिल मदान इसके बाद आर्य नगर की पुरानी कचहरी परिसर में बने कम्युनिटी सेंटर में पहुँचे जहाँ पहल ज़िंदगी की सामाजिक संस्था द्वारा टैलेंट एंड अवार्ड शो का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में छोटे बच्चों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गए। मेयर निखिल मदान ने सभी लोगों को बाबा साहब की जयंती की शुभकामनाये दी और बच्चो का हौसला बढ़ाया। इस मौके पर निगम पार्षद सुरेंद्र नैय्यर,निगम पार्षद नवीन तंवर ,संदीप सूद,भारत बंजन,बलराज कटारिया, ईश्वर वाल्मिकी, मनोज सैनी, अशोक ,देवेंद्र ,मनोज नागर ,सविंदर सिंह, कुमार गौरव ,रविंद्र कुमार ,रमणीक सिंह, गौतम ,विकास नागर,आरती राज , कुलदीप वत्स आदि लोग मौजूद रहे।

## सेफ इंडिया द्वारा नये पुराने वस्त्र, जूते व जरूरत का सामान वितरण

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: सोनीपत की अग्रणी** समाज सेवी संस्था सेफ इंडिया फाउंडेशन ने अपने वस्त्र वितरण अभियान के तहत आज रविवार दिनांक 14 अप्रैल को सविधान निमार्ता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर के जन्मदिन के अवसर पर मोहन नगर सोनीपत मे पुराने व नये वस्त्र, जूते व जरूरतमंद लोगों व बच्चों को बांटे, संस्था के चेयरमैन वाई के त्यागी व प्रधान संजय सिंगला ने बताया की सेफ इंडिया ने लोगों से अपील कर रखी है कि वो अपने पुराने वस्त्र, जूते या अन्य सामान संस्था के पास जमा करा दे ताकि जरूरतमंद लोगों को यह



दिया जा सके, सेफ इंडिया फाउंडेशन लगातार यह अभियान चलाये हुए है और अनेक समाजहित के कार्य संस्था द्वारा किये जा रहे है,आम लोगो ने संस्था को यह सामान जरूरतमंद बच्चों व लोगो को बाटने के लिए उपलब्ध कराये,इस दौरान महावीर शर्मा, मार्केटिंग बोर्ड के वाईस चेयरमैन संजय वर्मा, दीपक सिंगला, अविनाश सेठी आदि मौजूद रहे

## संपादकीय

# राजनैतिक प्रतिबद्धताओं में उतार-चढ़ाव

**अंग्रेजी** उपनिवेश के अंधे युग से मुक्ति के बाद भारत ने एक आधुनिक लोकतंत्र के रूप में अब तक तीन चौथाई सदी की यात्रा पूरी कर ली है। इस बीच यहाँ की राजनैतिक प्रतिबद्धताओं में उतार-चढ़ाव के कई दौर आए, कई आंतरिक और बाह्य आपदाएँ भी आईं फिर भी संसदीय लोकतंत्र की रक्षा करने में देश सफल रहा। इस बीच नेतृत्व में भागीदारी भी इस अर्थ में विकेंद्रित हुई कि वह अभिजात वर्ग के एकल वर्चस्व से बाहर आई। कहा जा सकता है कि देश की सामाजिक चेतना का विस्तार हुआ। कुल मिला कर पराधीन से स्वाधीनता की राह पर चलना एक विदेशी जकड़न से मुक्त कराने वाला अनुभव था पर ह्यपूर्ण स्वराजह्न की सोच एक आज तक अधूरी प्रोजेक्ट ही रही। उसने देश के नागरिकों को अनिवार्य दायित्व की एक अनदेखी डोर से भी बांधा था । स्वतंत्रता का अर्थ स्वच्छंदता न हो कर समर्थ होने और आत्म-निर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाना है।इसलिए जब अमृत-काल की अवधि में एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्प लिया गया तो सबने हामी भरी । इस काम में पूरे भारतीय समाज का जुड़ाव चाहिए। इसके लिए गणतंत्र की परिधि में संसदीय प्रणाली के अनुसार होना है । इस दृष्टि से लोक सभा का ताजा चुनाव एक खास अवसर है। चुनाव के लिए प्रचार का काम जोरों पर है। वोटर को फुसलाने और लुभाने के लिए कि स्म-कि स्म की तरकीबें आजमाई जा रही हैं ताकि जन-समर्थन और वोट इकट्ठा किया जा सके । जनसभा, रोड शो, रैली और रेला के बड़े और मेगा शो साथ-साथ अब घर-घर मतदाताओं से मिल कर अपने पार्टी के पक्ष में जमीनी स्तर पर प्रचार करने की कवायद रफ़्तार पकड़ने लगी है। मीडिया खास तौर पर टी वी चैनलों पर होने वाले वाद-विवाद (जिन्हें दंगल! हल्लाबोल! शंखनाद! के रूप में प्रचारित कर लोकप्रिय बनाया जाता है) गौर तलब हेन। इनमें नेताओं के अंतःकरण की आवाज के साथ उनकी दृष्टि (और पार्टी) में बदलाव की आहट, दल-बदल की खबरें, चुनावी टिकट की अनोखी बंदरबाँट और विभिन्न दलों के झूठे-सच्चे आपसी आरोप-प्रत्यारोप के दावे विचार के विषय होते हैं। राजनैतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं के (अनोखे और कभी-कभी हास्यास्पद किस्म के) वक्तव्य और तीखे वाग्युद्ध तथा राजनैतिक विश्लेषकों द्वारा की जाने वाली रोचक भविष्यवाचक टिप्पणियाँ दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाती हैं। शायद उनकी राय बनाने में मददगार भी होन हालाँकि विभिन्न पार्टियों के बेतुके और परस्पर विरोधी दावे कई बार दिग्भ्रमित भी करते हैं। साथ ही सरकारों और नेताओं के दोषों, कमियों और गलतियों की फेहरिस्त भी घटा-बढ़ा कर पेश की जाती है। नेताओं के पुराने और यादगार अच्छे-बुरे, प्रासंगिक और गैर-प्रासंगिक (बेतुके!) कारनामों की भी मदद ली जाती है। उनके भूत उतारे नहीं उतरते और वर्तमान की लड़ाई के लिए इतिहास अस्त्र-शस्त्र मुहैया करता रहता है। इस बीच राजनैतिक चाल भी ठहरी नहीं रहती। गोया निरंतर इतिहास रचा जाता है। राजनीतिक परिदृश्य कुछ ऐसा है कि मोदी की उपस्थिति, छवि और संवाद-पटुता ने उनको राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। उनकी गतिशीलता ने भारत की छवि को भरोसेमंद बनाया है। उनकी रीति नीति में समावेश की प्रवृत्ति भी झलकती है। आर्थिक मोर्चे पर मजबूती, प्रतिरक्षा तंत्र का स्वदेशीकरण, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश के बढ़ते कदम आश्वस्ति का संकेत देते हैं। मोदी की गारंटी असरदार हो रही है।

# लोकसभा चुनावः वायदों की भरमार में उलझा मतदाता





प्रेम शर्मा

> अब जबकि हम 18 लोकसभा के लिए मतदान करने जा रहे है तो क्या कोई राजनैतिक दल इस बॉत की गारन्टी देगा कि देश में बेरोजगारी, किसानों, महंगाई और माध्यमवर्गीय परिवार के जीवन में कोई सुधार आ पाएगा ? क्या नई सरकार आने के बाद वीआईपी कल्चर खत्म हो जाएगा। चौराहे पर स्कूल, अस्पताल, कार्यालय जाने के लिए आपकों वीआईपी के निकल जाने तक इंतजार नही करना पड़ेगा। एक दो नही दर्जनों सवाल है जिनका जबाब शायद ही कोई राजनैतिक दल स्पष्ट रूप से दे सके। बहरहाल देश की जनता को अपनी इन मजबूरियों की बीच मतदान तो करना ही होगा

**चुनाव** से पूर्व हर राजनैतिक दल अपना घोषणा पत्र यानि वोटरों के लिए वायदों का पिटारा लेकर आता है। पिटारे में इतने वायदे होते है जिसका पूरा होना कभी सम्भव ही नही होता। ऐसा एक चुनाव में नही बल्कि हर चुनाव में होता है। मतदाता के साथ ठीक वैसी ही स्थिति होती है कि बिचारा मरता ना क्या करता वह इन राजनैतिक दलों के वायदों की भरमार में उलझ जाता है। 18 वीं लोकसभा के लिए होने वाले चुनाव में भी युवा बेरोजगारों की फौज, किसानों और माध्यम वर्गीय परिवारों के साथ महंगाई से निजात दिलाने के लिए सभी राजनैतिक दलों ने तबाड़तोड़ घोषणाए की है। ऐसी घोषणाएं पूर्व में भी राजनैतिक दलों द्वारा की गई लेकिन सत्ता में आने के बाद उन पर कितना अमल हुआ यह आम जनता अच्छे से जानती है। कभी जाति तो कभी क्षेत्र के नाम पर राजनीति का अखाड़ा बने चुनाव ने हर बार आम जनता के साथ केवल छल किया है। जनता के हाथ न तो अच्छे दिन नजर आ रहे और न ही अच्छे नेता। चुनाव जितने के बाद जिस तरह से जनप्रतिनिधि क्षेत्र से गायब होते है यह बॉत आम मतदाता अच्छी तरह जानता है। लेकिन जनता के पास कोई विकल्प नही है। भले ही आज भी देश की चालीस प्रतिशत तक जनता मतदान न करे फिर भी जनप्रतिनिधि का चुनाव हो जाता है। यानि आपकी नाराजगी से किसी को कोई मतलब नही है। हालाकि देश में क्षेत्रीय दलों को मिलाकर एनडीए और इण्डिया गठबंधन चुनाव मैदान में है। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस आमने सामने है। इन दोनों दलों ने वायदों की ऐसी भरमार दी है कि आम मतदाता उलझा हुआ है। देश में युवा बेरोजगार, परेशान किसान और माध्यमवर्गीय परिवार ऊहापोह की स्थिति में है। सोशल मीडिया, प्रचार प्रसार और बिकाऊ मीडिया ने इस संवर्ग की आवाज को दबा दिया है। इन संवर्ग की दुर्दशा पर किसी की नजर नही है। हर राजनैतिक दल सत्ता हासिल करने के लिए हर तरीके के हथकड्डे और पैतरे लगा रहा है।

देश में सत्तारूढ़ भाजपा ने चार सौ के पार का दावा करने के साथ अपने घोषणा पत्र में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति को लक्ष्य बनाया है। घोषणा पत्र जारी करने के दौरान जेपी नड्डा, नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और राजनाथ सिंह की उपस्थिति में राममंदिर, धारा 370 ,तीन तलाक, सीसीए और महिला आरक्षण के वायदे को पूरा करने के साथ गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना 2029 तक देने का वादा, 70 साल से ऊपर के बुजुर्गों को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज, मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा 20 लाख रुपए की जाएगी। 3 करोडगरीबों को घर दिए जाएंगे।. एक राष्ट्र, एक चुनाव और एक सामान्य मतदाता सूची प्रणाली शुरू की जाएगी।

भारत को दुनिया के हर उभरते सेक्टर का ग्लोबल हब बनाने का संकल्प है।वंदे भारत का विस्तार करेंगे। वंदे भारत के 3 मॉडल चलेंगे। वंदे भारत स्लीपर, वंदे भारत चेयरकार और वंदे भारत मेट्रो। अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन का काम पूर्ण हो रहा है। उसी तरह से आने वाले समय में उत्तर भारत में एक बुलेट ट्रेन, दक्षिण में एक बुलेट ट्रेन और पूर्वी भारत में एक बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट चलाएंगे।21वीं सदी के भारत की बुनियाद के लिए भाजपा 3 इन्फ्रास्ट्रकचर्स से मजबूत करेगी। सोशल, डिजिटल और फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर। सोशल- नए इंस्टिट्यूट, मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कॉलेज, ट्रक ड्राइवर्स के लिए हाईवे के पास रेस्ट के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर्स डेवलप करने जा रहे हैं। फिजिकल- हाईवे, रेलवे, एयरवे, वाटरवे को आधुनिक बना रहे हैं। डिजिटल- 5 जी विस्तार, 6 जी पर काम, इंडस्ट्री 4.0 के लिए डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम कर रहे हैं, सर्विसेस को ऑनलाइन कर रहे हैं। व्छक्ब और टेली मेडिसिन का विस्तार कर रहे हैं। जैसी तमाम घोषणाएं की गई है। हालांकि एनआरसी, समान नागरिक संहिता, गंगा सफाई, गरीबों को मकान और 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था का वायदा अभी भी अधूरा है।

देश के अन्दरूनी हालातों के बीच 18 वीं लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने अपना घोषणा का दूसरा नाम न्याय पत्र दिया है।।

इस मेनिफेस्टो में कांग्रेस के जनता के 25 गारंटिया काफी अहम है। साथ ही इस मैंने पोस्ट में कांग्रेस पार्टी ने वादा किया कि देश में सभी सरकार बनने पर वह जाति आधारित जनगणना करेंगे। और आरक्षित अधिकतम सीमा बढ़ाकर 50 से प्रतिशत से ज्यादा करेंगे। कांग्रेस ने इस घोषणा पत्र में युवाओं के लिए 9, महिलाओं के 8, किसानों के लिए 7, शिक्षा क्षेत्र के लिए 7, संविधान की रक्षा के लिए 7 और अन्य क्षेत्र के लिए 7 भारी भरकम वायदे किये है। इसके साथ ही इनके सहयोगी दल समाजवादी पार्टी ने पुरानी पेंशन बहाली जैसे मुद्दों को अपने घोषणा पत्र में शामिल किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि सरकार बनने पर किसानों को एमएसपी की गारंटी दी जाएगी। युवाओं को रोजगार देने का काम करेंगे। आटा और डाटा से लेकर शिक्षा को बेहतरी का वायदा किया है। सपा के घोषणा पत्र में महिलाओं के लिए जीरो टॉलरेंस, ओल्ड पेंशन स्कीम को लागू करेंग, 2025 तक जाति आधारित जनगणना, 2025 तक एसी,एसटी,ओबीसी के सभी सरकारी रिक्त पद भरेंने सहित दो दर्जन से अधिक भारी भरकम वायदे किये गए है। राजनैतिक दलों की तबाड़तोड़ घोषणाओं के बीच यर्थात में तकरीबन 80 फीसदी आम भारतीयों के लिए रोज-ब-रोज का भ्रष्टाचार, कुप्रशासन और दैनिक सुविधाओं का अभाव सबसे बड़ी समस्या है लेकिन चुनावों के दौरान या अन्यथा भी वर्तमान राजनीतिक विमर्श में इन मुद्दों की कोई खास चर्चा नहीं है।समय की मांग है कि आम आदमी को त्वरित और प्रभावी सेवा मिल सके लेकिन राजनीतिक दलों के पास न तो समय है, न ही नीयत और न ही कोई तरीका ऐसा तरीका है

जिससे वो आम आदमी का जीवन आसान बना सकें। प्रशासनिक सुधार, खासतौर पर निचले स्तर की बाबूगिरी में, और पुलिस सुधार से रोजमर्रा की कई शिकायतें हल हो सकती हैं लेकिन ऐसा लगता नहीं कि राजनीतिक तबके को इसमें कोई रुचि है। क्योंकि कोई भी राजनीतिक दल सत्ता की बागडोर ढीली नहीं करना चाहता। सत्ता पर लगाम कसे रहने के लिए वफादार, आज्ञाकारी और पक्षपातपूर्ण लालफीताशाही की जरूरत होती हैं।

अब जबकि हम 18 लोकसभा के लिए मतदान करने जा रहे है तो क्या कोई राजनैतिक दल इस बॉत की गारन्टी देगा कि देश में बेरोजगारी, किसानों, महंगाई और माध्यमवर्गीय परिवार के जीवन में कोई सुधार आ पाएगा ? क्या नई सरकार आने के बाद वीआईपी कल्चर खत्म हो जाएगा। चौराहे पर स्कूल, अस्पताल, कार्यालय जाने के लिए आपकों वीआईपी के निकल जाने तक इंतजार नही करना पड़ेगा। एक दो नही दर्जनों सवाल है जिनका जबाब शायद ही कोई राजनैतिक दल स्पष्ट रूप से दे सके। बहरहाल देश की जनता को अपनी इन मजबूरियों की बीच मतदान तो करना ही होगा।

## कविता

### "झूमता बसन्त है"

फूलों में, कलियों में, पत्तो में, फलियों में,
गाँव की गलियों में, प्यार के छलियों में,
झूमता बसन्त है।

रंगों में, अंगों में, प्रेम के प्रसंगों में,
बागों में, बहारों में, गांवों में, बाजारों में,
झूमता बसन्त है।

बच्चों में, जवानों में, बूढ़ो में, सयानो में,
दीवानों परवानों में, मेरे-तेरे अरमानों में,
झूमता बसन्त है।

एक में, लाखों में, प्यार भरी आंखों में,
सरसों के फूलों में, प्रीत के झूलों में,
झूमता बसन्त है।

गेंदा में, गुलाब में, आफताब मेहताब में,
फितरत में, कुदरत में, मोहब्बत में, नफरत में,
झूमता बसन्त है।

हंसने में, मुस्काने में, अदा में इतराने में,
प्यार में, जलन में, विरह में, मिलन में,
झूमता बसन्त है।

नदियों में, पहाड़ों में, गर्मी में, जाड़ो में,
दिन में रात में, बातों ही बात में,
झूमता बसन्त है।

संजीव

# संगीत उद्योग में नौकरी उन्मुख कैरियर विकल्प

विजय गर्ग

संगीत सबसे बड़ी मानवीय उपलब्धियों में से एक है। संगीत भावनाएँ पैदा कर सकता है और भावनाओं को व्यक्त कर सकता है। यह मन को भी शांत करता है। संगीत आज एक बेहतरीन करियर विकल्प बन गया है। मनोरंजन उद्योग की अपार वृद्धि के साथ, संगीत में करियर तेजी से एक अच्छा विकल्प बनता जा रहा है। प्रतिभा, सच्ची रुचि, ईमानदारी और कड़ी मेहनत करने की इच्छा से संगीत के क्षेत्र में सफलता निश्चित रूप से हासिल की जा सकती है। गायन की जन्मजात प्रतिभा होना एक अद्भुत उपहार है। लेकिन इस प्रतिभा से करियर बनाने के लिए बहुत अधिक अभ्यास और कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। किसी संस्थान से जुड़ना और प्रशिक्षण प्राप्त करना संगीत में करियर बनाने की दिशा में पहला कदम है, लेकिन व्यक्ति का जोर वास्तविक समर्पण और प्रतिबद्धता पर होना चाहिए। जो व्यक्ति संगीत में अपना करियर बनाना चाहता है, उसके अंदर संगीत के प्रति सच्चा प्रेम, संगीत की समझ यानी समय और लय की समझ, रचनात्मक क्षमता और मंच पर आत्मविश्वास भी होना चाहिए। संगीत उद्योग में कैरियर विकल्प जिस तरह संगीत में शास्त्रीय, लोक, जैज, रॉक, पॉप, फ्यूजन आदि विधाओं की व्यापक विविधता है, उसी तरह इस क्षेत्र में भी अवसरों की विविधता है। जैसा कि नीचे चर्चा की गई है, इस उद्योग में कई करियर विकल्प हैं। संगीतकारः एक संगीतकार वह होता है जो विभिन्न संगीत शैलियों में मौलिक संगीत लिखता और व्यवस्थित करता है। वे पॉप से लेकर जैज और शास्त्रीय संगीत तक का मूल संगीत बनाते हैं। टेलीविजन शो के लिए संगीत विषय और पृष्ठभूमि संगीत संगीतकारों द्वारा बनाए जाते हैं। एक संगीतकार का काम दर्शकों का ध्यान भटकाए बिना किसी फिल्म, टेलीविजन कहानी, नाटक या वीडियो गेम में कहानी बताने में मदद करना है। उनके द्वारा बनाया गया साउंडट्रैक प्रोजेक्ट के अनुरूप होना चाहिए और उचित मूड और टोन को व्यक्त करना चाहिए। एक संगीतकार में धैर्य, संगीत प्रतिभा, वाद्ययंत्रों का ज्ञान, नेटवर्किंग और मार्केटिंग, गायन आदि गुण मौजूद होने चाहिए। पेशेवर संगीतकार बनने के लिए संगीत रचना में स्नातक की डिग्री की आवश्यकता होगी। एक संगीतकार सालाना लगभग 7,00,000 रुपये कमा सकता है, बाकी काम और अनुभव पर निर्भर करता है। निमार्ताः संगीत निमार्ता रिकॉर्डिंग सत्र के सभी पहलुओं की देखरेख करता है, जिसमें सत्र की योजना बनाने से लेकर तैयार उत्पाद तक शामिल है। एक संगीत निमार्ता के रूप में, आप उपकरण उपलब्ध कराने, स्टूडियो समय निर्धारित करने और धन, लागत और अन्य खर्चों को संभालने के लिए जिम्मेदार होंगे। एक संगीत निमार्ता को संगीत का गहन ज्ञान होना चाहिए, प्रदर्शन के अनुभव वाला संगीतकार होना चाहिए और रिकॉर्डिंग उपकरण और ध्वनि इंजीनियरिंग के बारे में सब कुछ पता होना चाहिए।

## विचार

# जब ग्वालियर से अटल जी ने खाई मात

राकेश

**भारत की** सियासत में अनेक नेता अजेय माने जाते है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ऐसे ही नेताओं में से एक थे ,लेकिन पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी बाजपेयी ने 1985 का लोकसभा चुनाव सिंधिया परिवार को टूटने से बचाने के लिए किया गया एक बड़ा बलिदान है। अटल जी ने उस चुनाव में अपने सियासी जीवन की सबसे बड़ी पराजय का सामना किया था। अटल जी भारतीय राजनीति के अजातशत्रु थे।

माधवराव सिंधिया ने 1971 ,77 और 1980 का लोकसभा चुनाव गुना-शिवपुरी संसदीय सीट से लड़ा था । माधवराव सिंधिया को हराने के लिए विपक्षी पार्टियों ने पूरी ताकत लगाई लेकिन वो कभी चुनाव नहीं हारे। बाद में माधवराव सिंधिया कांग्रेस में शामिल हो गए और 1985 में कांग्रेस ने भाजपा के सबसे बड़े नेता अटल बिहारी बाजपेयी को हारने के लिए माधवराव सिंधिया को तुरुप के पत्ते की तरह इस्तेमाल करते हुए गवालियर सीट सेअटल बिहारी वाजपेयी के खिलाफ ग्वालेऔर सीट से मैदान में खड़ा कर दिया। ये फैसला नामांकन पत्र भरने के अंतिम क्षणों में हुआ बाजपेयी के खिलाफ किसी दूसरी सीट से नामांकन भरने का वक्त ही नहीं बचा था ।

मुझे याद है कि उस समय राजमाता और माधवराव सिंधिया के बीच दूरियां बढ़ने लगी थी।

माधवराव सिंधिया जनसंघ छोड़कर कांग्रेस में चले गए थे। जिस कारण से राजमाता नाराज थीं। ऐसे में राजमाता ने भी 1984 का लोकसभा चुनाव ग्वालियर से लड़ने की बात कही थी। अटल बिहारी वाजपेयी को जैसे ही राजमाता के ग्वालियर से चुनाव लड़ने की भनक लगी वो सीधे ग्वालियर आकर राजमाता से मिले और कहा कि मैं कोटा की जगह ग्वालियर से चुनाव लड़ूगा।अटल जी ने ये प्रस्ताव भावुकता में किया था ,उन्हें क्या पता था कि उनका ये फैसलना आत्मघाती साबित होगा। माधवराव सिंधिया ने उन्हें करीब पौने दो लाख वोटों से हराया था।

भाजपा 1984 के लोकसभा चुनाव में अटल बिहारी वाजपेयी के लिए एक सुरक्षित सीट की तलाश में थी। जिसके लिए पहले कोटा और बाद में ग्वालियर सीट पर विचार किया गया,अंत में ग्वालियर सीट से उनका नाम फाइनल किया था क्योंकि ये सीट राजमाता के प्रभाव वाली सीट थी। मजे की बात ये है कि अटल बिहारी वाजपेयी ने ग्वालियर से चुनाव लड़ने से पहले माधवराव सिंधिया से पूछा था कि आप ग्वालियर से तो चुनाव नहीं लड़ेंगे ? दोनों के रिश्ते बहुत मधुर थे। माधवराव सिंधिया ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे तो गुना से चुनाव लड़ते हैं। ग्वालियर से क्यों लड़ेंगे ?। लेकिन ऐन मौके पर जब राजीव गांधी ने माधवराव सिंधिया की सीट बदल दी तो खुद माधवराव सिंधिया अवाक रह गए।

1984 -85 में अटल बिहारी वाजपेयी वैसे तो माधवराव सिंधिया की उम्मीदवारी सामने आते ही आधा चुनाव हार गए थे ,लेकिन उन्होंने मैदान नहीं छोड़ा। पांव में तकलीफ के बाद भी वे प्लास्टर बांधकर चुनाव प्रचार करते १ँ। भाजपा के कुछ स्थानीय कार्यकताओं ने अटल जी कि ऊँट पल पर हुई सभा में बम रखे होने की अफवाह उड़ाई और एक नारियल छिपकर रख दिया लेकिन हवा को नहीं बदलना था ,सो नहीं बदली। अटल जी मन मारकर गलीई-गली चुनाव प्रचार करते रह। खुद राजमाता ने सार्वजनिक रूप से अटल जी का प्रचार किया लेकिन उनका दिल आपने बेटे की जीत के लिए धड़क रहा थ। पार्टी कार्यकताओं ने भी राजमाता के मन की बात सुनी और अटल जी का साथ छोड़ दिया। अटल जी को चुनाव है=रना था सो चुनाव हार गए। चुनाव परिणामों की अंतिम घोषणा से पहले ही अटल जी ने कुछ चुनिंदा पत्रकारों से बातचीत में एक खीज भरी मुस्कराहट बिखेरते हुए कहा कि - ग्वालियर से चुनाव लड़कर मैंने मां -बेटे की लड़ाई को महल तक सीमित रहने दिया। उसे सड़क पर नहीं आने दिया।

मुझे अच्छी तरह से याद है कि अटल जी ने कहा था कि-' अगर मैं इस सीट से चुनाव नहीं लड़ता तो माधवराव सिंधिया के खिलाफ राजमाता चुनाव लड़ जाती और मैं यही नहीं चाहता था।' आपको याद होगा कि राजमाता में राजहठ बहुत थ। इससे पहले वे पार्टी के मना करने के बावजूद रायबरेली से इंदिरा गाँधी के खिलाफ चुनाव लड़कर हार चुकी थी।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआईः HPHIN / 2012 / 48072**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक रवि भारद्वाज, एक्शन इंडिया कार्यालय कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना हिमाचल प्रदेश-174303 ने अर्थ प्रकाश प्रैस, अर्थ प्रकाश भवन, सेक्टर-29डी, चंडीगढ़ से छपवाकर प्रकाशित किया। "एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र हिमाचल प्रदेश ही होगा।

**समूह संपादकः रवि भारद्वाज (9999889104)**
**स्थानीय संपादकः पंकज शर्मा (7018221146)**
ई-मेल : actionindiashimla@gmail.com
actionindiauna@gmail.com

**एक्शन इंडिया शिमला कार्यालयः सचदेवा निवास, डेजी बैंक इस्टेट, नजदीक जोधा निवास, लोअर जाखू, शिमला, 171001**
**एक्शन इंडिया ऊना कार्यालयः कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना, हिमाचल प्रदेश-174303**



### वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# चुनाव में जनप्रतिनिधियों का चयन होता है

डा.मनमोहन प्रकाश

**भारतीय सं**विधान के अनुसार भारत एक लोकतांत्रिक गणराज्य है। जिसमें जनता द्वारा, जनता के लिए, जनता की सरकार का गठन होता है। सरकार के गठन में चुनाव /निर्वाचन ( प्रतिनिधियों के चुनने की प्रक्रिया) की विशेष भूमिका है।इसी के माध्यम से केन्द्र में लोकसभा लिए तथा राज्यों में विधानसभा आदि के लिए प्रतिनिधियों का चयन होता है। भारत में प्रस्तावित लोकसभा चुनाव में वर्तमान में 543 संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हैं और प्रत्येक क्षेत्र से एक सदस्य लोकसभा के लिए चयनित होना है। लोकसभा क्षेत्र का सीमांकन संविधान के अनुच्छेद 82 के अनुसार होता है।सामान्य स्थिति में प्रत्येक राज्य अपने जनगणना आंकड़ों के अनुसार अपनी जनसंख्या के अनुपात में लोकसभा में प्रतिनिधित्व (सांसद) प्राप्त करता है। चयनित प्रत्याशियों को अपने क्षेत्र से पांच वर्ष के लिए लोकसभा में प्रतिनिधित्व करने का अधिकार प्राप्त होता है।निर्वाचन व्यस्क मताधिकार (18 वर्ष और उससे अधिक उम्र के भारतीय नागरिक को मतदाता बनने का अधिकार प्राप्त है) के आधार पर ही होते हैं। चुनाव आयोग प्रत्येक निर्वाचन क्षेत्र से सर्वाधिक मत प्राप्त करने वाले प्रत्याशी का चयन कर उसे संबंधित क्षेत्र से निर्वाचित घोषित किया जाता है।आयोग द्वारा प्रत्याशी को निर्वाचन उपरांत दिये जाने वाले प्रमाण पत्र में भी प्रत्याशी की हार या जीत का उल्लेख नहीं होता है। किन्तु विचित्र बात यह है कि प्रत्येक प्रत्याशी मतदाता से उसे जीताने तथा अन्य प्रत्याशी को हराने के लिए मत देने की याचना करता नजर आता है। इसी तरह की याचना दल स्तर पर भी होती नजर आती है। चुनाव के दौरान लगने वाले होर्डिंग में भी प्रत्याशी को भारी बहुमत से जीताने का अनुरोध किया जाता है। आम सभाओं में, रेलियों में भी स्टार प्रचारक अपनी पार्टी के प्रत्याशी को जीताने के लिए वोट मांगते हुए दिखाई देते हैं।कोई भी प्रत्याशी या प्रचारक मतदाता से यह निवेदन करता हुआ नजर नहीं आता कि लोकसभा में प्रतिनिधित्व के लिए उसके प्रत्याशी का चयन करें।ऐसा देखा गया है जब भी चयन की बात आती है तो उसमें मेरिट अपने आप जुड़ जाती है। अथार्त उस स्थिति में प्रत्याशी को, उसके समर्थकों को, मतदाताओं को बताना होता है कि उसके प्रत्याशी का चयन क्यों किया जाए ?

# गिरगिट की किटकिट

डॉ. सुरेश

एक है गिरगिट, और एक उसकी जुबान। दुन्नो जानलेवा.. अंग्रेजी में पढ़े लिखे लोग इसे केमेलियोंन भी कहते है। ये नाम ग्रीक शब्द केमेल (भूमि) और लायन (शेर) से मिलकर बना है। अर्थात केमेलियोंन का मतलब, धरती पे फिरने वाला शेर है। तो शेर अकेला चलता है, केमेलियोंन भी अकेला ही चलता है। इसे आसपास दूसरे गिरगिट पसंद नही होते। सरीसृपों में गिरगिट की चाल अनोखी है। वो अगले पांवों पर तनकर, सीना उठाकर मटकता सा चलता है। गिरगिट यूं तो काडेर्टा का मेम्बर है, याने रीढ़ की हड्डी होती तो है, लेकिन यूज नही होती। वो सीधा खड़ा नही होता, और यही उसकी ताकत है। सर झुकाकर, घात लगाकर, मौका पाते ही शिकार करता है। शिकार का हथियार अविश्वसनीय है, यूनिक है। प्राणी जगत में इस हथियार से हत्याङ्कगिरगिट और मनुष्य ही कर सकते हैं। वो हथियार है- जुबान। गिरगिट की जुबान उंसके बदन से दोगुनी लम्बी होती है। यूं समझिये की अगर गिरगिट इंसान होता तो उसकी जुबान 12 फीट या तीन मीटर होती। इतनी लंबी जुबान होने का अहसास बाहर से देखने वाले को हो नही पाता। जुबान मुंह के भीतर रोल होकर रखी होती है। सही शिकार, सही मौका देखकर तीर की तरह फेंकी जाती है। चिपचिपी, लसलसी, लम्बी जुबान में कीड़े मकोड़े चिपक कर गिरगिट के मुंह मे खिंचे चले जाते हैं, निवाला बनने के लिए।

मोरल- कीड़े मकोड़े ही गिरगिट की जीभ में लपटते है। -गिरगिट छोटे या मध्यम आकार के होते हैं।

कुछ मौका पाकर मुटा भी जाते है। वजन हल्का होता है जो मौका देखकर फुदक कर भागने के लिए उपयुक्त है। परिवेश में घुल जाना, गिरगिट की सुरक्षा है। इसे केमोफलेजिंग कहते है। असल मे गिरगिट जहां होता है, वैसा बन जाता है। पत्तो में हरा, तनों में भूरा, फूलों में रंगीन। यूं समझिये कि पूर्वांचल पहुचे तो छोरा, गंगा किनारे वाला दिखेगा मगर पठानों के बीच हो, तो पठान का बच्चा दिखेगा। गिरगिट का असल रंग, असल पहचान समझना मुश्किल ही नही नामुमकिन भी है। मगर ठहरिए। रंग बदलना उसकी स्मार्टनेस नही, भय है। असल में उसकी स्किन के नीचे पिगमेंट्स की सतह होती है, जिसके साथ होते है ग्वानीन के क्रिस्टल।

# स्किन से लेकर बालों तक, नीम के पत्ते चबाने से होते हैं कई फायदे



सदियों से नीम का इस्तेमाल कई बीमारियों के इलाज के लिए किया जा रहा है। मेडिकल साइंस में भी नीम का इस्तेमाल कई दवाइयों को बनाने में किया जाता है। नीम में कई ऐसे गुण होते हैं, जो सेहत के लिए तो लाभकारी साबित होते ही हैं साथ ही स्किन को भी बहुत फायदा पहुंचाते हैं। नीम खून को भी साफ करता है। आइए जानते हैं नीम के पत्ते चबाने के अनगिनत फायदों के बारे में-

## स्किन के लिए फायदेमंद

नीम के पत्तों में एंटी-बैक्टीरियल गुण पाए जाते हैं। ये स्किन इंफेक्शन, मुंहासे और कई प्रकार की स्किन संबंधी समस्याओं से राहत दिलाता है। कीड़े के काटने, खुजली होने, दाद आदि स्किन संबंधी समस्याओं पर नीम के पत्तों का पेस्ट हल्दी के साथ मिलाकर लगाने से फायदा होता है। नीम चेहरे के दाने और धब्बे भी दूर करता है।

## बालों के लिए फायदेमंद

नीम के पत्ते चबाने से बालों को भी फायदा पहुंचता है। नीम स्कैल्प को फ्री रेडिकल से होने वाले नुकसान से सुरक्षित रखता है। नीम में मौजूद एंटी-फंगल गुण से डैंड्रफ की समस्या दूर होती है। इसके लिए नीम के पत्तों को पानी में उबालकर, उस पानी से बाल धोने से डैंड्रफ तो दूर होता ही है, साथ ही बालों की अन्य समस्याओं से भी राहत मिलती है।

## इम्यून सिस्टम को मजबूत बनाए

नीम में एंटीऑक्सीडेंट के साथ एंटीमाइक्रोबियल, एंटीवायरल गुण भी पाए जाते हैं। नीम के पत्ते चबाने से इम्यून सिस्टम मजबूत बनता है। दरअसल, नीम के पत्ते चबाने से शरीर में मौजूद बैक्टीरिया नष्ट हो जाते हैं, जिससे शरीर कई बीमारियों से सुरक्षित रहता है।

## डाइजेशन बेहतर करता है

नीम लिवर के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है, जिससे नेचुरली तरीके से डाइजेशन बेहतर होता है।

# बच्चों के लिए खतरनाक है पैकेट बंद दूध

नवजात बच्चों को पैकेट बंद दूध पिलाना आम बात है, लेकिन इसे लेकर हाल में जो खबर आई है, वो चौंकाने वाली है। भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) के हालिया अध्ययन में इस बात का खुलासा हुआ है कि भारत में बिकने वाला करीब 10 प्रतिशत दूध स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। चिकित्सकों का कहना है कि इस पैकेटबंद दूध से नवजातों या बच्चों में भी बड़ी आसानी से 'डेवलपमेंट डिसऑर्डर' हो सकता है।



## प्रीमैच्योर बॉडी के लिए नुकसानदेह

डॉक्टरों का कहना है कि नवजात या कम उम्र के बच्चों के लिए मिलावटी या पैकेट में बंद दूध बहुत नुकसानदायक है, क्योंकि उनका शरीर प्रीमैच्योर होता है और किसी भी तरह की मिलावट का उनके हर अंग पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

खासतौर पर किडनी, लीवर और ब्रेन पर मिलावट वाले दूध घातक परिणाम डालते हैं। डॉक्टर जीएस लांबा ने कहा कि मिलावटी या कॉन्टैमिनेटेड दूध से होने वाला नुकसान इस बात पर निर्भर करता है कि कॉन्टैमिनेशन कैसा है। अगर दूध में बैक्टीरियल कॉन्टैमिनेशन है तो आपको फूड प्वाइजनिंग, पेट दर्द, डायरिया, इंटेस्टाइन इंफेक्शन, टाइफाइड, उल्टी, लूज मोशन जैसे इंफेक्शन होने का डर होता है।

## यूरिया का होता है इस्तेमाल



हाल ही में यह खुलासा हुआ था कि भारत में बिकने वाला करीब 10 प्रतिशत दूध हमारे स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। इस 10 प्रतिशत में 40 प्रतिशत मात्रा पैकेज्ड मिल्क की है, जो हमारे हर दिन के भोजन में इस्तेमाल में आता है। इसे लेकर डॉ. लवकेश आनंद का कहना है कि मिलावटी दूध में यूरिया, वेजिटेबल ऑयल, ग्लूकोज से लेकर अमोनियम सल्फेट, एंटीबायोटिक्स, कीटनाशक, एफ्लाटॉक्सिन एम 1 तक पाया जाता है, जो हमारे स्वास्थ्य के लिए बहुत ही नुकसानदायक है।

# रेसिपी



## पनीर आलू कोफ्ता

■ आलू : 4 (उबले हुए) ■ पनीर : 125 ग्राम ■ खसखस : ¼ कप ■ टमाटर : 3 ■ हरी मिर्च: 2 ■ कॉर्न फ्लोर : ¼ कप ■ हरा धनिया : 2-3 टेबल स्पून (बारीक कटा हुआ) ■ काजू : 5-6 (बारीक कटे) ■ किशमिश : 15-20 ■ अदरक पेस्ट- 1 चम्मच ■ जीरा : ¼ चम्मच ■ हल्दी पाउडर : ½ चम्मच ■ धनिया पाउडर : 1 चम्मच ■ लाल मिर्च पाउडर : ½ चम्मच ■ गरम मसाला : दो चम्मच ■ नमक : स्वाद के अनुसार ■ तेल : तलने के लिए

### विधि

उबले आलू को छीलकर और पनीर को कद्दूकस कर लें। अब इसमें नमक, बारीक कटी हरी मिर्च, बारीक कटा हरा धनिया, 1/4 कप कॉर्नफ्लोर, कटे हुए काजू और किशमिश को भी डालकर मिक्स कर लें। कढ़ाई में तेल गरम कर मिक्सचर को चपटा कर, उस पर काजू के टुकड़े और 1-2 किशमिश रखकर चारों ओर से बंद करके गोल कर लें। गरम तेल में कोफ्ते को डालकर उलट-पलट कर गोल्डन ब्राउन होने तक तल लें। **ग्रेवी के लिए:** पैन में 4 टेबल स्पून तेल डालेंगे। फिर जीरा, भुनने के बाद हल्दी पाउडर, धनिया पाउडर और अदरक का पेस्ट डालकर मसाले को हल्का सा भुन लें। अब मसाले में टमाटर और हरी मिर्च का पेस्ट डालकर फिर इसमें खसखस का पेस्ट और लाल मिर्च पाउडर डालकर मसाले को अच्छे से भुनें। अब मसाले में पानी डाल सकते हैं। नमक, गरम मसाला और थोड़ा सा हरा धनिया डालकर 5-6 मिनट ढककर पकाएं। ग्रेवी में कोफ्ते डालकर रोटी या चावल जिसके साथ चाहे सर्व करें।



## अडाई डोसा

■ तुअर दाल: 3/4 कप
■ उड़द दाल: 3/4 कटोरा
■ मूंग दाल: 3/4 कटोरा
■ चना दाल: 3/4 कटोरा
■ हल्दी: चुटकी भर
■ हींग: चुटकी भर
■ जीरा: दो चम्मच
■ नमक : स्वाद के अनुसार

### विधि

अडाई डोसा बनाने के लिए सबसे पहले चावल और सभी दालों को अच्छे से साफ कर पानी से धो लें और एक साथ मिलाकर 4 घंटे के लिए भीग दें। उसमें करी पत्ता और लाल मिर्च भी डाल दें। चार घंटे बाद पानी निथार कर मिक्सी में थोड़ा-थोड़ा पानी डालकर बारीक पीस लें और डोसे जैसा घोल तैयार कर लें। उसमें नमक और हींग मिलाकर मिक्स कर लें। अब डोसा तवा गरम करें और उसमें एक दो बूंद तेल डालकर कपड़े से पोंछ कर साफ कर लें। अब उसमें एक बड़ा चम्मच डोसे का घोल डालें और चम्मच से गोल-गोल करके चारों तरफ फैला दें। ऊपर से एक छोटा चम्मच तेल डालें, फिर पलट कर थोड़ा सुनहरा होने तक सेंक लें। तैयार है हेल्दी नाश्ता, जिसे आप नारियल की चटनी के साथ गरमा-गरम सर्व कर सकती हैं।

# टाईम पास

## आज का राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ)
जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। शुभ कार्यों की प्रवृत्ति बनेगी और शुभ समाचार भी मिलेंगे। लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। कुछ एकांत की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। योग्यताएं सम्मान दिलाएंगी। शुभांक-3-5-7

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
बेहजनों की सहानुभूतियां होंगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। विद्यार्थियों को लाभ। शुभांक-3-5-6

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। महत्वपूर्ण कार्यों को आज ही निपटा लें उसके बाद समय लाभकारी सिद्ध होगा। शुभांक-2-4-6

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। बेहजनों की सहानुभूतियां होंगी। संतान की उन्नति के योग हैं। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। शुभांक-3-6-7

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। दिन के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात् दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। महत्वपूर्ण निर्णय के लिए दूरदर्शिता से काम लें। स्वास्थ्य नरम होगा। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
व्यापार में वृद्धि होगी। पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य की ओर विशेष ध्यान दें। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। पुराने मित्र से मिलन होगा। शुभांक-6-7-8

**तुला** (रा री रू रे रो ता ती तू ते)
पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। माता पक्ष से विशेष लाभ होगा। रुपए पैसे की सुविधा नहीं मिल पाएगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। शुभांक-1-4-6

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू)
महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। सफलता मिलेगी। पुराने मित्र के कारण कार्य बाधा हटेगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। कर्ज देने से बचें। शुभांक-4-7-9

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
स्वास्थ्य का पाया कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। एकाकी वृत्ति त्यागें। शुभांक-5-7-9

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी)
अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। अर्थपक्ष मजबूत रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। धार्मिक यात्रा का योग। शुभांक-4-7-9

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। चार दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। किसी कार्य विशेष के लिए यात्रा आवश्यक होगी। शुभांक-4-6-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते हैं। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। आलस्य का त्याग करें। काम पर पैनी नजर रखिए। सब्र का फल मीठा होता है अतः धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। आध्यात्मिक रुचि बनेगी। शुभांक-2-5-7

## लॉफिंग ज़ोन

एक साधु बाजार में घूम रहा था। रास्ते में वह एक दुकानदार से बोला- बच्चा! साधु बाबा को कुछ दक्षिणा दे दें। प्रभु की लीला हुई तो तेरी किस्मत पूरी तरह बदल जाएगी।

दुकानदार बोला- साधु बाबा, आप तो मुझे माफ़ही करो। मुझे प्रभु की लीला नहीं चाहिए, पहले ही मैं अपनी एक लीला से परेशान हूं। दूसरी लीला का मैं क्या करूंगा।

□ □ □

एक नवविवाहित पति-पत्नी एक बहुत शानदार मकान में जीवन व्यतीत कर रहे थे। कुछ दिन बाद ही शहर में कुछ प्रसिद्ध कलाकारों का आगमन हुआ, उनके पास डाक से नाटक के दो टिकट आए।

टिकटों के साथ एक पर्चा था, जिस पर लिखा हुआ था- यह उपहार मैं भेज रहा हूँ। भेजने वाला बाद में आएगा।

पति-पत्नी खुश होकर नाटक देखने गए। जब आधी रात को घर लौटे तो देखा कि घर की सभी वस्तुओं का सफाया हो चुका था।

मेज पर कागज का एक पर्चा पड़ा था, जिस पर लिखा था- अब पता चला टिकट किसने भेजे थे?

□ □ □

## काकुरो पहेली - 4025



खाली वर्गों में 1 से 9 तक के अंक लिखकर नीचे से ऊपर व दाएं से बाएं की जोड़ हल्के रंग के आधे वर्ग की संख्या से मेल खानी चाहिए, किसी भी अंक का उस जोड़ में पुनः उपयोग नहीं किया जा सकता.

उदाहरणतः




### काकुरो -4025 का हल



## फिल्म वर्ग पहेली- 4025



### बायें से दायें:-

१. 'ये रात की तरह' गीत वाली आशुतोष गोवारीकर की फिल्म-३
३. 'तुम्हें अपना बनाने की' गीत वाली संजयदत्त, पूजा भट्ट की फिल्म-३
५. राजकपूर, नर्गिस की 'ये शाम की तन्हाइयाँ' गीत वाली फिल्म-२
७. 'चलती है पुरवाई' गीत वाली जतिन डिवान, रेखा की फिल्म-३
८. ऋषिकपूर, जयाप्रदा की 'रामजी की निकली सवारी' गीत वाली फिल्म-४
९. 'मैं शायर तो नहीं' गीत वाली ऋषिकपूर, डिम्पल की फिल्म-२
१०. राजेश खन्ना, शर्मिला की 'कन्हैया कन्हैया तुझे' गीत वाली फिल्म-३
११. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली अमिताभ, ज्योतिका, नंदिता की फिल्म-२
१२. अमिताभ, जीनत की 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली फिल्म-२
१३. 'दिल सारा गुजार' गीत वाली शम्मी कपूर, सायरा की फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'ये मौसम भीगा भीगा है' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'वो शाम कुछ अजीब थी' गीत वाली राजेश खन्ना, वहीदा की फिल्म-३
१९. आमिर, जूही, ममता की 'चीं चीं आप मैं' गीत वाली फिल्म-२
२२. फिल्म 'रिफ्यूजी' में अभिषेक के साथ नायिका कौन थी-३
२४. अक्षयकुमार, करीना की 'दिल ले गया परदेसी' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'बहारों फूल बरसाओ' गीत वाली राजेंद्रकुमार, वैजयंती की फिल्म-३
२८. किशोरकुमार की 'एक चतुर नार करके सिंगार' गीत वाली फिल्म-४
२९. 'फिर वही चांद वही हम' गीत वाली देवआनंद, नूतन की फिल्म-३
३०. जितेंद्र, बिंदिया की 'जब दिन सुहाने' गीत वाली फिल्म-३

### ऊपर से नीचे:-

१. 'कैसे कटे दिन कैसे' गीत वाली राजेश, गोविंदा, जूही की फिल्म-२
२. अमिताभ, जयाप्रदा की 'मंजिलें अपनी जगह हैं' गीत वाली फिल्म-३
३. फिल्म 'डी नाम' में नायक कौन था-४,२
४. ऋषि, संजी, नीलम की 'देखा जो तुझे' गीत वाली फिल्म-३
५. 'काहे कोयल शोर मचाये' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-३
६. जीतेंद्र, नीता चंद्रावरकर की 'तूने तूने ओ सनम' गीत वाली फिल्म-४
९. 'है मुबारक आज का' गीत वाली मिथुन चक्रवर्ती, रति की फिल्म-३
११. संजय दत्त, अनिता की 'तुम तुम तक तक तुम्हा' गीत वाली फिल्म-३
१४. 'हम तुम को निगाहों' गीत वाली सलमान, अरबाज, शिल्पा की फिल्म-२
१६. राजकपूर, वहीदा रहमान की 'सजन रे झूठ मत बोलो' गीत वाली फिल्म-३,३
१८. फिल्म 'मिस ४२०' में नायिका कौन थी-२
२०. सनी देओल, सलमान, करिश्मा, तब्बू की 'तू चलती ये चाहे जहाँ' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'फूल ये कहाँ से' गीत वाली जैकी श्रॉफ, डिम्पल कपाड़िया की फिल्म-२
२३. अजय देवगण, अमीषा पटेल की 'प्यार तो होता है प्यार' गीत वाली फिल्म-४
२५. 'मेरे अंगने में तुम्हारा' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
२६. अरविंद स्वामी, प्रभुदेवा, काजोल की 'एक बगिया में रहती है' गीत वाली फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 4025 (हल)



## सूडोकु -4025

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु 4025 हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली -4025



### बाएं से दाएं

1. जाति,समाज,कुंभला-4
3. स्वयंवर माला,जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर,टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह,लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा,कम-2
13. मोटा आटा,दानेदार-4
15. गौरव,अभिमान-3
17. विष्णु,नारायण-4
20. वाहन,गाड़ी,जहाज-2
21. होशियार,दक्ष-3
23. उचित,सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. कालिमा,कालख-4
29. भर्त्सना,धिक्कार-3
31. गुलाम,परतंत्र-4
32. बेल,लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद,टब-2
37. नम्रता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक,सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

### ऊपर से नीचे

1. विधेयक,देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत,विजय-2
4. कुड़वा-3
5. शव,मृत शरीर-2
6. बंधु,सजातीय,भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा,आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन,लय,सुर-2
14. इच्छा,कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी,अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम,मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा,रात्रि-2
28. कहासुनी,कलह-4
30. तल्ला,पैंदा-2
31. गुलामी,पराश्रित-4
33. शिक्षा(उर्दू-3)
34. अदा करना,चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त,सखा-2

### शब्द पहेली 4025 का हल





# विद्या बालन

## ने पहले प्यार से खाया था धोखा, वैलेंटाइन डे पर ब्वॉयफ्रेंड ने चकनाचूर कर दिया था दिल



फिल्म द डर्टी पिक्चर से हिंदी सिनेमा में सनसनी मचाने वाली अदाकारा विद्या बालन को भला कौन नहीं जानता। फिल्मों में शानदार एक्टिंग और असल जिंदगी में अपने बेबाक अंदाज के लिए विद्या काफी जानी जाती हैं। इन दिनों वह अपनी अपकमिंग फिल्म दो और दो प्यार (Do Aur Do Pyar) के प्रमोशन में काफी बिजी चल रही हैं इस दौरान विद्या बालन ने अपने पहले प्यार को लेकर एक बड़ा खुलासा किया है। अभिनेत्री ने बताया है कि किस तरह से उनके एक्स ब्वॉयफ्रेंड ने उन्हें धोखा दिया और दिल को तोड़ को दिया।

**वैलेंटाइन डे पर टूट गया था विद्या बालन का दिल**

दो और दो प्यार के प्रमोशन के दौरान हाल ही में विद्या बालन ने इंडियन एक्सप्रेस को एक खास इंटरव्यू दिया है। इस बीच उनसे अतीत के रोचक किस्सों को लेकर एक सवाल पूछा गया, जिस पर एक्ट्रेस ने अपने पहले प्यार और ब्वॉयफ्रेंड को लेकर बड़ा खुलासा किया।

अभिनेत्री ने बताया है- मेरे साथ बहुत गंदा वाला धोखा हुआ था। मैं पहली बार किसी लड़के डेट कर रही थी और उसी लड़के ने मेरा दिल तोड़ दिया था। मुझे आज भी याद है कि हमारा ब्रेकअप हुआ था और वैलेंटाइन डे का दिन मैं उससे कॉलेज में मिली थी। उसने पलटकर मुझे जवाब दिया था कि वह अपनी एक्स गर्लफ्रेंड से मिलने जा रहा है। उसकी ये बातें सुनकर सच में मेरा दिल बुरी तरह से चकनाचूर हो गया था। खैर इसके अलावा मैंने अपने जीवन में कई और बेहतरीन काम भी किए हैं। इस तरह से विद्या बालन ने अपने पहले प्यार में मिले धोखे की कहानी का सुनाया है। मालूम हो कि विद्या ने बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर के बड़े भाई और फिल्ममेकर सिद्धार्थ कपूर के साथ शादी रचाई है और लंबे वक्त से वह अपनी शादीशुदा जिंदगी का आनंद ले रही हैं।

**इन मूवीज में नजर आएंगी विद्या**

विद्या बालन की अगली फिल्म दो और दो प्यार आने वाली 19 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इसके बाद वह अपनी फेमस हॉरर कॉमेडी फिल्म भूल भुलैया 3 में वापसी करती दिखेंगी, जो इसी साल बड़े पर्दे पर दस्तक देगी।

# दिव्या भारती

## की मौत पर 31 साल बाद को-स्टार ने तोड़ी चुप्पी, कहा- यह सुसाइड नहीं, 2-3 दिन पहले तो...



5 अप्रैल 1993 की वो रात थी, जब खबर आई कि 19 साल की दिव्या भारती इस दुनिया में नहीं रहीं। दीवाना, शोला और शबनम, रंग समेत सुपरहिट फिल्में देने के बाद चारों ओर चर्चा थी कि वह श्रीदेवी के बाद अगली सुपरस्टार हैं। हालांकि, किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। उनके सक्सेस की गाड़ी आगे बढ़ती, उससे पहले ही अभिनेत्री इस दुनिया को अलविदा कह गईं दिव्या भारती की मौत पर बहुत चर्चा हुई। हो भी क्यों ना, अपकमिंग सुपरस्टार का यूं गुजर जाना, हर किसी के लिए किसी सदमे से कम नहीं था। कुछ लोगों ने कहा कि यह सुसाइड है तो कुछ ने कहा कि यह हत्या है। हालांकि, पिता ने बयान दिया था कि शराब पीने की वजह से दिव्या अपना बैलेंस खो बैठी थीं और बालकनी से गिरकर उनकी मौत हो गई। अब सालों बाद दिव्या के को-स्टार ने इस पर चुप्पी तोड़ी है।

**दिव्या की मौत से शॉक हो गए थे कमल सदाना**

दिव्या भारती के को-स्टार रहे कमल सदाना ने एक हालिया इंटरव्यू में बताया कि एक्ट्रेस कभी भी सुसाइड नहीं कर सकती हैं। वह बहुत चुलबुली और जिंदादिल स्वभाव की थीं, ऐसे में वह सुसाइड करने का सोच भी नहीं सोच सकतीं। सिद्धार्थ कनन के साथ बातचीत में एक्टर ने कहा, यह बहुत मुश्किल था। यह बहुत दुख की बात थी। वह बहुत टैलेंटेड एक्ट्रेस थीं और उनके साथ काम करके बहुत मजा आया।

**श्रीदेवी की नकल करती थीं दिव्या**

कमल सदाना ने बताया कि दिव्या में इतना साहस था कि वह सेट पर श्रीदेवी की नकल उतारा करती थीं। उन्होंने उस पल को याद करते हुए कहा, वह श्रीदेवी की बहुत अच्छी मिमिक्री करती थीं। मैं उनसे कहता था कि आप ऐसा पब्लिकली नहीं कर सकती हैं। वह बहुत मजेदार थीं। यह बहुत शॉकिंग न्यूज थी और मैंने उनके साथ दो-तीन पहले ही शूटिंग खत्म की थी। जब मुझे किसी का फोन आया तो मैंने कहा, ऐसा कैसे हो सकता है? यह जाने का स्वाभाविक तरीका नहीं है।

## 'इसने समाज को बर्बाद कर दिया...', फेमिनिज्म पर नोरा फतेही का दो टूक जवाब



बॉलीवुड एक्ट्रेस नोरा फतेही ने अपने काम से इंडस्ट्री में अपनी खास जगह बनाई है. अपने डांस से नोरा बड़ी-बड़ी एक्ट्रेस को पीछे छोड़ देती हैं. 'मडगांव एक्सप्रेस' में नोरा के काम ने सभी को इंप्रेस किया है. फिल्म को भले ही अच्छा रिस्पॉन्स न मिला हो, लेकिन सितारों के काम की तारीफ सभी ने की है. हाल ही में नोरा फतेही ने खुलकर कई मुद्दों पर बात की है. उन्होंने बॉलीवुड के कपल्स के साथ-साथ फेमिनिज्म पर भी अपनी राय पेश की.

द रणवीर शो के दौरान नोरा ने फेमिनिज्म यानी नारीवाद को लेकर अपनी सोच सभी के साथ शेयर की. नोरा का कहना है कि उन्हें किसी की जरूरत नहीं है और वह फेमिनिज्म जैसे विचारों पर यकीन नहीं रखती हैं. एक्ट्रेस का कहना है कि वह चाहती हैं कि महिलाएं काम पर जाए, उनकी भी अपनी जिंदगी हो और इंडिपेंडेंट बने. लेकिन सब कुछ एक लिमिट में. नोरा ने कहा,एक्ट्रेस ने अपनी बात को पूरा करते हुए कहा कि ये जो आइडिया है कि पूरी तरह से इंडिपेंडेंट होना है, शादी नहीं करनी, बच्चे नहीं करने. जिन घरों में आदमी और महिलाओं की उस डाइनैमिक्स को सच नहीं मानते, जहां आदमी प्रोवाइडर होता है और औरत पालन-पोषण करती है. वह इस तरह के लोगों पर विश्वास नहीं करती हैं.नोरा ने आगे कहा कि, उन्हें लगता है कि महिलाएं पालन-पोषण करती हैं, लेकिन उन्हें जाकर काम करना चाहिए और अपनी जिंदगी जीनी चाहिए और इंडिपेंडेंट होना चाहिए. लेकिन ये सब एक हद तक. उन्हें एक मां, एक वाइफ और एक पालन-पोषण का किरदार निभाने के लिए भी तैयार रहना चाहिए. बिल्कुल वैसे जैसे एक आदमी को प्रोवाइडर, कमाने वाला, एक पिता और पति के तौर पर अपना किरदार निभाने के लिए तैयार रहना चाहिए. नोरा ने आगे कहा कि काफी लोग इसे पुरानी या पारंपरिक सोच कहते हैं, लेकिन उनके मुताबिक ये सोचने का नॉर्मल तरीका है.

## 'आधा काट लेंगे वो लोग...', 'झलक दिखला जा 11' जीतने के बाद भी मनीषा रानी को नहीं मिली प्राइज मनी



सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर से लेकर रियलिटी शो तक का सफर तय करने वाली मनीषा रानी आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं. मनीषा रानी ने डांस रियलिटी शो झलक दिखला जा 11 जीतकर खुद को घर-घर में मशहूर कर लिया है. मनीषा अब एक बड़ी स्टार बनी गई हैं. उनके नए-नए गाने रिलीज होते रहते हैं. एक्ट्रेस अपने नेचर को लेकर काफी पसंद की जाती हैं. शो के साथ-साथ उन्होंने लाखों लोगों का दिल भी जीता था.लेकिन हाल ही में उन्होंने रियलिटी शो की पोल खोल दी. दरअसल मनीषा रानी ने अपने एक व्लॉग में खुलासा किया है कि उन्हें अभी तक जीते हुए पैसे नहीं दिए गए हैं. व्लॉग में मनीषा के



साथ उनके दोस्त महेश केशवाला भी नजर आ रहे हैं. जिन्हें ठगेश के नाम से भी जाना जाता है. दोनों व्लॉग में मस्ती-मजाक करते हुए नजर आते हैं. बातचीत के दौरान दोनों चाय की दुकान खोलने का प्लान बनाते हैं. जिसपर मनीषा कहती हैं कि ठगेश इस दुकान को चलाएगा.जिसपर ठगेश कहता है कि उन्होंने 'झलक दिखला जा 11 ' जीता है तो उन्हें दुकान खोलनी चाहिए. इसी दौरान मनीषा हंसते हुए कहती हैं कि ' झलक की जीत की रकम अभी तक नहीं आई है ' फिर हंसते वो आगे कहती हैं कि ' आधा काट लेंगे वो लोग ". एक्ट्रेस के इस खुलासे के बाद फैन्स काफी हैरान हैं. इसके बाद मनीषा उन लोगों पर चुटकुले सुनाती हैं जो लोग अमीर पार्टनर से शादी कर अमीर हो जाते हैं.

बता दें, हाल ही में बिग बॉस 16 के फर्स्ट रनर अप शिव ठाकरे ने भी खुलासा किया था कि मराठी बिग बॉस जीतने के बाद उन्हें बस आधे पैसे मिले. शिव ने भारती के पोडकास्ट शो पर खुलासा किया कि किस तरह से शो वालों ने हर चीज का पैसे उनकी प्राइज मनी से काटा था. बाकि सरकार ने टैक्स काट लिया था. जिसके बाद उनके हिस्से बेहद कम पैसे आए थे.

## इस सप्ताह 21 भारतीय स्टार्टअप्स द्वारा 100 मिलियन डॉलर से अधिक की फंडिंग जुटाई गई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टार्टअप ने सामान्य गति से धन जुटाना जारी रखा और इस सप्ताह, देश में 21 स्टार्टअप ने लगभग 105 मिलियन डॉलर हासिल किए। Entrackr की शनिवार की रिपोर्ट के अनुसार, इसमें छह विकास-चरण सौदे और 12 प्रारंभिक-चरण सौदे शामिल हैं। रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है, 'एक विकास-चरण स्टार्टअप और दो प्रारंभिक-चरण स्टार्टअप ने जुटाई गई राशि का खुलासा नहीं किया।' लगभग 30 शुरुआती और विकास-चरण वाले स्टार्टअप ने पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से लगभग 172.71 मिलियन डॉलर जुटाए। विकास-चरण सौदों के बीच, छह स्टार्टअप ने इस सप्ताह फंडिंग में 54.5 मिलियन जुटाए। अनुपालन स्वचालन प्लेटफ़ॉर्म स्प्रिंटो ने 20 मिलियन की उच्चतम धनराशि प्राप्त की।

इसके बाद बिजनेस-टू-बिजनेस (बी2बी) अपशिष्ट प्रबंधन और रीसाइक्लिंग मार्केटप्लेस रेसाइक्लल, हाउसिंग फाइनेंस फर्म एविओम एचएफसी, डिजिटल ऋणदाता एक्सियो और मेडिकल डायग्नोस्टिक्स प्लेटफॉर्म 5सी नेटवर्क ने 13 मिलियन, 10 मिलियन, 6 मिलियन और 3 मिलियन जुटाए। इसके अलावा, इस सप्ताह के दौरान 12 शुरुआती चरण के स्टार्टअप ने सामूहिक रूप से 50 मिलियन डॉलर की फंडिंग हासिल की। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) क्लाउड और प्लेटफॉर्म-ए-ए-सर्विस स्टार्टअप नेयसा इस सूची में सबसे ऊपर है, इसके बाद एआई-संचालित राजस्व सक्षम प्लेटफॉर्म जीटीएम बडी, अंडरवाटर विजुअल निरीक्षण सेवा प्रदाता प्लानिस टेक्नोलॉजीज और अंडरवाटर विजुअल निरीक्षण सेवा प्रदाता प्लानिस टेक्नोलॉजीज है। सूची में बाल चिकित्सा व्यवहार और विकासात्मक स्वास्थ्य फर्म बटरफ्लाई लर्निंग, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी प्लेटफॉर्म ऑटोनेक्स्ट ऑटोमेशन, फुल स्टैक आईवियर प्लेटफॉर्म, आईमाईआई, एल्डर केयर स्टार्टअप एज केयर लैब्स और हेल्थकेयर स्टार्टअप प्लेटिनमआरएक्स समेत अन्य शामिल हैं। शहर-वार, बेंगलुरु स्थित स्टार्टअप 8 फंडिंग सौदों के साथ सबसे आगे रहे, इसके बाद मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, चेन्नई, कानपुर और हैदराबाद रहे।

## एक्स ने मार्च में भारत में नीति उल्लंघन करने वाले 2 लाख से ज्यादा खातों पर प्रतिबंध लगाया

**नई दिल्ली।** एलन मस्क द्वारा संचालित एक्स कॉर्प ने 26 फरवरी से 25 मार्च के बीच भारत में रिकॉर्ड 2,12,627 खातों पर प्रतिबंध लगा दिया, जो ज्यादातर बाल यौन शोषण और गैर-सहमति नग्नता को बढ़ावा देने के लिए थे। माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म ने देश में अपने प्लेटफॉर्म पर आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए 1,235 खातों को भी हटा दिया। कुल मिलाकर, एक्स ने देश में समीक्षाधीन अवधि में 213,862 खातों पर प्रतिबंध लगा दिया। एक्स ने नए आईटी नियम, 2021 के अनुपालन में अपनी मासिक रिपोर्ट में कहा कि उसे अपने शिकायत निवारण तंत्र के जरिए एक ही समय-सीमा में भारत में उपयोगकर्ताओं से 5,158 शिकायतें प्राप्त हुईं। इसके अलावा, एक्स ने 86 ऐसी शिकायतों पर कार्रवाई की, जिनमें खाता निलंबन के खिलाफ अपील की गई थी। कंपनी ने कहा, -स्थिति की बारीकियों की समीक्षा करने के बाद हमने इनमें से 7 खातों के निलंबन को पलट दिया। बाकी रिपोर्ट किए गए खाते निलंबित रहेंगे।

## मस्क की भारत यात्रा से पहले सरकार ने स्टारलिंक की लाइसेंसिंग प्रक्रिया में तेजी लाई

**नई दिल्ली।** एलोन मस्क की भारत यात्रा, जैसा कि उन्होंने एक हालिया ट्वीट में पुष्टि की है, ने विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से तकनीक और ऑटोमोटिव उद्योगों में प्रत्याशा जगा दी है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, दूरसंचार विभाग मस्क की स्टारलिंक सेवा के लिए लाइसेंस देने की प्रक्रिया में तेजी ला रहा है। रिपोर्टों से संकेत मिलता है कि डीओटी उचित परिश्रम के साथ स्टारलिंक को आशय पत्र (एलओआई) और ट्रायल स्पेक्ट्रम जारी कर सकता है। हालांकि, सुरक्षा कारणों से अंतर-मंत्रालयी चर्चा चल रही है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी और वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सहित अन्य प्रमुख अधिकारियों के साथ मुलाकात के लिए निर्धारित मस्क की यात्रा से नई घोषणाएं होने की उम्मीद है, जिसका सीधा असर दूरसंचार सहित प्रौद्योगिकी क्षेत्र पर पड़ेगा। मस्क की यात्रा इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के संबंध में भारत की हालिया नीति में बदलाव के बाद हो रही है, इस मुद्दे पर मस्क सक्रिय रूप से आगे बढ़ रहे हैं। पिछले महीने, सरकार ने एक संशोधित ईवी नीति की घोषणा की, जिसमें टेस्ला सहित चुनिंदा मॉडलों पर आयात कर कम किया गया, निवेश और स्थानीय विनिर्माण को प्रोत्साहित किया गया।

## मोटोरोला ने ग्लोबल लॉन्च से पहले मोटो एज 50 अल्ट्रा को टीज़ किया

**नई दिल्ली।** मोटोरोला धीरे-धीरे मोटो एज 50 अल्ट्रा के लॉन्च की ओर बढ़ रहा है और कंपनी ने अब सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यह डिवाइस कंपनी द्वारा पेश किया जाने वाला फ्लैगशिप डिवाइस होगा। मोटोरोला मोटो एज 50 अल्ट्रा 16 अप्रैल को लॉन्च होगा, जिसका उल्लेख मोटोरोला ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर किया है। स्मार्टफोन स्नैपड्रैगन 8s Gen 3 चिपसेट द्वारा संचालित होगा और हालिया रिपोर्टों के अनुसार इसमें 12GB तक रैम मिलेगी। डिवाइस में OLED डिस्प्ले, 50MP प्राइमरी कैमरा के साथ ही रियर में अल्ट्रावाइड और टेलीफोटो लेंस भी होगा। हमेशा की तरह डिवाइस का फ्रंट कैमरा एक पंच-होल कैमरा में स्थित होगा जो डिस्प्ले के शीर्ष केंद्र पर मौजूद है।

# उपभोक्ता मामलों के सचिव निधि खरे ने दालों की उपलब्धता की समीक्षा की

एजेंसी

**नई दिल्ली।** चुनावी सीजन में दालों की बढ़ती कीमतों पर नियंत्रण के लिए सरकार ने कमर कस ली है। उपभोक्ता मामलों के सचिव ने इसको लेकर कई पक्षों के साथ बैठकें की। बैठक में दालों के भंडार और उपलब्धता का जायजा लिया गया है।

उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने जारी बयान में कहा कि उपभोक्ता मामलों के सचिव निधि खरे ने दालों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए दाल उद्योग के हितधारकों के साथ बैठकें की हैं। निधि खरे ने म्यांमार से दालों के आयात से संबंधित मुद्दों पर यांगून में भारतीय मिशन के साथ भी बैठक की है। मंत्रालय के मुताबिक उपभोक्ता मामलों के सचिव ने 15 अप्रैल, 2024 से ऑनलाइन स्टॉक



मॉनिटरिंग के संचालन के लिए दाल उद्योग के प्रतिनिधियों के साथ बातचीत में इस बात पर जोर दिया कि दालों के वायदा व्यापार में शामिल पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति से आवश्यक प्रावधानों के अनुसार सख्ती से निपटा जाएगा। मंत्रालय के मुताबिक म्यांमार से दालों का आयात करने वाले व्यापारियों के लिए भुगतान तंत्र को और आसान तथा सरल बनाया गया है।

उल्लेखनीय है कि भारत घरेलू जरूरतों को पूरा करने के लिए दालों के आयात पर निर्भर है। देश में म्यांमार से तुअर यानी अरहर और उड़द दाल का आयात करता है। भारतीय दूतावास ने व्यापार और लेन-देन को सरल बनाने के लिए इस साल 25 जनवरी, 2024 से रुपया/क्याट निपटान तंत्र चालू कर दिया है। सेंट्रल बैंक ऑफ म्यांमार ने 26 जनवरी, 2024 को एसआरवीए के तहत भुगतान प्रक्रियाओं के लिए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं।

## स्विस बैंकों के लिए नई पूंजी आवश्यकताओं से यूबीएस में विकास धीमा हो जाएगा- वित्त मंत्री

एजेंसी

**ज्यूरिख।** देश के वित्त मंत्री ने प्रकाशित एक साक्षात्कार में कहा कि बैंकिंग उद्योग के लिए स्विस सरकार की प्रस्तावित सख्त पूंजी आवश्यकताओं का यूबीएस (यूबीएसजी.एस) पर प्रभाव पड़ेगा, जिससे विकास की नई टैब क्षमता खुलेगी।कैरिन केलर-सटर ने आरगावर ज़िटुंग को बताया कि अगर क्रेडिट सुइस के पतन की पुनरावृत्ति को रोकने के लिए बुधवार को घोषित नियामक पैकेज को लागू किया जाता है, तो स्विट्जरलैंड के सबसे बड़े बैंक को अधिक पूंजी रखनी होगी। उन्होंने कहा, संक्षेप में, विकास और अधिक महंगा हो जाएगा।-प्रस्तावित परिवर्तन देश के चार सबसे बड़े बैंकों को लक्षित करते हैं, जिनमें 22 उपाय और 200 से अधिक पृष्ठों की सिफारिशें हैं कि विफल होने के लिए बहुत बड़े-(टीबीटीएफ) समझे जाने वाले बैंकों पर कैसे निगरानी रखी जाए।सरकार का लक्ष्य उपायों को शीघ्रता से लागू करना और 2025 की पहली छमाही में कार्यान्वयन के लिए दो पैकेज पेश करना है। उपायों में से, केलर-सटर ने इस प्रस्ताव पर प्रकाश डाला कि कैसे यूबीएस की स्विस मूल कंपनियों और देश के अन्य प्रणालीगत बैंकों को भविष्य में 100फीसदी इक्विटी के साथ अपनी विदेशी हिस्सेदारी वापस करनी होगी, जो वर्तमान में 60फीसदी से अधिक है।उन्होंने कहा, 'अगर हम अभी इस विनियमन को समायोजित करते हैं, तो इसका यूबीएस के विकास और आकार पर प्रभाव पड़ेगा।' उन्होंने कहा कि इस आवश्यकता से संकट की स्थिति में विदेश में अधिकारियों से निपटना भी आसान हो जाएगा।

## ई-कॉमर्स कंपनियों से बोर्नविटा को 'हेल्थ ड्रिंक' श्रेणी से हटाने का निर्देश

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से अपनी वेबसाइट और प्लेटफॉर्म से बोर्नविटा सहित सभी पेय पदार्थों को 'हेल्थ ड्रिंक' की कैटेगरी से हटाने को कहा है। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) की रिपोर्ट के बाद वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह निर्देश जारी किए हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय की ओर से जारी एक अधिसूचना में सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से कहा गया है कि वे अपनी वेबसाइट और प्लेटफॉर्म से बोर्नविटा सहित सभी पेय पदार्थों को 'हेल्थ ड्रिंक' की कैटेगरी से हटा दें। मंत्रालय ने नोटिफिकेशन में कहा कि राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की एक लीगल बॉडी की जांच में पाया है कि 'हेल्थ पेय डेफिनेशन नहीं है। इससे पहले 2 अप्रैल को भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण




(एफएसएसएआई) ने सभी ई-कॉमर्स कंपनियों से अपनी वेबसाइट्स पर बेचे जाने वाले फूड प्रोडक्ट्स को उचित कैटेगरी में डालने को कहा था। इसके साथ ही अथॉरिटी ने किसी भी पेय पदार्थ की बिक्री बढ़ाने के लिए हेल्थ ड्रिंक और एनर्जी ड्रिंक जैसे शब्दों का दुरुपयोग नहीं करने के लिए भी कहा था। उल्लेखनीय है कि एक स्टडी रिपोर्ट के मुताबिक इंडियन एनर्जी ड्रिंक और स्पोर्ट्स ड्रिंक का मौजूदा मार्केट साइज 4.7 अरब डॉलर है।

## कच्चा तेल 91 डॉलर प्रति बैरल के करीब, पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 91 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 86 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। हालांकि, सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक नई दिल्ली में पेट्रोल का भाव 94.72 रुपये और डीजल 87.62 रुपये प्रति लीटर पर टिका हुआ है। मुंबई में पेट्रोल 104.21 रुपये और डीजल 92.15 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। वहीं, कोलकाता में पेट्रोल 103.94 रुपये और डीजल 90.76 रुपये प्रति लीटर है, जबकि चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर बिक रहा




है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के अंतिम कारोबारी दिन ब्रेंट क्रूड का भाव 0.71 डॉलर यानी 0.79 फीसदी की बढ़त के साथ 90.37 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेड कर रहा है। वहीं, वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.64 डॉलर यानी 0.75 फीसदी की बढ़त के साथ 85.66 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# Hyundai Creta EV टेस्टिंग के दौरान दिखी पहली झलक

एजेंसी

**नई दिल्ली।** पिछले कुछ समय से ऐसी खबरें आ रही हैं कि हुंडई मोटर्स क्रेटा एसयूवी का इलेक्ट्रिक संस्करण विकसित कर रही है। पिछले महीने, दक्षिण कोरियाई वाहन निर्माता के मुख्यालय से जासूसी फुटेज सामने आने के बाद कंपनी के नए परीक्षण खच्चरों में से एक को भारतीय सड़कों पर देखा गया था। कृपया हमें क्रेटा ईवी के डिजाइन और इंटीरियर के बारे में बताएं।

इस वीडियो में Hyundai Creta EV को काले रंग की पोशाक में दिखाया गया है। हालाँकि, नई विशिष्ट एलईडी डे-टाइम रनिंग लाइटें जो कि फेसलिफ्टेड 2024 क्रेटा एसयूवी के साथ आती हैं, स्पष्ट रूप से दिखाई देती हैं। रूफ रेल्स और टेललाइट्स भी नई क्रेटा एसयूवी के समान हैं। क्रेटा ईवी का इंटीरियर भी पहली बार एक वीडियो में सामने आया था। स्टीयरिंग व्हील का डिज़ाइन



फेसलिफ्टेड इलेक्ट्रिक एसयूवी Hyundai Kona जैसा है, जिसे हाल ही में ग्लोबल मार्केट में लॉन्च किया गया था।

यह तीन-ब्लेड वाला उपकरण है और कई नियंत्रण भी प्रदान करता है। अन्य बातों के अलावा, हम एक नया डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर भी देखते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ICE समकक्ष की तुलना में Creta EV के इंटीरियर में बदलाव होंगे।

इसमें एक नया डिज़ाइन किया गया डैशबोर्ड, एक नया सेंटर कंसोल, नई हुंडई कोना और Ioniq 5 EV की तरह डुअल-स्क्रीन सेटअप, साथ ही जलवायु नियंत्रण और अन्य सुविधाओं के लिए टच कंट्रोल की सुविधा हो सकती है। पिछली रिपोर्ट्स में सुझाव दिया गया था कि Hyundai Creta EV कई फीचर्स के साथ आएगी। इनमें पैनोरमिक सनरूफ, 360-डिग्री सराउंड कैमरा और लेवल 2 एडीएएस तकनीक शामिल हो सकती है।

### बैटरी और सर्किट बोर्ड

अभी तक हुंडई क्रेटा ईवी के लॉन्च को लेकर चुप्पी साधे हुए है। इस कार को उसी इलेक्ट्रिक पावरट्रेन से लाभ मिलने की उम्मीद है जिसे कोना इलेक्ट्रिक एसयूवी में पेश किया गया था। हुंडई क्रेटा ईवी को लगभग 60 kWh के बैटरी पैक से लैस कर सकती है, जो इसे एक बार चार्ज करने पर लगभग 450 किमी की रेंज हासिल करने में सक्षम बनाएगी।

## टेस्ला इस तरह कर सकती है 20 लाख रुपये की 'मेक इन इंडिया' ईवी का उत्पादन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एलन मस्क इस महीने के अंत में देश में कम से कम 48 घंटे बिताने के लिए पहली बार भारत आ रहे हैं। चूंकि सभी की निगाहें इस पर हैं कि अरबपति मस्क प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योग जगत के नेताओं के साथ अपनी बैठक के दौरान क्या घोषणा करेंगे, टेस्ला प्रेमियों का सिर्फ एक ही सवाल है : वे आखिरकार 'मेक इन इंडिया', किफायती ईवी कब चला पाएंगे?

एक सस्ता मॉडल 3, एंट्री-लेवल टेस्ला है, जिसे सिर्फ बैटरी घटकों के स्थानीय विनिर्माण और एक मजबूत ईवी आपूर्ति प्रणाली के साथ ही चलाना संभव हो सकता है। इसके लिए मस्क को देश की अपनी पहली यात्रा के दौरान निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण घोषणा करनी होगी। फिलहाल दुनियाभर में टेस्ला की कीमतें लगभग एक जैसी ही हैं। मॉडल 3 के बेस वेरिएंट की कीमत 40,000 डॉलर (करीब 33.5 लाख रुपये) से ज्यादा है। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च के वरिष्ठ विश्लेषक सौमेन मंडल के अनुसार, टेस्ला द्वारा स्थानीय उत्पादन स्थापित करने से आयात शुल्क खत्म हो जाएगा, जिससे एक किफायती टेस्ला कार का मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही, अगर देश में निर्मित टेस्ला कारें वैश्विक स्तर पर उपलब्ध कारों की तुलना में कम सुविधाओं के साथ आती हैं तो लागत में कमी हासिल की जा सकती है। मंडल ने आईएएनएस को बताया कि फुल सेल्फ-ड्राइविंग (एफएसडी) मोड के लिए आवश्यक कुछ हार्डवेयर को खत्म किया जा सकता है और 'एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) लेवल 2 को शामिल किया जा सकता है'। टेस्ला अंततः भारत में 20 लाख रुपये से शुरू होने वाले सालाना 5 लाख इलेक्ट्रिक वाहनों का उत्पादन कर सकता है। 20 लाख रुपये की कार बनाने के लिए टेस्ला के पास 50 हजार वाट से कम क्षमता वाला बैटरी पैक भी हो सकता है और इलेक्ट्रिक मोटर कम पावर की हो सकती है।

# 2024 फोर्स गुरखा : टीज़र में 5-डोर लॉन्च के साथ-साथ 3-डोर रिफ्रेश का खुलासा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** फोर्स मोटर्स ने आगामी गोरखा मॉडल को टीज़ करके एक बार फिर एसयूवी प्रेमियों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है। पिछले महीने साझा किए गए एक टीज़र के बाद, ब्रांड ने हमें आने वाले समय की एक और झलक दी है। गोरखा 5-डोर वेरिएंट की शुरुआत के साथ, फोर्स मोटर्स एक ताजा 3-डोर मॉडल का अनावरण करने के लिए भी तैयार है। कड़े बीएस6 चरण II मानदंडों के कारण इस संस्करण को अप्रैल 2023 में बंद कर दिया गया था।

नवीनतम टीज़र हमें आगामी 5-दरवाजे गोरखा एसयूवी के डिज़ाइन पर करीब से नज़र डालता है। हमने पहले जो देखा है उसकी तुलना में इसमें कुछ नए मोड़ हैं। हालांकि यह अभी भी अपने क्लासिक बॉक्सी आकार को बरकरार रखते हुए छोटे डीआरएल ब्लॉक के साथ उन गोल हेडलाइट्स को प्रभावित करता है, 3-दरवाजे संस्करण के सामने और पीछे में कुछ बदलाव होने की उम्मीद है। इसके अलावा, उन संशोधित मिश्र धातु पहियों को देखें, शायद लगभग 17-इंच, और उन चौकोर पहिया मेहराबों को। और पीछे की सीढ़ी,



कैन होल्डर के साथ छत की रैक और सिग्नेचर स्नोर्कल जैसे व्यावहारिक ऐड-ऑन को न चूकें। गोरखा 3-डोर मॉडल में, इंटीरियर अपनी पिछली बैठने की व्यवस्था के अनुरूप रहने की उम्मीद है। हालाँकि, 5-दरवाजे वाला संस्करण विभिन्न बैठने के लेआउट के साथ अधिक लचीलापन प्रदान करने के लिए तैयार है, जिसमें संभावित रूप से तीन पंक्तियाँ शामिल हैं। मध्य पंक्ति के लिए, एक मानक बेंच सीट 3-दरवाजे वाले संस्करण में देखी गई व्यक्तिगत सीटों की जगह ले सकती है। इसके अतिरिक्त, यदि इसे तीन पंक्तियों के साथ कॉन्फ़िगर किया गया है, तो कैप्टन सीटें तीसरी पंक्ति के लिए एक विकल्प हो सकती हैं।

कुछ दिन पहले, फोर्स मोटर्स ने अपनी आगामी गुरखा एसयूवी की एक झलक दी है, जिसमें संकेत दिया गया है कि 5-दरवाजे वाला वेरिएंट आने वाला है, जो 2024-25 की पहली तिमाही में बाजार में आने की संभावना है। टीज़र छवि से, यह स्पष्ट है कि फोर्स गोरखा 5-डोर एक विस्तारित व्हीलबेस के साथ अपने 3-डोर समकक्ष की प्रतिष्ठित बॉक्सी आकार और मजबूत बॉडी लाइनें बनी रहेंगी। पिछले महीने प्रसारित 5-दरवाजे वाली एसयूवी के हालिया जासूसी शॉट्स, अधिक जानकारी प्रदान करते हैं, जिसमें चौकोर हेडलाइट्स, चिकने 18 इंच के दोहरे टोन मिश्र धातु के पहिये, एक छत की रैक और फिर से डिजाइन किए गए फ्रंट और रियर बंपर का पता चलता है। इसके अतिरिक्त, अपेक्षाओं में सामने की ओर एक अलग दो-स्लैट ग्रिल शामिल है।पावर के मामले में, फोर्स गोरखा 5-डोर में गोरखा 3-डोर मॉडल में पाए जाने वाले मर्सिडीज-सोर्स 2.6-लीटर डीजल इंजन को बरकरार रखने की उम्मीद है। इस इंजन को 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ जोड़ा जाना जारी रहेगा। 3-दरवाजे वाले मॉडल के समान, लाइफस्टाइल एसयूवी के स्नोर्कल से सुसज्जित होने की उम्मीद है, जो इसे गहरे पानी में आसानी से पार करने में सक्षम बनाएगी।

# अमेरिकी स्टील शेयरधारकों ने निप्पॉन स्टील द्वारा 14.9 अरब डॉलर की खरीद को मंजूरी दी

एजेंसी

**टोक्यो।** यूएस स्टील (एक्स.एन.) ने नया टैब खोला, शेयरधारकों ने जापान की निप्पॉन स्टील (5401.टी) द्वारा प्रस्तावित 14.9 बिलियन के अधिग्रहण को मंजूरी दे दी, जैसा कि अपेक्षित था, नया टैब खोला, राजनीतिक विरोध के बावजूद विलय को पूरा होने के एक कदम और करीब ले गया। सौदा बढ़ता है.

यूएस स्टील ने कहा कि 98त से अधिक वोट उस सौदे के पक्ष में थे जिसके तहत निप्पॉन प्रति शेयर 55 डॉलर का भुगतान करेगा, यह राशि दिसंबर में अधिग्रहण की घोषणा के समय भारी प्रीमियम का प्रतिनिधित्व करती थी। हालाँकि, तब से, कई अमेरिकी सांसद राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं का हवाला देते हुए इस सौदे के विरोध में सामने आए हैं। राष्ट्रपति जो बिडेन ने कहा है कि यूएस स्टील को घरेलू स्वामित्व वाली अमेरिकी कंपनी बनी रहनी चाहिए। यूएस स्टील के शेयर 2.1त की गिरावट के साथ 41.33 डॉलर पर बंद हुए, जो कि निप्पॉन स्टील के 55 डॉलर प्रति शेयर के ऑफर से




काफी नीचे है, जो इस बात पर अनिश्चितता दर्शाता है कि क्या सौदा विनियामक अनुमोदन प्राप्त करेगा या नहीं। इस सौदे को यूनाइटेड स्टीलवर्कर्स (यूएसडब्ल्यू) श्रमिक संघ ने कड़ी आलोचना की है, जो संभावित नौकरी छूटने को लेकर चिंतित है। यूएसडब्ल्यू ने वोट के जवाब में कहा, शेयरधारकों द्वारा प्रतिष्ठित अमेरिकी कंपनी के कर्मचारियों और सेवानिवृत्त लोगों को नकद में बेचने और बेचने का चुनाव करने से हम आश्चर्यचकित नहीं हैं।

नियामक भी सौदे की जांच कर रहे हैं, रॉयटर्स ने बताया है कि संयुक्त राज्य अमेरिका में विदेशी निवेश पर समिति (सीएफआईयूएस), एक शक्तिशाली पैनल जो अमेरिकी कंपनियों में विदेशी निवेश की समीक्षा करता है, ने सौदे पर चर्चा करने के लिए पार्टियों से मुलाकात की है।

पोलिटिको ने बुधवार को बताया कि अमेरिकी न्याय विभाग ने अधिग्रहण की गहन अविश्वास जांच शुरू कर दी है।निप्पॉन ने यूनियन और यूएस स्टील के बीच सभी समझौतों का सम्मान करने के लिए, साथ ही अपने स्वयं के अमेरिकी मुख्यालय को पिट्सबर्ग में स्थानांतरित करने के लिए, जहां यूएस स्टील स्थित है, सौदे के परिणामस्वरूप नौकरी में कोई कटौती नहीं करने का वादा किया है।

जापानी स्टील निर्माता ने एक बयान में कहा कि उसे 'विश्वास' है कि अधिग्रहण 'अमेरिकी स्टील की रक्षा और विकास करेगा और इसके हितधारकों के साथ-साथ अमेरिकी स्टील उद्योग और पूरे संयुक्त राज्य अमेरिका को महत्वपूर्ण लाभ पहुंचाएगा।

## इस तरह टेस्ला 20 लाख रुपये की 'मेक इन इंडिया' ईवी का उत्पादन कर सकती है

एजेंसी

**नई दिल्ली।** एलन मस्क इस महीने के अंत में देश में कम से कम 48 घंटे बिताने के लिए पहली बार भारत आ रहे हैं। चूंकि सभी की निगाहें इस पर हैं कि अरबपति प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उद्योग जगत के नेताओं के साथ अपनी बैठक के दौरान क्या घोषणा करेंगे, टेस्ला प्रेमियों का केवल एक ही सवाल है- वे आखिरकार 'मेक इन इंडिया', किफायती ईवी कब चला पाएंगे? एक सस्ता मॉडल 3, जो एंट्री-लेवल टेस्ला है, केवल बैटरी घटकों के स्थानीय विनिर्माण और एक मजबूत ईवी आपूर्ति प्रणाली के साथ ही संभव हो सकता है, जिसके लिए मस्क को देश की अपनी पहली यात्रा के दौरान निश्चित रूप से एक महत्वपूर्ण घोषणा करनी होगी। फिलहाल दुनिया भर में टेस्ला की कीमतें लगभग एक जैसी ही हैं। मॉडल 3 के बेस वेरिएंट की कीमत 40,000 डॉलर (करीब 33.5 लाख रुपये) से ज्यादा है। मार्केट इंटेलिजेंस फर्म काउंटरपॉइंट रिसर्च के वरिष्ठ विश्लेषक सौमेन मंडल के अनुसार, टेस्ला द्वारा स्थानीय उत्पादन स्थापित करने से आयात शुल्क समाप्त हो जाएगा, जिससे एक किफायती टेस्ला कार का मार्ग प्रशस्त होगा। साथ ही, अगर देश में निर्मित टेस्ला कारें वैश्विक स्तर पर उपलब्ध कारों की तुलना में कम सुविधाओं के साथ आती हैं तो लागत में कमी हासिल की जा सकती है। मंडल ने आईएएनएस को बताया कि फुल सेल्फ-ड्राइविंग (एफएसडी) मोड के लिए आवश्यक कुछ हार्डवेयर को समाप्त किया जा सकता है और 'एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम (एडीएएस) लेवल 2 को शामिल किया जा सकता है।

## विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ 548.6 अरब डॉलर पर

एजेंसी

**मुंबई।** विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति, स्वर्ण, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) और अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास आरक्षित निधि में जबरदस्त बढ़ोतरी होने से 05 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.98 अरब डॉलर के इजाफे के साथ



लगातार सातवें सप्ताह बढ़ता हुआ 548.6 अरब डॉलर हो गया। इसी तरह इसके पिछले सप्ताह देश का विदेशी मुद्रा भंडार 2.95 अरब डॉलर बढ़कर लगातार छठे सप्ताह चढ़ता हुआ 645.6 अरब डॉलर पर रहा था।

ACTION INDIA
ऊना, 15 अप्रैल 2024
दैनिक एक्शन इंडिया
www.actionindialive.com

# भारत ने इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की



एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने रविवार को इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव पर गंभीर चिंता व्यक्त की और दोनों देशों से संयम बरतने व हिंसा से पीछे हटने का आह्वान किया। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'हम इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से गंभीर रूप से चिंतित हैं, इससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को खतरा है।' विदेश मंत्रालय ने कहा, 'हम दोनों देशों से तत्काल तनाव कम करने, संयम बरतने, हिंसा से पीछे हटने का आह्वान करते हैं।' विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल के एक्स पर किए पोस्ट में कहा, 'हम स्थिति पर बारीकी से नजर रख रहे हैं। क्षेत्र में अपने दूतावास व भारतीय समुदाय के साथ निकट संपर्क में हैं। यह महत्वपूर्ण है कि क्षेत्र में सुरक्षा और स्थिरता बनी रहे।'

# प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया तो करनी होगी भरपाई

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल में किसी भी प्रकार के प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक या निजी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने पर इसकी भरपाई आयोजक व्यक्ति, संगठन अथवा राजनीतिक दल को ही करनी पड़ेगी। नेपाल के गृह मंत्रालय की तरफ से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि देशभर में किसी भी प्रकार के धरना, प्रदर्शन या जुलूस के दौरान एकत्रित भीड़ के द्वारा किसी भी प्रकार के निजी या सरकारी संपत्ति को नुकसान होने पर इसकी भरपाई आयोजक व्यक्ति, संगठन या राजनीतिक दल को करनी होगी। सरकार ने देशभर के जिला प्रशासन कार्यालय को यह निर्देश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि आज से सरकार के इस फैसले का सख्ती से पालन किया जाए। गृहमंत्री रवि लामिछाने ने नेपाली नव वर्ष की पूर्व संध्या पर पत्रकारों को बताया कि लोकतंत्र में विरोध-प्रदर्शन करना नैसर्गिक अधिकार है। इसलिए काठमांडू के कई इलाकों में पिछले कुछ महीनों से लगाए गए निषेधित क्षेत्र के बोर्ड को हटा लिया गया है। गृहमंत्री ने कहा कि विरोध प्रदर्शन करने की छूट देने के साथ ही सरकार ने सार्वजनिक और निजी संपत्ति के नुकसान की भरपाई आयोजक से कराने का फैसला लिया है।

# चीन में 2,300 से अधिक लोग जंगल की आग से जूझ रहे

एजेंसी

**बीजिंग।** दक्षिण पश्चिम चीन के युनान प्रांत के जंगल की लगी आग से 2,300 से अधिक लोग जूझ रहे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को बताया कि राजधानी कुनमिंग के जिनिंग जिले के डायनटो गांव में आग करीब चार बजे लगी। अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# इज़रायल पर ईरानी हमले के बीच जॉर्डन ने आपातकाल की स्थिति लागू की

एजेंसी

**अम्मान।** इजरायल पर ईरानी ड्रोन हमले के बीच जॉर्डन ने देश के सभी प्रांतों में आपातकाल की स्थिति लागू कर दी है। जॉर्डन के प्रसारक 'अल ममलका' ने एक सूत्र के हवाले से यह जानकारी दी। इसी दौरान एक समाचार एजेंसी ने सूत्रों का हवाला देते हुए बताया कि जॉर्डन के सशस्त्र बलों को 'हाई अलर्ट' पर रखा गया है,जिसमें रडार सिस्टम से ईरान द्वारा लॉन्च किए गए ड्रोन की गतिविधि पर निगरानी शामिल है।

# दुनिया को मध्य पूर्व में नए गंभीर संकट का सामना करना पड़ सकता है: संयुक्त राष्ट्र में रूसी दूत



एजेंसी

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र (संरा) में रूसी उप स्थायी प्रतिनिधि दिमित्री पॉलियान्स्की ने कहा कि दुनिया संभावित रूप से मध्य पूर्व में एक नए गंभीर संकट का सामना कर रही है, जिसका परिणाम इसमें शामिल पक्षों के अगले कदम पर निर्भर करता है। पॉलीस्की ने टेलीग्राम पर कहा, अब हमारे सामने संभावित रूप से मध्य पूर्व में एक नया गंभीर संकट है। सब कुछ शामिल पक्षों के अगले कदम या उनकी अनुपस्थिति पर निर्भर करता है।उन्होंने यह भी पुष्टि की कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक होगी।

# शादीशुदा अमेरिकी टीचर कार में स्टूडेंट के साथ सेक्स करते पकड़ी गई, गिरफ्तार

एजेंसी

**न्यूयॉर्क।** शादीशुदा अमेरिकी टीचर कार में स्टूडेंट के साथ सेक्स करते पकड़ी गई, गिरफ्तार 7 सुश्री साविकी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया और हिरासत में ले लिया गया। न्यूयॉर्क पोस्ट की एक रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राज्य अमेरिका के न्यू जर्सी में एक शिक्षक पर इस साल कई मौकों पर असुरक्षित वन्यजीव प्रबंधन क्षेत्र में एक छात्र का यौन उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया है।

जेसिका साविकी ट्रेंटन के हैमिल्टन हाई स्कूल वेस्ट में 37 वर्षीय अंग्रेजी शिक्षिका हैं। उस पर सेकेंड-डिग्री यौन उत्पीड़न के पांच मामले और बच्चे के कल्याण को खतरे में डालने के सेकेंड-डिग्री के पांच आरोप लगाए गए हैं। अधिकारियों के अनुसार, सुश्री साविकी और स्कूली छात्रा को न्यू जर्सी मछली और वन्यजीव निरीक्षकों ने रविवार को 'कपड़े उतारे हुए अवस्था में' पाया था।

न्यूयॉर्क पोस्ट द्वारा प्राप्त संभावित कारण के एक हलफनामे के अनुसार, सुश्री साविकी ने कथित तौर पर जांचकर्ताओं को स्वीकार किया कि दिसंबर से 6,393 एकड़ के राज्य के स्वामित्व वाले वन्यजीव प्रबंधन क्षेत्र में उनके और लड़के के बीच 'असुरक्षित' संभोग के कम से कम पांच मामले थे। दस्तावेजों में कहा गया है कि दोनों ने छात्र की कार की पिछली सीट पर सेक्स किया था।

विशेष रूप से, किशोर का वर्णन 'कम से कम 16 वर्ष का लेकिन अभी 18 वर्ष का नहीं' बताया गया था। अधिकारियों ने बताया कि सुश्री साविकी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया गया और हिरासत में ले लिया गया और अगले सप्ताह हिरासत



की सुनवाई होने तक उन्हें अभी भी मॉनमाउथ काउंटी सुधार संस्थान में रखा जा रहा है। स्कूल डिस्ट्रिक्ट की वेबसाइट पर एक बयान में कहा गया है कि सुश्री साविकी को उनके 41,000 प्रति वर्ष के रोजगार से प्रशासनिक अवकाश पर रखा गया था। इसमें कहा गया, 'इकट्ठी की गई जानकारी के परिणामस्वरूप, स्कूल जिले ने उस व्यक्ति को प्रशासनिक छुट्टी पर रखने के लिए तत्काल कार्रवाई की। हमारे जिले ने जांच के दौरान अभियोजक के कार्यालय के साथ पूरा सहयोग किया और आवश्यकतानुसार ऐसा करना जारी रखेगा। कथित घटना एक स्कूल जिले के रूप में हमारे पेशेवर मानकों के खिलाफ है और एक कर्मचारी के व्यक्तिगत आचरण के लिए हमारी अपेक्षाओं से बहुत दूर है।

हमें ऐसे किसी भी कार्य के प्रति कोई सहनशीलता नहीं है जो हमारे छात्रों को नुकसान पहुंचाता है या संभावित रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। एक स्टाफ सदस्य की हरकतें हमारे पूरे स्कूल समुदाय की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रतिनिधित्व नहीं करती हैं। इस समय ऐसा कोई संकेत नहीं है कि कोई भी कथित कार्रवाई स्कूल की संपत्ति पर हुई हो,'हैमिल्टन टाउनशिप स्कूल डिस्ट्रिक्ट के प्रिंसिपल ब्रायन स्मिथ और अधीक्षक स्कॉट रोक्को ने कहा।आउटलेट के अनुसार, गिरफ्तारी के बाद शिक्षिका की प्रोफाइल को स्कूल वेबसाइट शिक्षक निर्देशिका से हटा दिया गया था। इससे पहले, इसमें उल्लेख किया गया था कि वह सात साल से स्कूल में काम कर रही थी। उसके अब हटाए गए प्रोफाइल पेज पर कहा गया है, 'मुझे वास्तव में यहां के छात्रों को जानने और अपने भविष्य के लिए प्रयास करते समय खुद का सर्वश्रेष्ठ संस्करण बनने में मदद करने में आनंद आता है।'

# काठमांडू का ठमेल और दरबारमार्ग क्षेत्र 24 घंटे रहेगा खुला

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के नए साल के पहले दिन से पर्यटकों की पहली पसन्द रहे काठमांडू का सर्वाधिक व्यस्त रहने वाला ठमेल और दरबारमार्ग 24 घंटे खुला रहेगा। काठमांडू आने वाले भारत समेत अन्य सभी देशों के पर्यटकों की पहली पसन्द में ठमेल और दरबारमार्ग आज (शनिवार) से 24 घंटे खुला रहेगा। गृहमंत्रालय ने एक सूचना सार्वजनिक करते हुए इन दोनों क्षेत्रों को 24 घंटे खोलने की अनुमति देने की जानकारी सार्वजनिक की है।



काठमांडू के ठमेल में नेपाल के मौलिक बाजार के साथ ही मनोरंजन के लिए सैकड़ों की संख्या में नाइट क्लब, डांस बार, डिस्को, पब, रेस्टोरेंट होने के कारण पर्यटकों की पहली पसन्द है। ठमेल में ही सबसे अधिक होटल भी है। इसी तरह नेपाल के पुराने राजदरबार के सामने रहे दरबारमार्ग में भी रहे नाइट क्लब, डिस्को, कैसिनो, डांसबार होने कारण 24 घंटे खुला रखने को कहा गया है। ठमेल में रहे एलओडी दुनिया के 50 सर्वश्रेष्ठ नाइट क्लब में से एक है।

काठमांडू पुलिस ने 24 घंटे ही खुले रहने वाले ठमेल और दरबारमार्ग के लिए विशेष सुरक्षा योजना बनाई है। काठमांडू के प्रमुख जिलाधिकारी जीतेन्द्र बस्नेत ने बताया कि इन दोनों क्षेत्रों में सभी व्यवसायों को 24 घंटे खोलने के लिए और पर्यटकों के आवागमन को देखते हुए टूरिस्ट पुलिस को तैनात किया गया है। इन क्षेत्रों में रहने वाले आम नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो, इसका भी विशेष ध्यान दिया गया है। बस्नेत ने बताया पुलिस की एप पर टूरिस्टों के लिए सभी प्रकार की जानकारी दी गई है।

# ईरान द्वारा ड्रोन हमले शुरू,अमेरिका ने इज़राइल के लिए 'आयरनक्लाड' समर्थन घोषणा की

एजेंसी

